e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 212
शुक्रवार
04.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

यदि आप कोशिश करते हो और कुछ भी हासिल नहीं होता तो उसमें आपकी कोई गलती नहीं है। लेकिन यदि आप जरा भी कोशिश नहीं करते और हार जाते हैं तो इसमें पूरी आप की ही गलती है।

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को मिला एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार दिया है। उनका कार्यकाल 30 अगस्त को समाप्त होने जा रहा था। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने 1982 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी गौबा के एक साल के सेवा विस्तार को मंजूरी प्रदान की है। गौबा को लगातार तीसरी बार सेवा विस्तार दिया गया है। वर्ष 2019 में उनकी नियुक्ति दो वर्षों के लिए की गई थी। इसके बाद 2021 और अगस्त 2022 में उन्हें सेवा विस्तार दिया गया था।

### हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़ा आतंकी अहमद रजा गिरफ्तार

**मुरादाबाद/सहारनपुर:** उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) सहारनपुर इकाई ने गुरुवार को हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े आतंकी अहमद रजा उर्फ शाहरुख उर्फ मोहीउद्दीन को गिरफ्तार किया है। एटीएस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक अहमद रजा हिजबुल मुजाहिदीन एवं पीर पंजाल तंजीम के सीनियर एवं जम्मू कश्मीर निवासी मुजाहिद फिरदौस के संपर्क में था। वो दो बार श्रीनगर, अनंतनाग में ट्रेनिंग लेने गया था। अपने आतंकी मंसूबों को पूरा करने के लिए ये, अहसान गाजी की मदद से अफगानिस्तान जाकर बद्री कमांडो बनना चाहता था। वह भारत के संविधान और यहां की सरकार को नहीं मानता है। वो भारत में शरिया कानून लागू कराने के लिए हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन से जुड़ा था। वह सोशल मीडिया पर लगातार जेहादी पोस्ट शेयर कर रहा था। उसके मोबाइल से हथियारों की फोटो, जिहादी वीडियो मिली हैं। एटीएस अब रजा को कोर्ट के समक्ष पेश कर रिमांड पर लेने के लिए अर्जी डालेगी। साथ ही उसके पास से मिले मोबाइल डाटा रिट्रीव करेगी। इसके बाद ही एटीएस जम्मू कश्मीर के फिरदौस को गिरफ्तार करेगी।

### आप सांसद सुशील कुमार रिंकू लोकसभा से निलंबित

**नई दिल्ली :** लोकसभा से गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार 'रिंकू' को अनुचित व्यवहार के कारण सत्र की शेष अवधी के लिए निलंबित कर दिया गया। सांसद रिंकू ने सदन के बीचों बीच आकर विधेयक की प्रति फाड़कर आसन की ओर फेंकी थी। आप सांसद के इस आचरण पर आपत्ति जताते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने उन्हें निलंबित किए जाने का प्रस्ताव किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हाल ही में सदन में पहुंचे सदस्य ने गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पर वोटिंग के दौरान जब विपक्षी सांसद सदन ने वॉकआउट कर रहे थे तभी सांसद रिंकू ने सत्ता पक्ष के सांसदों और लोकसभा अध्यक्ष के आसन की ओर कागज फाड़कर फेंका और संसद से बाहर निकल गए।

### नवी मुंबई में तीन बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई :** एंटी टेररिस्ट स्कॉड (एटीएस) की टीम ने नवी मुंबई में तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार एटीएस टीम को नवी मुंबई के खारघर में स्थित ओवेगांव में बांगलादेशियों के रहने की जानकारी मिली थी। इसी आधार पर एटीएस टीम ने गुरुवार को ओवेगांव में जाल बिछाकर तीनों को गिरफ्तार किया। इन तीनों की पहचान कमाल अहमद खान (36), आलिम यूनुस शेख (40) और बादल मोइनुद्दीन खान (38) के रुप में हुई है।

### वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी हुआ नोटिफिकेशन

# लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर केंद्र सरकार ने लगाया बैन

*** मेक इन इंडिया के लिए मोदी सरकार ने लिया कड़ा व बड़ा फैसला**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर बैन लगा दिया. इस संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है.डीजीएफटी के मुताबिक,इन प्रतिबंधित आइटम्स के आयात के लिए वैध लाइसेंस के तहत अनुमति दी जाएगी. सरकार की मेक इन इंडिया पहल के बीच लिया गया ये एक बड़ा निर्णय है. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नोटिफिकेशन के मुताबिक, एचएसएन 8741 के तहत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर का आयात तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है. इन प्रतिबंधित सामानों के आयात की अनुमति वैध लाइसेंस के तहत ही दी जाएगी. इसमें ई-कॉमर्स पोर्टल अथवा पोस्ट या कूरियर के माध्यम से खरीदे गए कंप्यूटर भी शामिल हैं. इन सामानों का आयात लागू शुल्क के भुगतान के अधीन होगा.

### बैगेज नियमों के तहत लागू नहीं होगा बैन

सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े इन सामानों को लेकर यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है,जबकि देश में मेक इन इंडिया पर जोर दिया जा रहा है. नोटिफिकेशन में कहा गया है कि यह प्रतिबंध समय-समय पर संशोधित बैगेज नियमों के तहत आयात पर लागू नहीं होगा. दरअसल, भारतीय सीमा में प्रवेश करने या देश से बाहर जाने वाले प्रत्येक यात्री को सीमा शुल्क के तहत गुजरना पड़ता है.

**ई-कॉमर्स पोर्टल अथवा पोस्ट या कूरियर के माध्यम से खरीदे गए कंप्यूटर भी शामिल हैं.**

### लोकल मैन्युफैक्चर्स को होगा फायदा

मेक इन इंडिया मुहिम के बीच में सरकार की ओर से लिए गए इस फैसले से लोकल मैन्युफैक्चर्स के साथ ही ऐसी विदेशी कंपनियों को भी फायदा होगा, जो देश में यूनिट लगातार प्रोडक्शन कर लोकल सप्लाई और दूसरे देशों को ये सामान निर्यात कर रहे हैं. इसके अलावा इस कदम का असर इंडियन इकोनॉमी पर भी देखने को मिलेगा, क्योंकि ट्रेड डेफिसिट में कमी आएगी.

### आयात के लिए लगाई गई ये शर्त

वाणिज्य मंत्रालय की ओर से साफ कर दिया गया है कि सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए गए इन इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स को इस शर्त के साथ आयात की अनुमति दी जाएगी कि आयातित सामान का उपयोग केवल बताए गए उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा. यानी इन्हें बेचा नहीं जाएगा. इसके साथ ही उक्त प्रोडक्ट का उद्देश्य पूरा होने के बाद या तो उपयोग से परे नष्ट कर दिया जाएगा या फिर से निर्यात किया जाएगा.



# सीएम ने अब दिखेगा खबर का किया विमोचन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड एकता मंच मुंबई के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे झारखंड के प्रवासी मजदूरों के हित और कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं और झारखंड के विकास एवं तरक्की में हर संभव सहयोग करने के इच्छुक हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंडी एकता मंच की पत्रिका अब दिखेगा खबर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में फिरोज आलम अंसारी, शमशेर आलम, हरप्रीत बराइट,राजेश शर्मा, ताज हसन अंसारी और असलम अंसारी विशेष रुप से शामिल थे। इधर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला परिषद, गढ़वा के सदस्यों ने सीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला परिषद को और सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और सदस्य अर्चना प्रकाश,शर्मा रजनी,शंभू चंद्रवंशी, धर्मराज पासवान और अजय चौधरी शामिल थे। साथ ही झारखंड विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण पर आए आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची के विद्यार्थियों ने भी सीएम से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि युवा पीढ़ी पर देश और राज्य का भविष्य निर्भर करता है। आप सभी ने आज लोकतंत्र के मंदिर कहे जाने वाले विधानसभा की कार्यवाही देखी। आप जैसे युवाओं से उम्मीद है कि लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**सीएम से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में फिरोज आलम अंसारी, शमशेर आलम, हरप्रीत बराइट, राजेश शर्मा, ताज हसन अंसारी व असलम अंसारी विशेष रुप से शामिल थे।**

# विधायक इरफान अंसारी की टिप्पणी पर बवाल



**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के द्वारा आदिवासियों पर की टिप्पणी ने झारखंड की राजनीति में भूचाल आ गया है. झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आदिवासियों से माफी मांगने को कहा.अपनी हाथों में तख्ती लेकर विधानसभा पार्टिको में नारेबाजी कर रहे भाजपा विधायकों ने इस दौरान इरफान अंसारी पर कार्रवाई करने की मांग की. अपने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर विधायक इरफान अंसारी के द्वारा की गई टिप्पणी से आहत भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कांग्रेस विधायक पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि जिस तरह से सदन के अंदर इरफान अंसारी ने आदिवासियों पर जो बयान दिया है, वह कहीं से भी उचित नहीं है. इसके लिए उन्हें राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए. विधायक अमित मंडल ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि इतना हल्का और अव्यावहारिक बात बोल कर इरफान अंसारी ने सभी मर्यादा को तार-तार कर दिया है. विधायक नीरा यादव ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह से इरफान अंसारी लगातार बेतुकी बात बोलकर मीडिया की सुर्खियों में रहना चाहते हैं, वह किसी विधायक को शोभा नहीं देता है. उन्हें पता नहीं है कि बाबूलाल मरांडी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं. ऐसे में उन पर इस तरह की टिप्पणी कर राज्य के आदिवासी समाज को अपमानित करने का काम उन्होंने किया है.

# नेहरू, पटेल व अंबेडकर ने किया था दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का विरोध : अमित शाह

**लोक सभा में पास हुआ दिल्ली सेवा बिल**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली सेवा बिल लोकसभा में ध्वनिमत से पास हो गया है. वोटिंग के दौरान विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया. वोटिंग के दौरान जब स्पीकर ओम बिरला बोल रहे थे तब आप सांसद सुशील कुमार रिंकू ने सत्ता पक्ष के सांसदों पर कागज फाड़कर फेंका. इसके लिए सुशील कुमार रिंकू को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है. सुशील कुमार रिंकू आम आदमी पार्टी के लोकसभा में एक मात्र सांसद थे.

बिल पास होने के बाद लोकसभा स्थगित कर दिया गया है. इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का विरोध जवाहर लाल नेहरू, अंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल ने भी किया था. अमित शाह ने कहा, जब विधेयक पेश किया गया तो कुछ विरोध हुआ. विधायी क्षमता पर सवाल उठाया गया. कहा गया कि यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है.

अमित शाह ने कहा कि मैं विपक्षी सांसदों से कहना चाहता हूं कि आपने वही पढ़ा है जो आपके अनुकूल हो. आपको निष्पक्षता से सारी बातें सदन के सामने रखनी चाहिए. केंद्र को दिल्ली के संबंध में कानून बनाने का पूरा अधिकार है.अमित शाह ने कहा, यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संदर्भित करता है जो कहता है कि संसद को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से संबंधित किसी भी मुद्दे पर कानून बनाने का अधिकार है.

### बीजेपी-कांग्रेस के बीच इस मुद्दे पर कभी झगड़ा नहीं हुआ : शाह

शाह ने कहा कि 1993 में से मुद्दा है. लेकिन कभी केंद्र और राज्य सरकार के बीच में परेशानी नहीं आई. सेंटर में कभी बीजेपी की सरकार रही, तो राज्य में कांग्रेस की रही. सेंटर में कभी कांग्रेस की रही तो दिल्ली में बीजेपी की रही. तब कभी झगड़ा नहीं हुआ. बीजेपी ने कांग्रेस के साथ झगड़ा नहीं किया. कांग्रेस ने बीजेपी के साथ कोई झगड़ा नहीं किया.

# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में होगा आदिवासी संस्कृति का समागम

*** आदिवासी फिल्म और फैशन शो का होगा प्रदर्शन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड समेत पूरे देश की आदिवासी संस्कृति, परम्परा, वेशभूषा और खानपान का अनोखा संगम 9 एवं 10 अगस्त को आयोजित झारखण्ड आदिवासी महोत्सव -2023 में देखने को मिलेगा। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, आसाम, आंध्रप्रदेश, ओड़िसा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परम्परा और संस्कृति से राज्यवासियों को रूबरू कराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नागपुरी, सराइकेला छऊ, डोमकच, पायका समेत अन्य नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जाएगी।

**विचार-विमर्श और सेमिनार भी होगा**

एक ओर जहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे वहीं दूसरी ओर,



आदिवासी भाषा के समक्ष चुनौती और अवसर, आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमिता, जनजातीय व्यंजनों का विपणन, कृषि पारिस्थितिकी की प्रासंगिकता और महत्व समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा और परिचर्चा का आयोजना होगा। सेमिनार के जरिए आदिवासी इतिहास, मानवशास्त्र, आदिवासी अर्थव्यवस्था एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना, जनजातीय साहित्य-काल्पनिक और गैर-काल्पनिक जैसे विषयों पर लोग अपनी बातों को रखेंगे।

**फिल्मों का प्रदर्शन होगा और रैली निकाली जाएगी**

महोत्सव में 32 ट्राइब्स की रीझ रंग रसिका रैली निकाली जाएगी।ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल का भी आयोजन होगा। जिसमें पहाड़ा, एड्पा काना, डीबी दुर्गा, बरदु, रवाह, सोंधैयानी, अबुआ पायका, द वॉटरफॉल, बैकस्टेज, सम स्टोरीज अराउंड विचेज, लाको बोदरा, छैला, द अगली साइड ऑफ ऑफ ब्यूटी, बंधा खेत, बठुन्दी, अजतान्त्रिक जैसी फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त ड्रोन शो, लेजर शो, आतिशबाजी और ट्राइबल फैशन शो का भी आयोजन होगा। दो दिनों तक आयोजित इस महोत्सव में 32 स्टाल आदिवासियों के होंगे। जो अलग - अलग आदिवासी समुदाय को रिप्रेजेंट करेंगे। साथ ही, विभिन्न विभागों और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के भी स्टाल लगाए जायेंगे।

*** महोत्सव में 32 ट्राइब्स की रीझ रंग रसिका रैली निकाली जाएगी**

# मणिपुर के बिष्णुपुर में फिर भड़की हिंसा, 17 लोग घायल

**एजेंसी**

**फाल** : मणिपुर से रुक-रुककर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। ताजा हिंसा बिष्णुपुर जिले में हुई है। गुरुवार को कांगवई और फौगाकचाओ इलाके में हिंसा भड़की है। बताया जा रहा है कि कुछ प्रदर्शनकारी और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हालात पर काबू करने के लिए सेना और आरएएफ के जवानों ने आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान 17 प्रदर्शनकारी घायल हो गए। उधर, जिला प्रशासन ने इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम से कर्फ्यू में ढील को वापस ले लिया है। एहतियात के तौर पर पूरे इंफाल घाटी में रात के कर्फ्यू के अलावा दिन के दौरान भी प्रतिबंध लगा दिया है। उधर, मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर विपक्षी दलों का संसद में हंगामा जारी है। गुरुवार को भी विपक्षी दलों ने संसद में जमकर हंगामा और नारेबाजी की। हंगामे के चलते संसद की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा।



# उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की समीक्षा की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभी वार्डन के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी वार्डन से प्रतिदिन उनका अटेंडेंस रिपोर्ट लेने हेतु निर्देश दिया साथ ही विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, बिजली, पानी, बेंच, कुर्सी इत्यादि की व्यवस्था को दरुस्त रखने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि बालिकाओं की पढ़ाई किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए यह सभी वार्डन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि या जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी निरीक्षण हेतु जाएं तो भी उस स्थिति में शिक्षिकाएं पढ़ाई को बाधित नहीं करें यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए.ऐसे परिस्थिति में कक्षा के बाद उनको एंटरटेन किया जाना चाहिए। उन्होंने कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत बालिकाओं की शत-प्रतिशत बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही.इस दौरान कई वार्डन ने कहा कि जब बालिकाओं का स्वास्थ्य खराब होता है तो कई बालिकाएं विद्यालय से अपने घर को चली जाती है इसपर उपायुक्त ने मेडिकल टीम से सभी का जांच करवाने पर बल दिया.उन्होंने पाठ्यक्रम को ससमय पूर्ण कराने पर बल दिया। **कस्तूरबा विद्यालयों में ओपन डाउट सेशन कराने के निर्देश :** उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में सभी विद्यालयों में ओपन डाउट सेशन का आयोजन किया जायेगा जिसमें जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी बालिकाओं संग संवाद कर पढ़ाई से संबंधित उनके डाउट्स को क्लियर करने का प्रयास करेंगे। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को समन्वय बनाते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी वार्डन को विद्यालयों में उच्चतम साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने कई अन्य निर्देश दिए.मौके पर उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त रवि प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# झारखंड पेंशनर कल्याण समाज ने उपायुक्त का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखड़ पेंशनर कल्याण समाज की पलामू इकाई ने सचिव किशोरी जयसवाल और अध्यक्ष रामचंद्र राम की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल जिले के नए उपायुक्त शशि रंजन को बुके देकर स्वागत किया।और जिले में विकास कार्य तेजी से कराने की अपील किया। मौके पर पेंशनर समाज की समस्याओं से अवगत कराया। श्री जयसवाल ने उपायुक्त को शहर की कई महत्व समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपायुक्त श्री रंजन को पेंशनरों की समस्याओं से संबंधित छह सूत्री मांग पत्र सौंपा जिसमें सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद पेंशनरों के बकाया का भुगतान कराने, अंचल कार्यालय में व्यायपात भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, प्रत्येक माह में एक दिन स्वास्थ्य शिविर लगाकर पेंशनरों की जांच कराने, सहित कई मांग शामिल हे। इस मौके पर मथुरा गांव अवधेश कुमार, राम रेखा सिंह, शामिल थे।

# कृषि विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को किया गया जागरूक



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर कृषि विभाग के आत्मा द्वारा बघमनवा व गुरहा कला पंचायत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को कई योजनाओं व फसलों के बारे में जागरूक किया गया.नुक्कड़ नाटक का आयोजन मेदिनीनगर के मनीषा कला दल द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक व गीत कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अच्छी खेती, मोटे अनाज, श्री अन्न, कृषि ऋण माफी, पीएम किसान, पीएम कुसुम सहित विभाग द्वारा संचालित कई योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक करने का प्रयास किया गया। एटीएम शशि रंजन ने बताया कि किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतो में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। आज बघमनवा व गुरहा कला पंचायत में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मौके पर युवा समाजसेवी मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# जैसा जीव अपराध करता है, कर्म करता है, उसके अनुसार उस उस तरीके से दण्ड दिया जाता है : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अलग-अलग कर्मो के अनुसार अलग- अलग दण्ड भोगना पड़ता है। जैसा जीव अपराध करता है, कर्म करता है, उसके अनुसार उस उस तरीके से दण्ड दिया जाता है. दण्ड का प्रावधान किया जाता है. यदि हमारे द्वारा अपचार हो जाए, अपराध हो जाए तो समय रहते उसका प्रायश्चित कर लें. यदि प्रायश्चित नही करते हैं तो बाद में उस पाप का, अपराध का दण्ड भोगना पड़ता है। वहीं व्यक्ति अपने जीवन में दण्ड का अपचार हो गया,अगर उस व्यक्ति ने मार्जन नही किया तो नरक में जाता है। उक्त बातें प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि शास्त्रों मे बताया गया है कि दक्षिण दिशा की ओर घर का दरवाजा नही बनाना चाहिए, क्योंकि दक्षिण दिशा की ओर ही नरक है. प्रायः लोग दक्षिण दिशा की ओर मुख्य दरवाजा नही रखते हैं, जिनके पास जमीन कम है,मजबूरी है कि दरवाजा दक्षिण की ओर हीं रखेंगे वह परमात्मा का नाम लेकर हीं आते जाते हैं.नही चाहने के बाद भी मच्छर जैसे जीव मार दिए जाते हैं उनका प्रायश्चित हो जाता है। हमारे द्वारा मक्खी, खटमल, मच्छर, नही चाहते हुए भी मार दिए जाते हैं, पाप हो जाता है, हमारा उद्देश्य उनको मारने में नही था, परेशान करने में नही था. खेती कर रहे हैं. अनेक प्रकार के जीव को नही चाहते हुए भी मार दिया जाता है।

# छतरपुर प्रखंड सभागार में बीस सूत्री की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** प्रखंड कार्यालय छतरपुर के सभागार में बीस सूत्री की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह के द्वारा की गई बैठक में क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर गहमागहमी रहा वहीं 20 सूत्री उपाध्यक्ष चंदन सिन्हा ने बताया कि छतरपुर एम0ओ0 निर्मल सिंह के खिलाफ कार्रवाई हेतु विभाग एवं सरकार को लिखने का निर्णय लिया गया ज्ञात हो कि पहले बैठक में निर्मल सिंह के द्वारा आम जनता को अनपढ़ गवार एवं दूसरे बैठक में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ाने का वक्तव्य दिया गया था साथ ही तीसरे बैठक में बिना कारण बताए अनुपस्थित रहने एवं सही रिपोर्टिंग नहीं लेने के कारण ऐसा निर्णय लिया गया खेती बारी के समय रहने के कारण प्रखंड कृषि पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया के किसी भी हालत में किसानों को सरकारी मूल्य से अधिक मूल्य पर यूरिया नहीं मिलना चाहिए इसके लिए कृषि मित्रों को हरेक खाद बीज दुकानों पर नियुक्त करने का आदेश दिया गया है मनरेगा के तहत वर्ष 2021 से लेकर अब तक के सभी कुओं की जांच कर वस्तु स्थिति बीस दिनों के अंदर अवगत कराने का आदेश दिया गया सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के तहत कुछ ऐसे आवेदक थे जिनका उम्र आवेदन करते समय 19 वर्ष से कम था लेकिन सरकार को रिपोर्ट भेजते वक्त 19 वर्ष से अधिक हो गया जिससे संबंधित कार्रवाई हेतु सीडीपीओ को आदेश देते हुए भुगतान सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। सिन्हा ने कहा कि किसी भी हालत में जनता को सरकार द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, फिरदोस आलम, मुस्ताक अहमद, रिंकी देवी, अनिल सिंह, दुलारी देवी के साथ सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाबा धाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना, मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी प्रवीण करा रहा तीर्थाटन

**➲अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित, मंदिर निर्माण में एक लाख का किया सहयोग**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के बरिगावां गांव से गुरुवार को कांवरियों की जत्था देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व गांव के शिव मंदिर में सभी श्रद्धालु कांवरियों की ओर से पूजा अर्चना की गई। जहां भगवान भोलेनाथ की जय कारों से क्षेत्र गूंज उठा। कांवरियों के जत्था ने गांव का भ्रमण कर ग्राम देवता की भी पूजा अर्चना की। साथ ही कांवरियों से भरा बस बाबा धाम के लिए निकल पड़ा। सावन माह में बाबा धाम देवघर तीर्थाटन मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी प्रवीण मिश्रा के द्वारा कराया जा रहा है। जो स्वयं कांवरियों के साथ देवघर तक भगवत भजन करते हुए जलाभिषेक करेंगे। सभी कांवरियों को मंगलमय यात्रा की शुभ कामना करते हुए कहा कि बाबा भोले नाथ की भक्ति से शक्ति मिलती है। भक्ति से मिले शक्ति का सदुपयोग करते हुए समाज व राष्ट्र का भला करने का प्रयास करें। कहा कि बाबा धाम में पूजा अर्चना कर गांव, पंचायत, प्रखंड सहित प्रदेश में हरियाली व खुशहाली व आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना की जाएगी। कहां की पंचायत क्षेत्र का समग्र विकास व लोगों में अमन चैन खुशहाली उनकी पहली प्राथमिकता है। जिसे लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। पंचायत क्षेत्र के बुजुर्गों को तीर्थाटन कराया जाएगा। मौके पर डबल पांडेय, पिंटू पांडेय, विक्की दुबे दीपक दुबे उस दुबे सहित श्रद्धालुओं की टीम मौजूद थी।

# केतार थाना प्रभारी ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने गुरुवार को केतार थाना क्षेत्र के सर्टिफिकेट केस ऋणी वारंटी राजकुमार ठाकुर पिता लल्लू ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार पिता जयप्रकाश गुप्ता, प्रमोद कुमार मेहता पिता रामकेश मेहता तीनो ग्राम पंचायत केतार निवासी को गिरफ्तार कर उपस्थापन हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी श्री बंशीधर नगर को भेज दिया गया है।

# पलामू के नए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह को आयुष ने किया स्वागत



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के नए सिविल सर्जन अनिल कुमार सिह को बनाए जाने पर आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी चिकित्सकों ने खुशी जाहिर करते हुए डॉ अनिल कुमार सिंह को सिविल सर्जन को पद भर ग्रहण करने पर उनके कार्यालय में गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और बताया कि ने सिविल सर्जन अगुवाई में पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग बेहतर कार्य करेगा जिसमे डॉश संतोष कुमार रवि, डॉश अरविंद कुमार, डॉश विद्या भूषण कुमार, डॉश शमशाद आलम आदि शामिल रहे।

# आत्मा के द्वारा पिपरा में कराया गया नुक्कड़ नाटक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा में आत्मा के द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीत कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ नाटक स्थल पर लग गई थी. नाटक एवं गीत के माध्यम से कलाकारों ने किसानों को जागरूक करने का प्रयास किया. बीटीएम पिपरा संजय कुमार ने बताया कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा किसानों के हितार्थ चलायी जा रही योजनाओं एवं नई तकनीकों की जानकारी लोगों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचे उसी को लेकर यह आयोजन कराया गया था। मासूम आर्ट ग्रुप मेदिनीनगर के द्वारा यह प्रस्तुति दी गई थी। जो भी किसान केसीसी लोन लिए हैं उसका केवाईसी जल्द से जल्द करा लें। जिसका भी प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का पैसा आना बंद हो गया हो वह व्यक्ति प्रखंड कार्यालय में आकर मुझसे संपर्क करें। मौके पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य लाल बहादुर सिंह पंचायत समिति प्रतिनिधि रवि रोशन पशुपालन विभाग से संजय सिंह उमेश सिंह सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

# जिला कल्याण पदाधिकारी ने उन्नत ग्राम योजना का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड के पिपरा गांव का दौरा कर उन्नत ग्राम योजना के तहत संचालित योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साइन बोर्ड, सोलर लाइट,डीप बोरिंग, सड़क, पानी टंकी निर्माण आदि कार्य की जांच की। जांच के क्रम में उन्होंने सार्वजनिक स्थल पर सोलर लाइट व पानी टंकी निर्माण कार्य पर संतोष जताया। इसके साथ ही उन्होंने कमेटी को गांव के प्रवेश द्वार पर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से प्राक्कलन के अनुसार साइन बोर्ड लगाने तथा योजना के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर कल्याण विभाग के जेई दिनेश प्रसाद झारखंड फ्रेंड्स फैमिली एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सेक्रेटरी अचिंत्य पलाधि, प्रबल डे, श्यामल महतो ग्राम कमेटी के अखिलेश पासवान, श्रीकांति देवी, अरविंद कुमार, रामकेवल पासवान, भीष्मदेव नारायण, रामजन्म राम, रामाशीष पासवान, ब्यास राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# बारिश के कारण खपरैल मकान गिरा मुखिया ने मदद का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव निवासी जुबरैल अंसारी व इजराइल अंसारी दोनों के पिता जमीर मियां का खपरैल मकान विगत रात्रि बुधवार को पानी रिसने को लेकर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर के सभी परिजन रात्रि में सो रहे थे तभी अचानक वर्षा के पानी घर मे प्रवेश कर गया जिससे मिट्टी की घर गिर गई। आनन फानन में घर मे प्रवेश की गई पानी को निकाला गया। परंतु घर मे पानी जाने से खाने पीने के समाग्री समेत कुछ कागजात भीग गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थनीय मुखिया प्रमोद कुमार पहुँच कर जानकारी ली तथा भुक्तभोगी जुबरैल अंसारी व इजराइल अंसारी को सरकारी प्रवधान के तहत हर संभव मदद दिलाने एवं करने की आश्वासन दिया।

# विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर 9 और 10 अगस्त को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह आयोजन खेल विभाग द्वारा राज्य के 21 जिलों में किया जाएगा। वहीं पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा. खेल कूद और युवा कार्य निदेशालय के निर्देश के साथ जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में खेल का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत एथेलेटिक्स, फुटबाल, तीरंदाजी और हॉकी जैसे खेल आयोजित होंगे।जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने बताया की जिला स्तरीय आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में अनुसूचित जनजाति के सभी आयु के खिलाड़ी भाग ले सकते है। खेल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक के मूल और फोटो कॉपी के साथ समाहरणालय स्थित जिला खेल कार्यालय में जाना होगा। जिसके लिए निर्धारित तिथि पांच अगस्त के शाम पांच बजे तक है। खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना है. वहीं टीम और खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि के बाद निबंधन नहीं हो सकेगा।

# निवर्तमान सिविल सर्जन को विदाई और नए सिविल सर्जन का स्वागत किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह के दूसरे जगह पर स्थानांतरण होने पर गुरुवार को सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में विदाई शह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग व जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से किया गया। सबसे पहले निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह को अंगवस्त्र देकर विदाई किया गया। वहीं नए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डीपीएम दीपक कुमार ने सदर अस्पताल के निवर्तमान सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में गरीब और असहाय लोगों का काफी मदद हुआ है और लोग इनके कार्यकाल से काफी खुश थे। सदर अस्पताल के नए सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने निवर्तमान सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह के किए गए कार्यों की सराहना की तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कई वक्ताओं ने कहा की दिन के बाद रात और रात के बाद दिन जैसे प्रकृति का विधान है। वैसे ही जिस सेवा में कोई आदमी अपना योगदान देता है तो सेवानिवृति की तिथि उसी दिन तय हो जाती है

# 29 मई को बेलचंपा, रेहला के पास ट्रांसमिशन लाइन का टावर गिरने की वजह बनी है यह स्थिति

**हरिहरगंज की बिजली व्यवस्था का एक सप्ताह में हो जायेगा समाधान : विधायक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज की बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह समेत पार्टी के पदाधिकारी सक्रियता के साथ जुटे हैं। एक ओर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड संचरण के प्रबंध निदेशक के के वर्मा व अविनाश कुमार प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य ऊर्जा निगम लिमिटेड वितरण से मिलकर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब हरिहरगंज की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि बेलचम्पा, रेहला के पास ट्रांसमिशन लाइन के दो टावर के गिर जाने की वजह यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर टावर के ठीक होने पर बिजली व्यवस्था में सुधार हो जाने का आश्वासन दिया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि वह क्षेत्र की एक एक समस्या के समाधान को लेकर लगातार प्रयासरत रहते हैं। यही वजह है की उनके कार्यकाल में धरातल पर विकास नजर आता है। जो लोग दुग्गी ड्रामा कर रहे हैं, वह जानता के हितैषी नहीं हैं। जनता को छलने का काम कर रहे हैं। उनकी चाल से जनता वाकिफ है। कुछ लोग विधायक बनने की आतुरता में भी हैं। मैदान में आएं जनता सबक सिखा देगी। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज -हुसैनाबाद की जनता जात पात की राजनीति को नकार चुकी है। अब क्षेत्र में विकास की राजनीति चल पड़ी है। विधायक ने हरिहरगंज व पिपरा के ग्रामीणों व नागरिकों को भरोसा दिलाया है की उनके रहते उन्हे परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनका भाई समस्याओं का समाधान कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। विधायक ने बताया कि उन्होंने हरिहरगंज के पार्टी पदाधिकारियों को झारखंड बिजली वितरण निगम के महाप्रबंधक से मेदिनीनगर में मिलने का निर्देश दिया था। पदाधिकारियों ने भी महाप्रबंधक से मिलकर हरिहरगंज व पिपरा की बिजली से संबंधित स्थिति से उन्हे अवगत कराया है। महाप्रबंधक ने एनसीपी के पदाधिकारियों को जानकारी दी है की 29 मई को बेलचम्पा और मेढना ट्रांसमिशन लाइन के 2 टावर गिर गए थे। उसके बाद यूपी रिहंद से बिजली आपूर्ति की जा रही है। टावर लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। बहुत जल्द भागोडीह से हरिहरगंज व पिपरा की बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा है डीप बोरिंग

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने निगम क्षेत्र में डीप बोरिंग कराने पर रोक लगाने की मांग की है। विदित है कि निगम क्षेत्र में लगातार अभी भी कुछ लोगों के द्वारा डीप बोरिंग कराया जा रहा है जिसका शिकायत आम जनता के द्वारा मुझे कराया गया जिसके बाद श्री तिवारी निगम क्षेत्र के कई इलाकों में दौरा किया में दौरा किया जहां पाया कि लोग अपने सुविधा के लिए डीप बोरिंग करा रहे हैं लेकिन डीप बोरिंग कराने से अगल-बगल के बोरिंग का जलस्तर सूखने का खतरा मंडराता रहता है ऐसी परिस्थिति में नगर आयुक्त से हम मांग करते हैं कि बोरिंग गाड़ियों को कड़ा निर्देश जारी करें कि किसी भी सूरत में डीप बोरिंग कराने पर उनको भारी-भरकम जुर्माना करके गाड़ी को सील किया जाएगा और कराने वाले व्यक्ति पर भी कार्रवाई की जाएगी। बयान जारी करने में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, आलोक कुमार तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, एवं प्रभु कुमार शर्मा आदि लोग थे।

# इरफान ने विस में आदिवासियों को स्मार्ट बोलने के मसले पर जताया खेद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को 11 बजे सत्र की शुरुआत के साथ भाजपा विधायक वेल में आकर कांग्रेस इरफान अंसारी द्वारा आदिवासी समाज और बाबूलाल मरांडी पर दिए गये बयान को लेकर विरोध जताते रहे। विधायक शशिभूषण मेहता के आचरण को लेकर स्पीकर बेहद आवेश में नजर आये। यहां तक कि मार्शल को उन्हें सदन से बाहर किए जाने तक को कह दिया। वे बार-बार भाजपा विधायकों से सीट पर जाने की अपील करते रहे।

नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन कोई अखाड़ा नहीं है। एक पल को आवेश में स्पीकर भी खड़े हो गये। उन्होंने कहा कि सदन में सदस्य हाथ उठाकर बात कर रहे जो ठीक नहीं। सदस्य बांह मोड़कर चले जाते हैं। वे आसन को चुनौती दे रहे हैं। उन्हें अपनी जगह पर बैठना चाहिये। गलत आचरण को बर्दाश्त करने की उनकी आदत नहीं है। बार-बार शोरगुल के बीच 11.25 पर स्पीकर ने सदन को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

इन सबके बीच विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि दो दिन पहले डिबेट के दौरान उन्होंने आदिवासियों के संबंध में जो कहा, उसे सदन ने स्पंज कर दिया था। आदिवासियों को उन्होंने कुछ नहीं कहा था। फिर भी वे खेद व्यक्त करते हैं। उनकी ऐसी भावना नहीं थी। वे आदिवासी समाज के बड़े हितैषी हैं। मध्य प्रदेश में पिछले दिनों एक आदिवासी युवक पर जिस तरह से पेशाब किया गया था, वे उसके लिए अपनी बात कह रहे थे। इससे पहले विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता का व्यवहार सदन में ठीक नहीं है। स्पीकर उन्हें दो दिनों के लिए निष्कासित कर दें।

सदन शुरू होने के बाद हंगामे के बीच भाजपा विधायक अनंत ओझा ने राज्य सरकार पर किसानों को ठगने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष बुधवार को किसान हित के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहा था आठ लाख उनचास हजार से अधिक किसानों को पीएम किसान राहत से वंचित रखा गया है और इसका झूठा आरोप केंद्र पर लगाया है। सच यही है कि केंद्र लगातार किसानों को मदद दे रहा है लेकिन राज्य सरकार लगातार गलत बयानी कर रही है। समीर कुमार मोहंती ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषाहार की राशि समय पर भेजे जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 86 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये पोषाहार के लिए अभी जारी किए गए है पर होना यह चाहिए कि नियमित समय पर यह राशि आवंटित हो।

उल्लेखनीय है कि अनुपूरक बजट पर कटौती प्रस्ताव पर दो दिनों पहले सदन में चर्चा के क्रम में इरफान ने बाबूलाल मरांडी को टारगेट करते कहा था कि कोई आदिवासी इतना स्मार्ट कैसे हो सकता है। इसे लेकर भाजपा के लोग उन पर सदन में और सदन से बाहर हमलावर हैं।

## विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री ने भी इरफान मामले पर जताया खेद, मांगी माफी



झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे जब सदन शुरू हुआ तो भाजपा विधायकों के शोर-शराबे के बीच स्पीकर ने सदन की कार्रवाई दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। मुश्किल से 10 मिनट से अधिक समय तक चली सदन की कार्यवाही में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने आदिवासी समाज को विधायक इरफान अंसारी द्वारा स्मार्ट बोले जाने के प्रकरण पर क्षमा मांग ली। साथ ही कहा कि सदन में विपक्ष जो आचरण दिखा रहा है, उसकी भी जांच हो।इस दौरान प्रदीप यादव ने भी भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के आचरण को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बांहें उठाकर वे ऐसा दिखा रहे हैं जैसे वे किसी अखाड़े में हों। उनकी हरकत के लिए भाजपा के सचेतक को भी माफी मांगनी चाहिए। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि बुधवार को सदन में जो कहा, उससे पूरे देश का एक समुदाय आहत हुआ है। राष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद पर आदिवासी महिला पहुंच चुकी है। बावजूद इसके इरफान ने आदिवासी समाज को जलालत भरे शब्दों में आहत किया है। स्पीकर ने इस बात को खत्म करने की अपील की लेकिन भाजपा विधायक इसे अनसुना करते रहे। इसी क्रम में आलमगीर आलम ने आक्रोश जताते कहा कि मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के साथ जो हुआ, मणिपुर की जो घटना हुई, उस पर भी भाजपा जवाब दे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी भाजपा पर आरोप लगाते कहा कि इरफान अंसारी और आलमगीर आलम ने माफी मांग ली फिर भी इस पर राजनीतिक रोटी सेंकी जा रही है। इसके बाद स्पीकर ने शून्यकाल की सूचनाएं लेनी शुरू की। विधायक अंबा प्रसाद ने उर्दू शिक्षकों की बहाली का मसला उठाया। उन्होंने कहा कि दो दशक से शिक्षकों की बहाली नहीं हो रही है। कई रिटायर हो गये। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में इनके पदों को घटा दिया गया। सरकार घटाये गये पदों को पूर्व की भांति यथावत करें। नियुक्ति भी करें।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे ट्रैक पर मिले युवक-युवती के शव की हुई पहचान

**रांची :** अरगोड़ा स्टेशन से सटे रेलवे ट्रैक के पास से बुधवार को मिले युवक और युवती के शव की शिनाख्त गुरुवार को हो गई। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि दोनों की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई थी। दोनों पति-पत्नी थे। दोनों की पहचान सुरेश महली और उसकी पत्नी काजल के रूप में हुई। दोनों लोहरदगा के रहने वाले थे। पहचान होने के बाद लोहरदगा से उनके परिजन रिम्स पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

### एटीएस ने माओवादियों के हथियार सप्लायर को दबोचा

**रांची :** झारखंड के आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने राज्य में माओवादियों और संगठित गिरोह के अपराधियों को हथियार और गोली सप्लाई करने वाले प्रभाकर को बिहार के नालंदा जिला स्थित पावापुरी से गिरफ्तार किया है। एटीएस के एक वरीय अधिकारी ने गुरुवार को गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इससे पहले एटीएस ने 13 जनवरी को प्रभाकर से हथियार और गोली खरीद कर झारखंड में सप्लाई करने वाले रवि प्रजापति को 150 राउंड जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। इसी केस के अनुसंधान के क्रम में प्रभाकर को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम पटना से प्रभाकर को लेकर रवाना हो चुकी है।




# राज्यपाल से ब्रह्मकुमारी निर्मला ने की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को रांची के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने राजभवन में मुलाकात की।

निर्मला बहन ने इस दौरान राज्यपाल को रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। दूसरी ओर राज्यपाल ने गुरुवार को डॉ. अरुण मिश्रा द्वारा रचित पुस्तक थैंक यू कैंसर के द्वितीय संस्करण का राजभवन में विमोचन किया। लेखक डॉ. अरुण मिश्रा स्वयं एडवांस स्टेज कैंसर मरीज रहे हैं।

# जिला स्कूल के कमरों में लगी आग बच्चे बाल-बाल बचे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के शहीद चौक स्थित शिक्षा का ऐतिहासिक मंदिर कहे जाने वाला जिला स्कूल के कमरों में आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेजी थी कि पूरे स्कूल में फैल गई। आग की लपटें धीरे-धीरे एक कमरे से दूसरे कमरे की तरफ फैलने लगी। बताया गया कि चार कमरे आग की लपेट में आकर कुर्सी,बेच,डेस्क,टेबल सब जलकर राख हो गया।

आग को देखते हुए आनन-फानन में सभी कक्षाओं से बच्चों को मुश्किल से बाहर निकाल ल गया । खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट हो नहीं सके कि आग कैसे लगी हालांकि जिस अपने हाथों से छानबीन कर रही है आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां आई थी लेकिन उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी आग बुझाने में।



# एनटीपीसी को उत्तरी धादु कोल ब्लॉक मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने कोयला मंत्रालय द्वारा हाल ही में संपन्न कोयला ब्लॉक नीलामी में उत्तरी धादु (पूर्व) कोयला ब्लॉक के लिए बोली जीती।कठोर प्रयासों और रणनीतिक योजना के बाद, एनएमएल ने झारखंड में उत्तरी धादु (पूर्व) कोयला ब्लॉक से कोयला विकसित करने और निकालने का अधिकार सुरक्षित कर लिया है, जिसमें 439 मिलियन टन का भंडार है और अधिकतम क्षमता 4 मिलियन टन प्रति वर्ष है। यह एनएमएल की पहली व्यावसायिक कोयला खदान होगी। यह सफल बोली एनएमएल के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा , जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, एनएमएल यह सुनिश्चित करेगा कि सभी खनन गतिविधियां उच्चतम सुरक्षा और स्थिरता मानकों का पालन करते हुए, पर्यावरण की देखभाल के साथ की जाएं। कोयला ब्लॉक नीलामी में सफल बोली, एनटीपीसी की मजबूत दृष्टि, दृढ़ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# राज्य के कई विभागों में पांच-छह वर्षों से एक ही जगह पर तैनात हैं कई कर्मचारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को सदन में बताया गया कि राज्यभर के प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, डीपीएलआर कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में कई कर्मचारी पांच-छह सालों से पदस्थापित हैं। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक बिरंची नारायण ने इसे लेकर जानकारी मांगी थी। बोकारो जिले में भी ऐसे मामलों को लेकर सदन से सूचना की मांग की थी। इस पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि पांच-छह सालों से एक ही कार्यालय में पदस्थापन की बात आंशिक तौर पर स्वीकारात्मक है। साल में दो बार ट्रांसफर किए जाने के प्रावधान और उसके अनुपालन मसले पर विभाग ने बताया कि नियमित जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की जाती है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यालय हित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग होती है।

जिले में ही एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में ट्रांसफर के मामले पर विभाग का कहना है कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है।

लंबे समय से कार्यरत कर्मियों के ट्रांसफर किए जाने के विचार पर विभाग ने कहा है कि आवश्यकतानुसार कार्यहित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग जिला स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर होता है। बोकारो सहित राज्यभर के दूसरे जिलों और विभागों में लंबे समय से जमे कर्मियों के बारे में बिरंची ने जानकारी मांगी थी।

साथ ही पूछा था कि जिला स्तर पर कर्मचारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग और प्रतिनियुक्ति जिला स्थापना की बैठक के निर्णय के आधार पर साल में दो बार होती है। इस व्यवस्था का पालन बोकारो में नहीं हो रहा है। ऐसे कर्मियों के बारे में भी पूछा था जिनका नियुक्ति काल से लेकर अब तक जिले के एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक में ट्रांसफर नहीं हुआ है।

# अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर कई संगठनों ने की बैठक

**पूरी घटना को सीएम हेमंत सोरेन को भी कराया गया है अवगत**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर मुस्लिम संगठनों, एवं समाजसेवी और अधिवक्ताओं के साथ एक अवामी बैठक हुई,जिसमें 10 जून की दुर्भाग्यपूर्ण घटना, अल्पसंख्यकों के संवैधानिक संस्थानों का योग्य व्यक्तियों के साथ अविलंब गठन पर चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य रूप से लोगों ने एक स्वर में कहा कि रांची में हुई 10 जून की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सिविलियन बनाम पुलिस हुई थी। मगर पुलिस ने मुस्लिम समाज को ही कटघरे में खड़ा कर दिया, अभी भी पुलिस का रवैया एकपक्षीय है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के 14 महीनें हो चुके है पर अभी तक जांच का भी अतापता नही है जो अब सार्वजनिक होनी चाहिए। इस पूरी घटना अन्य मामलों समेत मुस्लिम समाज की पीड़ा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मिलकर अवगत कराया जा चुका है। बैठक में अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष मोख्तार अहमद,महासचिव डॉ तारिक हुसैन, उपाध्यक्ष मो नौशाद,जमीतुल इदरीसीया चौरासी पंचायत,रांची के अध्यक्ष इस्लाम इदरीसी,जमीतुल राईन रांची के अध्यक्ष हाजी फिरोज,जमीतुल चिक पंचायत के अध्यक्ष मो नईम,जमीतुल गद्दी पंचायत के अध्यक्ष मेराज गद्दी, झारखंड मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष मो शाहिद अय्यूबी, आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी,अधिवक्ता अजहर खान, अधिवक्ता फैजुल रहमान, पत्रकार फिरोज जिलानी, सामाजिक कार्यकर्ता मो नेहाल,नदीम खान,मो जाहिद, अंजुमन के नूर आलम, मो नजीब,मो वसीम,साजिद उमर, सामाजिक कार्यकर्ता इम्तियाज सोनू,मो आबिद,मो फिरोज,कलीम खान, फैयाज गद्दी समेत अन्य शामिल थे।

# भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय के मामले में हस्तक्षेप करें मुख्यमंत्री : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में बने भगवान बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक संग्रहालय को तहस-नहस किए जाने के मामले पर रांची के सांसद संजय सेठ ने कड़ा एतराज जताया है। सांसद ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन पूरी तरह से आदिवासी विरोधी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड सहित देशभर में पूजे जाते हैं। ऐसे व्यक्तित्व के नाम पर बने संग्रहालय के साथ छेड़छाड़ करना, वहां तहस-नहस करना, यह राज्य सरकार की भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सोच को दर्शाने वाला है। सांसद ने इस मामले में सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप की मांग की है और कहा है कि कार्यक्रम के नाम पर संग्रहालय को बर्बाद करना कहीं से भी उचित नहीं है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय का लोकार्पण किया। यह संग्रहालय हमारे गौरव और आस्था का केंद्र है लेकिन दुर्भाग्य है कि राज्य की यूपीए सरकार उसे बर्बाद करने पर आमादा है। सांसद ने राज्य सरकार और प्रशासन पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार महापुरुषों के लिए कुछ कर नहीं सकती तो कम से कम जो अच्छा काम हुआ है, उसे बर्बाद तो मत करे।

# सुभाष मुंडा हत्या मामले में छोटू सहित तीन हिरासत में

**रांची।** बीते 26 जुलाई 2023 को दलादीली चौक में माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्या कर दी गई थी। सुभाष के हत्या में शामिल मास्टरमाइंड सहित कई अपराधियों को पुलिस ने हिरासत कर लिया है। बताया जा रहा है कि रांची के मशहूर झींगा बोस का बेटा छोटू को एक नीजि अस्पताल से हिरासत में लिया है। छोटू अपना बीपी का इलाज कराने पहुंचा था। सुभाष मुंडा की हत्या जमीन विवाद में की गई थी। दो करोड़ों रुपए की जमीन की डील को लेकर जमीन कारोबारी का माकपा नेता से विवाद था, इसकी पूरी प्लानिंग नगड़ी के ही एक जमीन कारोबारी ने की थी।

# इरफान अंसारी के बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है : आशा लकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और रांची की निवर्तमान महापौर डॉ आशा लकड़ा ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोली। आशा लकड़ा ने आदिवासी समाज और बाबूलाल मरांडी पर कांग्रेस के जामताड़ा से विधायक इरफान अंसारी द्वारा विधानसभा में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया दे रही थी। आशा लकड़ा ने कहा कि झारखंड आदिवासियों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है, लेकिन जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासियों के प्रति ओछी सोच रखते हैं। आदिवासी इतना तेज कैसे हो गए हैं हमको समझ नहीं आता। विधायक इरफान अंसारी के इस बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है। कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही जनजातीय समाज के प्रति विरोध है। झारखंड में अब तक आदिवासी समाज से पांच मुख्यमंत्री चुने गए। आशा लकड़ा ने कहा कि आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। भगवान बिरसा मुंडा, चांद-भैरव, फूलो-झानो, सिदो-कान्हू, तिलका माझी जैसे महापुरुषों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए।इरफान अंसारी पहले आदिवासियों के इतिहास को जाने।आदिवासी सरल, सहज व स्वाभिमानी हैं। कांग्रेस और जेएमएम न तो आदिवासियों के हितैषी थे और ना ही हो सकते हैं। ये आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर अपना हित साधते हैं। झारखंड को आदिवासियों ने अपने खून-पसीने से सींचा है। मैं भी आदिवासी हूं और मुझे आदिवासी होने पर गर्व है। यहां की मिट्टी ही मेरी पहचान और वजूद है। मैं आदिवासी समाज से आह्वान करती हूं कि आदिवासियों को नीचा



दिखाने वालों को जड़ समेत उखाड़ कर फेंके, ताकि भविष्य में हमें कोई नीचा दिखाने की कोशिश न करे। संवाददाता सम्मेलन में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवम प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# साइबर फ्रॉड करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हिंदपीढ़ी के रहने वाले मो अमन अंसारी ने लोअर बाजार थाना में लिखित आवेदन दिया। जिसमें बताया गया कि साईबर फॉड के माध्यम से ऑन लाईन सामानों की खरीददारी कर फर्जी पता का उपयोग कर कुरियर के माध्यम से सामान को प्राप्त करना और उसकी बिक्री कम दाम में अन्य दुकानों में ऑन लाईन बिल और फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग कर बेच देना। इसे संगठित रूप से कई लोग मिल कर चलाते है। पुलिस ने छानबीन की और दो युवकों को गिरफ्तार किया है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि दोनों युवक साइबर फॉड के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगने का काम करते थे दोनों की गिरफ्तारी हुई।

गिरफ्तारीः बशीर अंसारी और शमीम अंसारी दोनों देवघर के रहने वाले हैं।

बरामदगीः तीन एल ई डी स्कीन सैमसंग का नया, दो विवो कंपनी का मोबाईल, एक आई फोन 14,नगद सात हजार एक सौ चालीस रूपया,आधार कार्ड / पैन कार्ड / डेबिट कार्ड बरामद किया गया है।



**लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि दोनों युवक साइबर फॉड के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगने का काम करते थे दोनों की गिरफ्तारी हुई।**

# मुख्यमंत्री ने लेखक देव कुमार रचित पुस्तक मैं हूँ झारखण्ड का किया विमोचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा परिसर में चर्चित लेखक देव कुमार की दूसरी कृति मैं हूँ झारखण्ड पुस्तक का विमोचन किया । प्रथम संस्करण की अपार सफलता के बाद यह पुस्तक की द्वितीय संस्करण है। पुस्तक कि सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक झारखण्ड के अतीत से वर्त्तमान तक के समस्त तथ्यों और जानकारियों का अनोखा संकलन है एवं तथ्यों की चित्रात्मक प्रस्तुति द्वारा इसे समझने हेतु आसान और रोचक बनाया गया है। टुंडी विधायक सह सतारूढ़ दल सचेतक मथुरा महतो ने कहा कि यह पुस्तक का प्रकाशन झारखण्ड राज्य के लिए ऐतिहासिक है एवं ऐसे ही कार्यों से राज्य गौरवान्वित होता है। खोरठा के मशहूर साहित्यकार एवं गीतकार विनय तिवारी ने कहा कि यह झारखण्ड के इतिहास, भूगोल, राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था इत्यादि को समझने हेतु उपयोगी पुस्तक है।



लेखक देव कुमार ने बताया कि पुस्तक पूरी तरह शोध आधारित है जिसकी सराहना देश-विदेश के चर्चित विद्वानों द्वारा की गई है।मौके पर समाजसेवी राजीव तिवारी, खोरठा शोधार्थी संदीप कुमार महतो, तालेश्वर महतो इत्यादि लोग शामिल थे।

## पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, पत्रकारों को मिला सम्मान



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड क्षेत्र के कंदरी मोड़ स्थित दयानंद आर्या विद्या पब्लिक स्कूल सभागार में स्कूल के निदेशक राजेश दत्त के द्वारा राँची मांडर चान्हो के पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उसके पश्चात पत्रकारों के हाथों 30 फलदार पौधों को विद्यालय परिसर में लगाया गया। इस सम्मान समारोह का शुभारंभ पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भोगेन सोरेन,निदेशक राजेश दत्त, सचिव अर्चना दत्त, प्राचार्या आरती सिंह, उप प्राचार्य दिवाकर चौबे, उषा सिंह, रंजन सोनी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने गणेश वंदना एवं अतिथियों के स्वागत में संगीत प्रस्तुत कर किया। मंच संचालन संगीता सिंह ने किया। निदेशक ने पूर्व विधायक सहित सभी पत्रकारों को सम्मानित करते हुए उनके सहयोग की सराहना की।पूर्व विधायक ने भी पत्रकारों के हर कार्य में करने वाले कार्यो की प्रशंसा करते हुए चौथे स्तम्भ की निष्पक्ष कार्य को भविष्य में भी बरकरार रखे रहने की बात कही। मौके पर चान्हो मांडर प्रेस क्लब के पत्रकारों में अध्यक्ष डॉ. संजय प्रसाद, सचिव अल्ताफ अंसारी, उपाध्यक्ष रहमतुल्लाह अंसारी, उप सचिव साबीर अंसारी, उप कोषाध्यक्ष शमीम अंसारी, प्रेस प्रवक्ता आसिफ रजा,मोहसीन खान, एनुल अंसारी, रमेश सिंह, जमाल अंसारी, पप्पु तिवारी, आशीष नन्द तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी समारोह का समापन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। राज्य के विभिन्न जिले एवं प्रखंड से आए 22 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिल्ली उप प्रमुख आरती देवी ने प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को खुद का स्वरोजगार कर आत्म निर्भर बनने का संदेश दिया। संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से लोन लेकर अपने रोजगार को आगे बढ़ाने की बात कही। और आगामी चलने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम बम्बू एंड केन क्राफ्ट , मशरूम कल्टीवेशन, प्लंबिंग सैनिटरी वर्क,जल्द शुरू किया जाएगा उसके बारे में भी बताया गया । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## पिपरवार के बचरा में हुई विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा राम जानकी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल पिपरवार मंडल की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण कुमार मंडल एवं संचालन मुकेश राणा एवं दीपक केसरी ने संयुक्त रूप से किया।बैठक मे हरियाणा के नूंह एवं मेवात में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या की कड़ी शब्दों में निंदा की गई।बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के निर्मम हत्या पर विरोध जताते हुए विहिप के कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रूपये एवं घायल को दो लाख मुआवजा के साथ आगजनी के दौरान जलाए गए वाहनों की क्षतिपूर्ति देने की मांग की गई।साथ ही कार्यकर्ताओं पर किए गए हमले में शामिल दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।बैठक में संरक्षक शंकर सिंह चेरो, बजरंगदल के संयोजक राजा कुमार,सेवा प्रमुख सुनील प्रसाद,गौ रक्षा प्रमुख लाल बहादुर और नवीन साव, मुकेश कुमार उर्फ़ गुड्डू, नंदकिशोर कुमार,मुरारी कुमार,राजकुमार बाबू, सुमित सोनी,पप्पू सोनी, संतोष प्रजापति,गुड्डू दुबे, मिथुन कुमार,राजन कुमार, विकाश कुमार,संतोष गिरी, विक्की कुमार आदि उपस्थित थे।

# पिपरवार के बचरा-राय मुख्य मार्ग की स्थिति हुई बदहाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा से राय तक के मुख्य मार्ग इन दिनो अपनी ही बदहाली पर आंसु बहा रहा है।सड़क जर्जर होने के कारण आवागमण करने वाले लोगो को काफी परेशानी हो रही है।सड़क की इस बदहाल स्थिति को ठीक कराने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन को आवेदन देकर इसकी मरम्मत कराने की मांग भी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कमांड क्षेत्र में आने वाले राय पंचायत से बचरा जाने वाले रास्ते पर बड़े बड़े गड्ढे एवं कोयले का कीचड़ हो जाने से आम राहगीरों का इस सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।

सबसे ज्यादा परेशानी बचरा हाई स्कूल और डीएवी सहित अन्य स्कूलो में पढ़ने के लिए राय से बचरा जाने वाले बच्चों को होती है।यह सड़क ट्रांसपोर्टिंग सड़क से सटे हुए होने के कारण हमेशा कोयला के कीचड़ से सना हुआ रहता है इसके कारण पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों के युनिफोर्म पर कीचड़ पड़ने से उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है।कोयले के कीचड़ की वजह से आये दिन दो पहिया चालकों की बाईक फिसलने की घटनाएं होती है, जिसमें लोग घायल हो रहे है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बचरा पेट्रोल पंप से लेकर राय स्वामी नगर तक सड़क की जर्जर स्थिति हो चुकी है। बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को रास्ते का अनुमान नहीं हो रहा है और लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है राय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का सूखा पेड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का एकमात्र राय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक का सूखा पेड़ इन दिनों बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले कई महीनों से राय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यह सुखा पेड़ खड़ा है, जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।इस संबंध में यात्रियों ने बताया कि ट्रेनों के आगमन के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी जाती है,ऐसे में यह सूखा पेड़ हादसों को आमंत्रित कर रहा है।यदि जल्द रेलवे के द्वारा इस पेड़ को नहीं हटाया जाता है तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।वर्तमान में बरसात के इस मौसम में बारिश के साथ तेज हवा चल रही है।कभी भी आंधी तूफान आ जाती है।ऐसे में यह पेड़ कभी भी धारासायी हो सकती है, जिससे यात्रियों के अलावे रेल प्रबंधन को भी जानमाल की हानि हो सकती है।यात्रियों ने रेलवे प्रबंधन से इस ओर गंभीर होकर ध्यान देते हुए उक्त पेड़ को हटाने की मांग की है।

# कर्रा के गोविन्दपुर गुस्सा टोली व सिमटिमड़ा में जंगली हाथी ने दो घर को ध्वस्त किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के जरियागढ़ पंचायत अन्तर्गत सिमटिमड़ा और गोविन्दपुर पंचायत के गुस्सा टोली में बुधवार रात्रि में एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए दो घर को ध्वस्त कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि करीब 10 बजे एक विशाल काय जंगली हाथी गोविन्दपुर गुस्सा टोली में उत्पात मचाते हुए मंगल बारला का घर को ध्वस्त कर दिया और घर पर रखे अनाज को खा गया जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा खदेड़ने पर जंगली हाथी गुस्सा टोली से बहार निकाल गया. लेकिन रात्रि करीब 12¬30 बजे सिमटिमड़ा गाँव पहुंच कर इस्राइल होरो के घर में जंगली हाथी ने धावा बोल दिया और घर को ध्वस्त कर दिया और घर मे रखे हुए अनाज को खा गया. दोनों जगह पर घर में सो रहे लोगों ने अपनी अपनी जान बचाने में सफल रहे. ज्ञात हो कि आये दिन कर्रा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों पर जंगली हाथियों? आवागमन जारी है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों जंगली हाथियों खतरा मंडरा रहा है फिलहाल 10 से 15 दिनों के अंदर जंगली हाथियों ने डुमरगड़ी, पलसा, गोविन्दपुर गुस्सा टोली व सिमटिमड़ा गांव में घरों को ध्वस्त किया जा चुका है किसी को पता भी नहीं चलता है और जंगली हाथी अचानक गांव? में प्रवेश कर जाते हैं जिससे लोगों जान मिल दोनों का खतरा बना रहता है वही जंगली हाथी द्वारा गोविन्दपुर गुस्सा टोली व सिमटिमड़ा गांव में घर ध्वस्त करने कि जानकारी मिलने पर खूंटी जिला झामुमो मीडिया प्रभारी राहुल केशरी और नामजन होरो अपने सहयोगी साथियों के साथ दोनों गांव पहुंचकर घटना कि जानकारी दिया और मंगल बारला व इस्राइल होरो को बरसात से बचाव के लिये तिरपाल खरीदने के लिए सहयोग राशि दिया और कर्रा वनपाल को फोन के माध्यम से जंगली हाथी द्वारा किये गये ध्वस्त घर कि जानकारी दिया और सरकार द्वारा दिये जाने वाले मुवावजा राशि भुक्तभोगी परिवार को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग रखी गयी।

# यूथ कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में खूंटी सीएस से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** यूथ कांग्रेस खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की टीम ने खूंटी सी एस को जिला का प्रभार लेने के लिए फूलों का गुलदस्ता देते हुए बधाई दी और एक औपचारिक बातचीत उनके साथ की। बातचीत के क्रम में अरुण संगा ने उन्हें अस्पताल के खराब खाने और साफ-सफाई ठीक से ना रखने से अवगत कराया। इन बातों को सुनकर सीएस ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अस्पताल की साफ-सफाई और खाने की व्यवस्था को ठीक कर दी जाएगी और उन्होंने यूथ कांग्रेस से खूंटी ब्लड बैंक में ब्लड यूनिट कम होने के बारे में बताया और आगृह किया कि ब्लड यूनिट के लिए उन्हें युवाओं की सहायता की जरूरत है। अरुण संगा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बारिश के बाद युवा कांग्रेस की टीम एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करेगी जिससे ब्लड बैंक में ब्लड यूनिट की कमी को पूरी की जाए। मौके पर खूंटी जिला उपाध्यक्ष वहा मुंडा ,खूंटी विधानसभा अध्यक्ष एमडी उस्मान खान, 20 सूत्री सदस्य एमडी सोहेल, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, सिद्धार्थ आदि लोग मौजूद थे।




## JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

TOWNSHIP ADMINISTRATION BUILDING,
HEC COMPLEX, DHURWA, RANCHI 834004
Telephone: 0651-2400850 (Fax)/ 2400851/2400852/2401847/2400979/240013

**Notice for Hiring of personnel's for special purpose on contractual basis in Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB)**

Applications are invited for engagement against various vacancy in JSPCB. The details of which are as mentioned below:-

| S. No. | Name of the vacancy (No. of vacancies) | Category | Essential Qualifications |
|---|---|---|---|
| 1. | **Environment Expert (1) (Consolidated Pay INR 67,700/-)** | **Schedule Tribe (1 Vacancy)** | Degree in Environmental Engineering related subject or Bachelor's Degree in Environmental / Chemical/ Civil Engineering related subject from a Recognized University/Institute. Or From amongst the persons having Master's Degree in Environment Science and related subject from a Recognized University/Institute. **Desirable:** Exposure in Waste Water Management/ Municipal Solid Waste Management/ Environmental Management & Pollution Control. |

**General Instructions, Essential Information and Clarifications:**

1. The candidates of only Indian Nationality can apply for these posts.
2. There is No Application Fee for applying to any post.
3. The Candidates must carry the original photo id proof which has been mentioned in the application, at the time interview and document verification.
4. The Board reserves the right to post the selected candidates anywhere in Jharkhand.
5. Applicants are required to submit the self-attested copies of certificates and supporting documents with the application form. However, the original of the same shall be produced at the time of documents verification.
6. After submitting the application, applicants are advised to visit the JSPCB website frequently for any update on the status of this Notice for Hiring.
7. Applicants are advised to ensure before applying, that they possess essential qualification and experience for the post. The Experience, Qualification and age will be reckoned as on the last date for submission of application i.e. 28.08.2023 till 5 P.M.
   No updating of qualification and experience will be entertained after the last date.
8. Application once submitted cannot be altered / resubmitted, under any circumstances. Further, no request with respect to making changes in any data/particulars entered by the candidate in the Application will be entertained, once the application is submitted.
9. The persons applying for more than one post must apply separately.
10. JSPCB shall verify the antecedents and documents submitted by applicants at any time, at the time of appointment or during the tenure of service. In case, it is found that the Applicants have submitted fake documents or the applicants have undesirable clandestine antecedents/background and have suppressed the material information, his/her services shall be liable to be terminated, immediately thereafter.
11. The character of a person for direct recruitment to the service must be such as to render him/her suitable in all respect for appointment to the service. Persons dismissed by the Union Government or by a State Government or by a Local Authority or a Government Corporation owned or controlled by the Central Government or State Government deemed to be ineligible for appointment or having criminal case/cases pending in any court or convicted.
12. The Selection Process shall be governed by, and construed in accordance with, the laws of India and the Courts at Ranchi shall have exclusive jurisdiction on overall disputes arising under, pursuant to and / or in connection with the Selection Process.
13. JSPCB reserves the right to modify/withdraw / cancel any communication made to the Applicants.
14. The reservations/relaxations policy for SC/ST/OBC/PwD/EWS applicants will be as per the existing Govt. of Jharkhand policy. Applicants should clearly state to which category they belong.
15. Canvassing in any form on behalf of or by any applicant will disqualify him/her from being considered for post.
16. Appointments under this Recruitment are contractual in nature with a probation period of 3 months and the same shall be confirmed depending upon satisfactory performance of the incumbent.
17. The Board reserves the right to:
   a. Withdraw the advertisement either partly or wholly at any time without assigning any reason to this effect.
   b. Fill or not to fill up some or all the posts advertised for any reasons whatsoever.
   c. Increase/decrease the number of posts without giving any reason.
   d. Any edition/deletion and changes in matter of terms and conditions given in this notification of recruitment.
18. Request for change of mailing address or e-mail address or Mobile No. during the process of recruitment will not be entertained under any circumstances, JSPCB will not be responsible for any loss of e-mail, loss of any communication due to wrong address provided by the candidates.
19. Applicants shall have to produce original testimonials at the time of document verification.
20. Any corrigendum/addendum pertaining to this advertisement, the same shall be published on JSPCB website only. Accordingly, all applicants in their own interests are advised to regularly visit JSPCB website i.e. www.jspcb.nic.in. They should also regularly check their e-mail account for updates.
21. No TA/DA shall be provided for attending Interview for candidates other than SC/ST.
22. No accommodation shall be provided to any of candidates.
23. Candidates, who have obtained Degrees or Diplomas or Certificates for various courses from any Institution, declared fake/de-recognized by the UGC/AICTE/PCI shall not be eligible for being considered for recruitment to the posts advertised. If this is detected at any stage during their service, their service will be terminated forthwith.
24. No interim correspondence whatsoever will be entertained from Applicants regarding conduct and result of test(s) and reasons for not being called for test(s). In case of any dispute / ambiguity that may occur in the process of selection, the decision of the Competent Authority of JSPCB in all matters relating to eligibility, acceptance or rejection of applications, mode of selection, conduct of examination / interview will be final and no query or correspondence will be entertained in this connection from any applicant.
25. Candidates who are finally approved for the appointment, he/she shall produce Medical Certificate from an authorized Government Medical Officer at the time of joining the JSPCB.
26. A Candidate's admission to the Interview and subsequent process is strictly provisional.
27. The mere fact that the call letter has been issued to the candidate does not imply that his her candidature has been finally cleared by JSPCB. JSPCB would be free to reject any application, at any stage of the process, cancel the candidature of the candidate in case it is detected at any stage that a candidate does not fulfil the eligibility norms and/or that he/she has furnished any incorrect/ false information/Certificate/documents or has suppressed any material fact(s). If any of these shortcoming(s) is/are detected after appointment in JSPCB, their services are liable to be summarily terminated as per Rules.
28. The personnels shall be appointed on a short-term contract basis initially for a period of 12 months. Based on his/her performance and requirement of his/her services, the contract can be further extended up to a maximum of two terms (12 months each).
29. Retired candidates should not be more than 62 years and other candidates should not be more than 56 years of age as on last date of submission of application in JSPCB.
30. The Income Tax or any other tax liable to be deducted as per the prevailing rules will be deducted at source before effecting the payment for which JSPCB will issue TDS certificates.
31. The engagement of the personnels on short-term contract basis can be terminated at anytime without assigning any reason. However, if a personnel is not willing to continue for what so ever reasons may be, he/ She may give minimum one month notice to the office.
32. The engagement of personnels would be on full time basis and the personnels can be required to work on holidays also, if need be, for which no additional fees will be paid.
33. The appointment will be purely on contractual basis.
34. The personnels shall be eligible for Casual Leave as per the policy of JSPCB. Any un-availed leave in a calendar year cannot be carried forward to the next calendar year.
35. The personnels appointed by the Board, shall not conduct in any manner which is not in the interest of the Board.
36. The Board reserves the Right to cancel the whole procedure without assigning any reason at any point of time.
37. Application received in response to this advertisement will be shortlisted and only shortlisted candidates will be intimated. The Board reserves the right to reject any or all applications without assigning any reason.
38. The commencement date of applications is 04.08.2023 and the last date for submission of applications is 28.08.2023 till 5:00 P.M.
39. Interested personnels with required qualification/experience may send their application in proforma enclosed as (Annexure 1). The application should reach by post to the Member Secretary, Jharkhand State Pollution Control Board. T.A. Division Building.
40. Applications not filled properly/ incomplete application/ application received after the last date i.e 28.08.2023 till 5:00 P.M will be summarily rejected.

**(Yatindra Kumar Das)**
**Member Secretary**

PR 303907 Jharkhand State Pollution Control Board(23-24)#D


# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने 5 सूत्री मांगों को लेकर किया विधानसभा घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची :** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक संघ के आहवाह्न पर अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य के पंचायत स्वयं सेवकों ने गुरूवार को विधानसभा का घेराव किया। इससे पूर्व भी मानसुन सत्र के दौरान 28 जुलाई को स्वयं सेवकों ने विधानसभा का घेराव किया गया था। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के द्वारा बताया गया कि विगत 8 जुलाई 2023 से राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन संघ के द्वारा किया जा रहा है परंतु अभी तक झारखंड सरकार के कोई भी प्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी हम लोगों से वार्ता के लिए नहीं आए हैं। आज विधानसभा घेराव के दौरान एसडीएम रांची द्वारा 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल को पंचायती राज निदेशक निशा उरांव से मिलवाया। जहां निशा उरांव ने पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों के मांग पत्र को सरकार तक पहुंचने का आश्वासन दिया।उन्होंने सभी जिला को पत्र लिखकर पंचायत में क्रियाशील कर्मी की सूची मंगवाने की बात कही। साथ ही मुख्यमंत्री से भी मिलाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। सचिवालय स्वंय सेवक संघ अपने पांच सूत्री मांग- मुख्यमंत्री से संघ के 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का समायोजन, स्वयंसेवक को स्थाई करने, स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने और पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को मानदेय लागू करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव यूगल किशोर प्रसाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष बाल गोविंद महतो, जिला अध्यक्ष मंटू कुमार, नरेश रामजाने, गौतम कुमार कुशवाहा, राजेंद्र नायक, प्रदीप पासवान, जयप्रकाश तिवारी, मनोज सेन ,श्यामल गोस्वामी, ओम प्रकाश साहू, सुरेश महापात्रा ,उमेशचंद्र तिरिया, वारिस, संतोष, जितेंद्र, मोहम्मद सोहराब ,अनिल ठाकुर, प्रमुख मारीक,वेदप्रकाश मिश्रा, अजीत मिथुन कुमार, दीपक कुमार सिंह, सुजाता, बीभा , सरिता,अनीता, बबीता, रानी, सुगंती ,सुमंती, सहित हजारों स्वयंसेवक शामिल थे।

# ट्रेन में छूटा मोबाइल यात्री को सौंपा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** रांची जंक्शन से दुमका जाने वाली रांची गोड्डा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18619 में मंगलवार की देर रात उक्त ट्रेन में अमरेश कुमार झा नामक व्यक्ति कोच संख्या,1 बर्थ संख्या 07 पर सवार हुए। अचानक उनको जरूरी काम होने के कारण वह अपनी यात्रा को रद्द करते हुए अपना मोबाइल भूलवश बर्थ पर छोड़ कर चले गए और ट्रेन रांची स्टेशन से निकल चुकी थी। इसी दरमियान टिकट चेक करने के क्रम में उप मुख्य टिकट निरीक्षक वीरेंद्र कुमार को अन्य सवार यात्री ने बताया कि किसी यात्री ने अपना मोबाइल छोड़कर चला गया है। टिकट निरीक्षक ने मोबाइल को अपने पास सुरक्षित रखते हुए जब ट्रेन मुरी पहुंची तो राजकीय रेल थाना को सूचित करते हुए अवर निरीक्षक कलीम उल्ला खान को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरेश कुमार झा ने मोबाइल छूटने की सूचना राजकीय रेल थाना रांची को दिया राजकीय रेल थाना रांची त्वरित कार्रवाई करते हुए मुरी जीआरपी को सूचना दिया। मुरी जीआरपी ने अमरेश कुमार झा का पहचान करते हुए उन्हें मोबाइल वापस लौटा दिया। अमरेश कुमार झा ने मोबाइल पाने के बाद टिकट निरीक्षक वीरेंद्र कुमार को धन्यवाद देते हुए उनकी काफी प्रशंसा की।

## 10 अनाथ व बेसहारा छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करेगा सचदेवा ट्रस्ट

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सचदेवा एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट पूर्वी सिंहभूम जिले में अपनी शिक्षण संस्था के माध्यम से करीब 10 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। वहीं संस्था समय समय पर अपनी सामाजिक दायित्व निर्वहन के अनर्गत निऱ्शुल्क आई चेकअप, स्वास्थय जाँच एवं निशुल्क शिक्षा प्रदान करते आ रही है। ट्रस्ट के सचिव उपेंद्र प्रसाद ने बताया की ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मेरे पिता स्व. आनंदी प्रसाद का हमेशा से यह सोच रही रही की इस युग में शिक्षा दान सबसे बड़ी दान है। इसी सोच से संस्था शिक्षा के क्षेत्र में आईटीआई, पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं फार्मेसी की पढ़ाई कई वर्षो से करा रही है। सचिव उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि आज वे इस दुनिया में नहीं रहे, पर उनकी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उनकी श्रद्धांजलि के दिन इस सत्र में 10 अनाथ एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को संस्था अपनी संस्थान में निऱ शुल्क शिक्षा प्रदान करेगी। नामांकन ले लिए छात्र संस्थान के मानगो एवं गालुडीह किसी भी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं एवं मोबाइल नंम्बर - 7903295578 पर भी कॉल कर सकते है।

## कुकड़ु प्रखण्ड सभागार में आम बागवानी प्रशिक्षण सह मनरेगा कार्यों का हुआ समीक्षात्मक बैठक



**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखण्ड सभागार में आज प्रखण्ड में चल रहे आम बागवानी का प्रशिक्षण जिला सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी विनोद चातर के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्य को सरल तरीके से करने का गुण सिखाया। मौके पर कुकड़ु प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी लाभुको एवं सभी मनरेगा कर्मियों की बातो को सुने एवं कार्य में प्रगति हेतु अपना सुझाव दिए। बैठक में कुकड़ु प्रखण्ड के मनरेगा कनीय अभियंता तुलसी कालिंदी एवं भोलानाथ महतो के साथ साथ मनरेगा एई सुदर्शन राना, कुकड़ु प्रखंड के सभी पंचायत सचिव,रोजगार सेवक, मेट,बागवानी सखी,बागवानी लाभुक आदि उस्थित रहे।

## टोयोटा ने भारत में पूरी तरह बहुप्रतीक्षित ऑल-न्यू वेलफायर का किया अनावरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज बहुप्रतीक्षित ऑल-न्यू वेलफायर लॉन्च किया। यह एक शानदार सेल्फ-चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक मास्टरपीस है जो भारतीय ऑटोमोटिव परिदृश्य में आराम, परिष्कृतता और प्रदर्शन के सार को फिर से परिभाषित करता है। ऑल-न्यू वेलफ़ायर उत्कृष्ट आराम और परिष्कृत गतिशीलता, कमांडिंग बल और गतिशील कौशल प्रदान करता है जो ड्राइविंग अनुभव को असाधारण ऊंचाइयों तक ले जाता है। वेलफायर एक मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) है, अध्ययनों से पता चला है कि एसएचईवी इंजन बंद होने पर 40 प्रतिशत दूरी और 60 प्रतिशत समय तक इलेक्ट्रिक या शून्य उत्सर्जन मोड पर चल सकता है। लॉन्च पर विचार साझा करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मासाकाज़ु योशिमुरा ने कहा, आज का दिन हमारी भारत यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि हम ऑल-न्यू वेलफ़ायर पेश कर रहे हैं , जो टोयोटा की वर्ग-अग्रणी तकनीक, आराम और सुंदरता का प्रतीक है।




## कांड्रा पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर किया जब्त, चालक फरार

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा थाना पुलिस ने बुधवार को छापेमारी के दौरान बानाडूंगरी के पास अवैध रूप से बालू ले जाते दो ट्रैक्टर को पकड़ कर जब्त कर लिया। पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा। इस बावत कांड्रा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बावत जानकारी देते हुए कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो ने बताया कि दोनों ट्रैक्टर को कांड्रा थाना लाया गया है। आगे की करवाई के लिए गम्हरिया के अंचलाधिकारी को सूचना दे दी गई है। अंचलाधिकारी की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद आवश्यक कारवाई की जाएगी।

## कांड्रा मोड़ में साइकिल चोरी करते रंगेहाथ चोर पकड़ाया, किया पुलिस के हवाले



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा मोड़ टॉल प्लाजा के समीप मैदान के पास रखे साइकिल की चोरी करते चोर को स्थानीय लोगों द्वारा रंगे हाथ पकड़ लिया गया। मौके पर मौजूद झामुमो नेता कृष्णा बास्के द्वारा इसकी सूचना कांड्रा थाना पुलिस को दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चोर को गिरफ्तार कर थाना ले गई। साइकिल चोर मैदान में रखे साइकिल का चाभी खोलने का कोशिश कर रहा था। जब उससे चाभी नहीं खुल पाया तो उसे तोड़ कर साइकिल लेकर भाग रहा था। इसी क्रम में स्थानीय लोगों की नजर जब उसपर पड़ी तो उन्होंने उक्त चोर को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्त में आए युवक ने बताया कि इससे पहले भी उसने 11 साइकिल की चोरी की है। कांड्रा पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

## 57 लाभुकों के बीच बत्तख के चूजों का वितरण



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पटमदा प्रखंड मुख्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत क्षेत्र के 57 लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू के हाथों किया गया। इस संबंध प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अंबुज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत 75 प्रतिशत अनुदान में चयनित बत्तख चूजा पालन योजना के लाभुकों के बीच 15 दिवसीय 15 चूजा का वितरण किया गया। मौके पर कुमीर ग्राम पंचायत के मुखिया दीपक कुमार मुदी, लावा के मुखिया कानुराम बेसरा, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मौके पर उपस्थित लाभुकों को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अंबुज कुमार के द्वारा बत्तख पालन के रख रखाव के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता राहिल टूट्टी एवं पशुपालन विभाग के कर्मचारी शरत चंद्र माहली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# तख्त श्री हरमंदिर जी प्रबंधन कमेटी की आपात बैठक आज

### अध्यक्ष ने रविवार को बुलाई बैठक, शनिवार को एसडीओ ने दोनों धड़ों की बैठक बुलाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली तखत श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी चुनाव 2023 की मतदाता सूची को लेकर महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह कल शुक्रवार को आपातकालीन बैठक बुलाई है जबकि अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही रविवार को बैठक बुला चुके हैं। इधर इंदरजीत सिंह ने बैठक बुलाने की जानकारी कस्टोडियन सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश पटना, एसडीओ सिटी पटना से निर्वाचन पदाधिकारी और बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को दे दी है। कल की बैठक में महासचिव मतदाता सूची को अंतिम रूप दे देंगे। उनके अनुसार पटना हाई कोर्ट के पूर्व में दिए गए फैसले को ध्यान में रखते हुए सारे काम किए जा रहे हैं और कुछ भी असंवैधानिक और गैरकानूनी नहीं है। इधर अध्यक्ष जगजीत सिंह सोही ने शुक्रवार की बैठक को असंवैधानिक बताया है और बैठक में शामिल नहीं होने की अपील पद धारियों से की है। तख्त श्री हरमंदिर जी प्रबंधन कमेटी चुनाव 2023 को लेकर मामला गरमाया हुआ है और इसे लेकर झारखंड विधानसभा में पूर्व मंत्री एवं विधायक सरयू राय मामला उठा चुके हैं और झारखंड का स्थान सुरक्षित रखने के लिए विधानसभा के मार्फत से मुख्यमंत्री को आग्रह कर चुके हैं। उनका साफ कहना है कि चुनावी प्रक्रिया शुरू है और ऐसे में दक्षिण बिहार निर्वाचन क्षेत्र का परिसीमन किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने अध्यक्ष एवं महासचिव को कड़ा संदेश देते हुए विवाद का निपटारा करने को कहा है। वही अनुमंडल पदाधिकारी पटना सिटी सह निर्वाचन पदाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि वह अध्यक्ष महासचिव एवं महत्वपूर्ण लोगों की बैठक बुलाएं। तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के पांच निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जाना अभी तक बाकी है जबकि यह काम 26 जुलाई तक पूरा हो जाना चाहिए था। अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह के बीच कुछ मुद्दों को लेकर संवाद हीनता बन गई और उसका नतीजा है कि मतदाता सूची को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है जबकि तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के कस्टोडियन सह जिला सत्र न्यायाधीश पटना द्वारा संविधान के मुताबिक तीन सदस्य नामजद भी किए जा चुके हैं।

## उपायुक्त ने जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** सरायकेला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने गुरुवार को गूगल मीट के माध्यम से जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक की. बैठक के दौरान पूर्व के बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने लगातार हो रही बारिश से स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी में बढ़ते जलस्तर से प्रभावित क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों एवं राहत बचाव कार्य की जानकारी ली. उन्होंने सभी वरीय पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी को प्रभावित क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान सुवर्णरेखा परियोजना और खरकई नहर डिवीजन के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जल स्तर खतरे के निशान से नीचे बह रहा है. आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नगर निगम के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 10 वार्ड आते हैं. जहां शेल्टर हाउस चयनित हैं. चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी दी कि चांडिल में प्रभावित क्षेत्रों के लिए शेल्टर हाउस का चयन किया गया है, साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए चार बोट की भी व्यवस्था भी की गई है. इस दौरान उपायुक्त ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमंडल स्तर पर तैराकों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया. गूगल मीट में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हरविंदर सिंह, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अपर नगर आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला-चांडिल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी नगर निकाय क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता शामिल रहे.

## झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन ने वनाधिकार प्रमाण पत्र निर्गत को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में ग्राम सभा मंच, झारखंड जंगल बचाओ आन्दोलन के प्रतिनिधिमण्डल राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा में मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मारण कराया गया कि 19 दिसंबर 2023 को सम्पूर्ण झारखंड में अनन- फनन में कुल 57 ग्राम सभाओ को वनाधिकार कानून 2006 के तहत विधि विरुद्ध वनाधिकार प्रमाणपत्र निर्गत किया गया है। विधिसम्मत वनाधिकार प्रमाणपत्र निर्गत किया जाये को लेकर ग्राम सभाएं तथा झारखंड जंगल बचाओ आन्दोलन ने त्रुटियों के निराकरण के नाम पर मुख्यमंत्री सचिवालय के समक्ष 20/02/21 को याचिका दायर किये। इस पर कारवाई न किये जाने को लेकर पुनः ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यह भी ध्यानाकृष्ट कराया गया कि वनाधिकार कानून 2006 को जमीन पर गति के साथ लागू कराने पर जोर दे तथा प्रत्येक जिले में शिविर लगाकर वनाधिकार प्रमाणपत्र निर्गत करे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह भी ध्यानाकृष्ट कराया गया कि सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंह भूम,रांची,रामगढ़,बोकारो, हजारीबाग, सिमडेगा,लोहरदगा, लतेहार तथा चतरा में जिले तथा अनुमंडल स्तरीय में करीब- करीब 3-4 हजार सामुदायिक दावा पत्र लंबित है जिसे आवश्यक क्रियान्वयन हेतु सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया जाऐ। इस विषय पर विधायक दशरथ गागराई ने विधान सभा में प्रश्न उठा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने विधिसम्मत क्रियान्वयन करने का आश्वासन दिये। मंत्री ने यह भी आश्वासन दिये कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट आन्दोलन से सम्बंधित वादों को भी इस साल निष्पादन कर लिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में सोहन लाल कुम्हार,बोकारो जिला के ओम प्रकाश माझी,रामगढ़ जिला के हीरालाल पुर्ति,अमर सिंह हासंदा,राम मुण्डा,भरत सिंह मुण्डा, करम सिंह मुण्डा,धर्मेन्द्र सिंह मुण्डा, सुखराम मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह, डीसी ने की बैठक

### गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में होगा जिला स्तरीय समारोह, टाउन हॉल, सिदगोड़ा में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिल में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्यता से मनाया जाएगा । समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला स्तरीय मुख्य समारोह की तैयारी को लेकर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा ङ्क निर्देश दिया गया । बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक गज परियोजना, जमशेदपुर अभिषेक कुमार, डीएफओ ममता प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम श्री पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा समेत अन्य वरीय एवं विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे । 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को लेकर बैठक में विमर्श किया गया एवं संबधित पदाधिकारियों को आयोजन से संबंधी जिम्मेदारी दी गई । उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया गया है । गौपाल मैदान में पूर्वा. 09:05 बजे झंडोतोलन किया जाएगा । वहीं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सिदगोड़ा टाउन हॉल में किया गया है जिसमें विभिन्न सरकारी स्कूलों के बच्चे अपनी प्रस्तुति देंगे। अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/नगर निकाय पदाधिकारी को स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर उनके घर जाकर सम्मानित करने का निदेश दिया गया। वीर शहीदों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा की साफ-सफाई, माल्यार्पण का निदेश संबंधित नगर निकाय पदाधिकारी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया । स्कूल के विद्यार्थियों के बीच पेंटिग/ड्रॉइंग आदि कंप्टिशन कराये जाएंगे, प्रभात फेरी निकाली जाएगी। गोपाल मैदान स्थित मुख्य समारोह स्थल की तैयारी एवं इस हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी विशेष पदाधिकारी-जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को देते हुए एनडीसी एवं जुस्को के प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही गई। जुस्को प्रबंधन को मैदान की साफ-सफाई एवं रखरखाव तथा डीएसपी ट्रैफिक को सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल में अग्निशामक वाहन तथा एंबुलेंस की तैनाती रहेगी । परेड में 8 टुकड़ियां शामिल होंगी जिनमें आर.ए.एफ, डी.ए.पी (महिला/पुरुष), जैप-6, होमगार्ड, एनसीसी (महिला/पुरूष ), स्कॉउट एंड गाइड को शामिल किया जाएगा। रिहर्सल कार्यक्रम चार दिनों का होगा जिसमें 10, 11, 12 को अभ्यास के पश्चात 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल होगा । बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, एनईपी निदेशक ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गगरई, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, ट्रैफिक डीएसपी, एलडीएम, टाटा स्टील, नुवोको, जुस्को के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए।

## भारत स्काउट व गाइड के प्रनिधिमंडल ने किया उपायुक्त का अभिनंदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड पूर्वी सिंहभूम के सौजन्य से जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार, जिला सचिव चंद्रमणि मोदी और गाइड कैप्टन एवं जिला प्रतिनिधि गाइड रीति झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आज नवनियुक्त उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्पगुच्छ दिया और अंतरराष्ट्रीय स्काउट दिवस के उपलक्ष में स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया। साथ ही भारत स्काउट और गाइड पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन के द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया। विदित हो उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम जिला स्काउट गाइड के मुख्य संरक्षक होते हैं। इस बाबत उन्हें संस्था की ओर से प्रतिनिधि मंडल के द्वारा प्रार्थना पत्र भी दिया गया एवं उनका आभार व्यक्त किया गया।



**भारत स्काउट और गाइड पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन के द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया गया**

## आजसू नेता हरेलाल महतो ने सर्प दंश से पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** नीमडीह प्रखंड के चालियामा गांव के टोला कांठालडीह में सर्प दंश के पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर आजसू नेता हरेलाल महतो ने परिजनों का ढांढस बंधाया एवं सांत्वना दी। इस दौरान हरेलाल महतो ने सर्प दंश के कारण दो बच्ची के मौत की जानकारी ली। इस दौरान हरेलाल महतो ने कहा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था बिल्कुल खत्म हो चुकी हैं। सामान्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों एवं सामान्य रूप से घायल होने वालों को भी रेफर कर दिया जाता है, इससे पता चलता है कि यहां साधारण इलाज की व्यवस्था भी नहीं है। बता दें कि विगत 31 जुलाई की रात को नीमडीह प्रखंड के चालियामा गांव के टोला कांठालडीह में दशरथ सिंह के दो बेटी को सांप ने डंस लिया था, जिससे दोनों की मृत्यु हो गई। सांप डसने से दशरथ सिंह की बेटी सुभद्रा सिंह तथा पद्दवती सिंह की मौत हो गई हैं। इस दौरान नीमडीह जिला परिषद असित सिंह पात्र, आजसू अनुसूचित जनजाति महासभा के प्रखंड अध्यक्ष कांचन सिंह, अजय सिंह, आस्तिक दास, फटिक मंडल, राजकिशोर महतो आदि मौजूद थे।



## आदित्यपुर थाना प्रभारी ने गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आरक्षी अधीक्षक डॉ. विमल कुमार के निर्देश में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के पास आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों का हेलमेट, लाइसेंस,वाहन से सम्बंधित आवश्यक कागजातों की जांच की गई। इस क्रम में बिना हेलमेट के वाहन चला रहे कई युवकों को पकड़ कर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। कई वाहन चालकों के गाड़ियों की डिक्की खोलकर आर्म्स जांच भी की गई। साथ ही ओवरलोडिंग कर लोगों को छत पर बैठा कर ले जाते कई वाहनों को रोककर चालक को फटकार लगाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए लगातार यह अभियान चलाया जाएगा। थाना प्रभारी द्वारा अचानक लाल बिल्डिंग चौक पर चेकिंग अभियान चलाए जाने से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।




## सूदखोरों के चंगुल में फंसने के बाद आर्थिक तंगी झेल रहे लापता दुकानदार ओड़िसा में मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** सूदखोरों के चंगुल में फंसने के बाद आर्थिक तंगी झेल रहे बोड़ाम बाजार निवासी दुकानदार विश्वजीत कुमार पैड़ा गुरुवार की सुबह बहरागोड़ा में मिला। बताते हैं कि 41 वर्षीय विश्वजीत बोड़ाम बाजार में एनके ज्वेलर्स के संचालक हैं जो मंगलवार की सुबह अपने घर से पैदल ही निकले थे और बाद में गायब हो गए थे। उनका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा था जिससे परिजन परेशान हो गए थे। इस संबंध में उनकी पत्नी ने बोड़ाम थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले की छानबीन शुरू कर दी गई थी। पुलिस ने विश्वजीत की पत्नी से पूछताछ के बाद बोड़ाम बाजार से एक सूदखोर व्यक्ति को हिरासत में लिया था। उससे पूछताछ के बाद बुधवार को छोड़ दिया गया था। बताते हैं कि बुधवार की देर रात विश्वजीत द्वारा अपने छोटे भाई अनंत पैड़ा को ओड़िसा के पुरी से दूसरे के फोन से कॉल करके ओड़िसा में होने की जानकारी दी गई थी। फिर उनके बड़े भाई प्रदीप पैड़ा व परिवार के अन्य सदस्य ओड़िसा के लिए रवाना हुए जबकि गुरुवार की सुबह बहरागोड़ा में भेंट हुई। फिलहाल वह बहरागोड़ा स्थित किसी रिश्तेदार के घर पर हैं। आर्थिक तंगी के बाद क्षेत्र के सूदखोरों की प्रताड़ना से डिप्रेशन में आ गए हैं। फिलहाल वह इस बात को लेकर भयभीत हैं कि घर लौटने पर फिर से प्रताड़ित किए जा सकते हैं। हालांकि इसकी सूचना मिलने पर बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने बताया कि किसी से डरने की जरूरत नहीं है वह निर्भीक होकर अपना काम कर सकते हैं। करीब 2 दिनों के बाद सकुशल वापस लौटने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है। बड़े भाई प्रदीप पैड़ा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की कृपा से भाई मिल गया है और जल्द ही वह अपने घर लौटेंगे।



## टाटा मोटर्स यूनियन ने माइकल जॉन को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मजदूर नेता स्वर्गीय माइकल जॉन की 44वीं पुण्यतिथि पर आज टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सबसे पहले यूनियन नेताओं ने यूनियन कार्यालय में स्वर्गीय माइकल जॉन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद उनके आवास पर यूनियन नेताओं ने पहुंचकर स्वर्गीय जॉन के परिजनों से भेंट करने के बाद उनके कब्रगाह पर फूल चढ़ाकर मोमबत्तियां जलाईं। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते एवं महामंत्री आरके सिंह समेत तमाम पदाधिकारी एवं कमेटी मेंबर उपस्थित थे।

## संपादकीय

# साल भर पर्यटन

**हिमाचल** में पर्यटन कभी चालबाज की तरह फलते-फूलते सीजन को उधेड़ लेता है, तो कभी पर्यटन की मासूमियत में सारी क्षमता विद्रूप हो जाती है। जिन्होंने सुना या जिन खबरों ने हिमाचल की बरसात के घातक अंदाज को सिरफिरा घोषित कर दिया, उनके परिणामों का सफर ओढ़कर सारे होटल, रेस्तरां, ढाबे व गिफ्ट सेंटर उदास हैं। सबसे भयावह परिदृश्य में कुल्लू घाटी का सफर घाटे के पर्यटन की इत्तिला दे रहा है। बेरौनक के खंजर कमोबेश हर पर्यटक स्थल को नोच चुके हैं। हिमाचल पर्यटन के अतिवादी दृष्टिकोण को वर्ष भर सक्रिय बनाने की आचार संहिता बनानी होगी। बेशक हम बरसात पर्यटन के चूल्हे को ठंडा मानकर दरों को कम कर रहे हैं। आधी दरों में बड़े से बड़े होटल कुर्बान है, तो यह मौसम सोचने का है। ऐसा नहीं है कि हिमाचल के हर इलाके में बरसात का कहर है, लेकिन सतर्कता के साथ पर्यटन सहूलियतों की प्रस्तुति की जोरदार वकालत होनी चाहिए। मैदानी इलाकों में ग्रीष्म कालीन अवकाश ने हिमाचल का रोआं-रोआं पर्यटन से भरना शुरू कर दिया है। इस आदत ने तथाकथित पर्यटन सीजन को बिगाड़ैल बना दिया है। जरूरत है कि हम इस क्षमता को साल भर के लिए बचा कर रखने का उपाय सोचें। पर्यटन क्षेत्र में चार दिन की चांदनी होने से पूरा उद्योग भूखा प्यासा रहेगा, बल्कि इसके कारण हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बीच मुकाबले में प्रदेश की छवि क्यों परास्त होती है, इसके ऊपर भी विचार करने की आवश्यकता है। पर्यटन का वार्षिक कैलेंडर न मनाली, न अटल टनल और न ही शिमला जैसे स्थलों पर मुकम्मल होगा, बल्कि जब हम ऊना, हमीरपुर, सिरमौर या कांगड़ा के मैदानी इलाकों में पर्यटन को तराशेंगे, तो साल भर सैलानी आएंगे। वे सर्दी, गर्मी, बरसात, बसंत या किसी न किसी विशेष उद्देश्य से आएं, इस लिहाज से हिमाचल को अपनी नई मंजिलें निर्धारित करनी होंगी। हिमाचल में पर्यटन के मौजूदा व बदलते चरित्र को समझने की भी आवश्यकता है। जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर या देश के पर्यटन में हो रहा है, उसके साथ या उससे हटकर हमें अपनी विविधता में क्षमता व संभावनाएं बढ़ानी होंगी। ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी व सिरमौर के मैदानी इलाके पर्यटन को साल भर के कैलेंडर में सराबोर कर सकते हैं। बेशक वर्तमान की कुछ परिकल्पना दिखाई देती है या इससे पहले पूर्व सरकारों ने भी निचले क्षेत्रों में इक्का दुक्का प्रयत्न किए, लेकिन ये कार्य उस अधोसंरचना की मांग करते हैं, जो साल भर के पर्यटन को प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सींचे। हिमाचल में युवा, छात्र, सांस्कृतिक, धरोहर व धार्मिक पर्यटन के जरिए यह खाका खींचा जा सकता है। हिमाचल अगर अपने 750 स्कूलों के वोकेशनल छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण पर देश भर में ले जा सकता है, तो देश के तमाम छात्रों के हिमाचल भ्रमण को सुदृढ़ करने के लिए हमें अपनी विशिष्टता दर्ज करनी होगी। ऐसे में अगर नादौन से भोटा के बीच एक साइंस सिटी विकसित की जाए, तो छात्र एवं नालेज पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल की पर्यटन हिस्सेदारी बढ़ जाएगी। अगर हमारे विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर की खेल, सांस्कृतिक तथा वैचारिक गतिविधियों को पर्यटन की दृष्टि से नियमित व पारंगत करें, तो साल भर का पर्यटन विकसित होगा। अगर सिने पर्यटन की दृष्टि से शूटिंग स्थल विकसित किए जाएं तथा आधुनिक सुविधाओं, उपकरणों तथा फिल्म प्रोडक्शन के हिसाब से गरली-परागपुर की धरोहर इमारतों के साथ फिल्म सिटी का प्रारूप विकसित करें, तो साल भर पर्यटन आबाद रहेगा। यदि तमाम धार्मिक परिसरों को सांस्कृतिक गतिविधियों, गीत-संगीत सम्मेलनों तथा पौराणिक नृत्य शैलियों के प्रमुख केंद्र के रूप में निखारा जाए, तो मंडी छोटी काशी नहीं, हिमाचल की सांस्कृतिक राजधानी और हर मंदिर हमारे लोक संगीत की विरासत से सैलानियों को निरंतर खींच पाएंगे। मार्च से जून तक हिमाचल के पर्यटन का कोई सानी नहीं, अक्तूबर से फरवरी तक त्योहार और बर्फ का इंतजार कुछ हद तक इसे खींच ले, तो भी जुलाई, अगस्त और सितंबर का अंतर मिटाने की जरूरत रहेगी।

> हिमाचल पर्यटन के अतिवादी दृष्टिकोण को वर्ष भर सक्रिय बनाने की आचार संहिता बनानी होगी। बेशक हम बरसात पर्यटन के चूल्हे को ठंडा मानकर दरों को कम कर रहे हैं। आधी दरों में बड़े से बड़े होटल कुर्बान है, तो यह मौसम सोचने का है। ऐसा नहीं है कि हिमाचल के हर इलाके में बरसात का कहर है, लेकिन सतर्कता के साथ पर्यटन सहूलियतों की प्रस्तुति की जोरदार वकालत होनी चाहिए। मैदानी इलाकों में ग्रीष्म कालीन अवकाश ने हिमाचल का रोआं-रोआं पर्यटन से भरना शुरू कर दिया है। इस आदत ने तथाकथित पर्यटन सीजन को बिगाड़ैल बना दिया है। जरूरत है कि हम इस क्षमता को साल भर के लिए बचा कर रखने का उपाय सोचें। पर्यटन क्षेत्र में चार दिन की चांदनी होने से पूरा उद्योग भूखा प्यासा रहेगा, बल्कि इसके कारण हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बीच मुकाबले में प्रदेश की छवि क्यों परास्त होती है, इसके ऊपर भी विचार करने की आवश्यकता है।

## कुछ अलग

# एक और सांप्रदायिक हमला

**हमने** बीते कल ही सांप्रदायिक हिंसा, उन्मादी भीड़ और सौहार्द पर सवाल करता विश्लेषण छापा था। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी विवाद पर एक हिन्दूवादी बयान दे दिया, जबकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला 3 अगस्त को आना है। ज्ञानवापी के भीतर त्रिशूल, घंटियां, कुंड, स्वास्तिक आदि चिह्न दीवारों पर अंकित हैं। देव-प्रतिमाएं भी बनी हैं। योगी ने स्पष्ट कर दिया कि ज्ञानवापी मंदिर था अथवा मस्जिद है! ये तमाम ज्ञात तथ्य हैं, क्योंकि अदालत द्वारा नियुक्त दो कमिश्नरों के नेतृत्व में सर्वे कराए गए थे, लेकिन उन्हीं आधारों पर करीब 400 साल पुराना मंदिर-मस्जिद विवाद सुलझाया नहीं जा सकता। जाहिर है कि योगी के बयान के पीछे सांप्रदायिक मानसिकता काम कर रही थी, ताकि उसी आधार पर ध्रुवीकरण कराया जा सके। हमारा देश सांप्रदायिकता बनाम धर्मनिरपेक्षता में बंटा है। हालांकि उनके पैरोकारों को उनके मायने भी ज्ञात नहीं हैं। वे इन दो शब्दों, दो धारणाओं की स्पष्ट व्याख्या भी नहीं कर सकते। इसी दौरान हरियाणा के मेवात इलाके के नूंह जिले में सांप्रदायिक हिंसा ने उन्मादी नाच दिखाया। करीब 100 वाहन जला दिए गए। तोड़-फोड़ भी की। होम गार्ड के 2 जवानों समेत तीन की मौत हो गई। 50 से ज्यादा पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग घायल हुए हैं। कुछ की अवस्था गंभीर बताई गई है। उपद्रवियों ने दुकानों में लूटपाट और आगजनी की है। नूंह की सीमाएं सील कर धारा 144 लागू करनी पड़ी है। सांप्रदायिक चिंगारियां गुरुग्राम, पलवल, सोहना, फरीदाबाद तक पहुंची हैं, लिहाजा उन इलाकों में भी अलर्ट चस्पां किया गया है। इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं फिलहाल बुधवार 2 अगस्त, रात्रि 12 बजे तक, बंद की गई हैं। तीन अन्य जिलों से पुलिस बल मंगवाया गया है। अद्र्धसैनिक बलों की 20 कंपनियां भी तैनात की जा रही हैं। इलाके में सांप्रदायिक तनाव है। गोलीबारी और पथराव की घटनाएं रुक-रुक कर हो रही हैं। बेशक मेवात का इलाका एक 'चक्रव्यूह' की तरह है और यह 'चक्रव्यूह' मुसलमानों का बुना हुआ है। इलाके की करीब 80 फीसदी आबादी मुस्लिम है और शेष 20 फीसदी आबादी हिन्दुओं समेत अन्य समुदायों की है। मेवात साइबर अपराध का घेरेबंदी वाला अड्डा भी है। यहां की अल्पशिक्षित जमात साइबर अपराधों के जरिए लाखों की फिरौतियां वसूलती है, लेकिन ज्यादातर अपराधी कानून और पुलिस की गिरफ्त से बहुत दूर हैं। अहम और चिंतित सवाल तो यह है कि सांप्रदायिक हमला क्यों किया गया? भीड़ इतनी उन्मादी और जहरीली क्यों हो गई? यह फितरत कब बदलेगी? आखिर सांप्रदायिक उन्माद का सबब क्या है? दरअसल सावन के महीने में भगवान शंकर की शोभा-यात्रा हर साल निकाली जाती है। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी सरीखे हिन्दू संगठनों की 'ब्रजमंडल यात्रा' में शिरकत भी एक परंपरा है। इस बार शोभा-यात्रा पर जो पथराव किया गया, सांप्रदायिक हमला किया गया, वह 'अभूतपूर्व' था। यह विश्लेषण भी किया जा रहा है कि हरियाणा के भिवानी में जिन दो मुस्लिम युवाओं को जला कर मार दिया गया था और मोनू मानेसर को मुख्य आरोपित तय किया गया था, यह हमला नासिर-जुनैद की हत्या का प्रतिशोध था। मृतक मुस्लिम नौजवानों पर गो-तस्करी का आरोप था। एक वीडियो के जरिए प्रचारित किया गया था कि मोनू मानेसर भी शोभा-यात्रा में शामिल हो सकता है, लिहाजा हमले की व्यूह-रचना पहले से ही तैयार की गई।

## देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही

# आगे बढ़ता भारत आखिर महिलाओं और बच्चियों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहा है?

ललित गर्ग

> राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2021 के बीच यानी मात्र तीन वर्षों में देश भर में 13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। इन लापता होने वाली लड़कियों और महिलाओं में दलित, आदिवासी जनजाति की संख्या ज्यादा है। एक आदिवासी महिला के देश के राष्ट्रपति होने के बावजूद महिलाओं पर बढ़ते अपराध एवं लापता होने की घटनाएं अधिक चिन्ता का सबब है। विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर एवं दुनिया की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही हैं।

**मणिपुर** में 19 जुलाई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने का वीडियो वायरल हुआ था, उस घटना ने देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है। अब ऐसी ही एक घटना पश्चिम बंगाल के मालदा में सामने आई है। यहां भीड़ ने दो महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। यह घटना मालदा के बामनगोला पुलिस स्टेशन के पाकुआ हाट इलाके में हुई। दोनों पीड़ति महिलाएं आदिवासी हैं। जब उनकी पिटाई हो रही थी और कपड़े उतारे जा रहे थे तो पुलिस वहां मूकदर्शक बनी खड़ी हुई थी। बात केवल आदिवासी महिलाओं की नहीं है, बात केवल महिलाओं पर हो रहे अपराधों, यौन-उत्पीड़न, बलात्कार, हिंसा की भी नहीं है, बल्कि अधिक विचलित करने वाली बात महिलाओं एवं बच्चियों के लापता होने की है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2021 के बीच यानी मात्र तीन वर्षों में देश भर में 13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। इन लापता होने वाली लड़कियों और महिलाओं में दलित, आदिवासी जनजाति की संख्या ज्यादा है। एक आदिवासी महिला के देश के राष्ट्रपति होने के बावजूद महिलाओं पर बढ़ते अपराध एवं लापता होने की घटनाएं अधिक चिन्ता का सबब है। विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर एवं दुनिया की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही हैं। आज जब देश में हर मुद्दे पर बहस छिड़ जाना आम बात हो गई है, दर्जनों टी.वी. चैनल एक से ही सवाल पर घंटों बहस करते हैं, आम चुनाव की चौखट पर खड़े देश के राजनीतिक दल ज्वलंत मुद्दों के नाम पर सरकार को घेरने की तलाश में रहते हैं तो इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के लापता होने एवं यौन-उत्पीड़न के सवाल पर बहस क्यों नहीं छेड़ी जाती? बहस इस बात पर भी होनी चाहिए कि दिल्ली के निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को कठोर किया गया लेकिन कानून बन जाने के बाद भी स्थितियां क्यों नहीं सुधरी हैं? चिन्ता का कारण है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में कोई विशेष कमी आती नहीं दिख रही है। वे पहले की ही तरह यौन अपराधियों का शिकार बन रही हैं, लापता हो रही है। छेड़छाड, बलात्कार, अपहरण, लापता होने और दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि तमाम कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं होने के बावजूद आखिर इतनी बड़ी संख्या में लड़कियां और महिलाएं कहां गायब हो रही हैं? यह वह प्रश्न है, जिसका उत्तर नीति-नियंताओं के साथ ही समाज को भी देना होगा, क्योंकि यह ऐसा मामला नहीं, जिसके



लिए केवल सरकारों को कठघरे में खड़ा कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाए। गायब होती लड़कियों और महिलाओं के मामले में समाज भी उत्तरदायी है। स्वयं को देश का भाग्य निर्माता मानने वाले राजनीतिक दल भी इसके दोषी हैं। इन सबको अपने अंदर झांकना होगा और स्वयं से यह प्रश्न करना होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश के कई हिस्सों में अभी बालक-बालिकाओं का अनुपात संतुलित नहीं हुआ है, क्योंकि कन्या भ्रूण हत्या का सिलसिला कायम है। यह सिलसिला कानूनों को कठोर करने के बाद भी कायम है। गायब होने वाली लड़कियों में अच्छी-खासी संख्या नाबालिग लड़कियों की भी है। इसका मतलब है कि नारी सुरक्षा का मामला बहुत ही गंभीर है। यह मानने का कोई कारण नहीं कि 2021 के बाद स्थितियों में सुधार आया होगा, क्योंकि लड़कियों और महिलाओं के लापता होने या उनका अपहरण किए जाने अथवा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के समाचार आए दिन आते ही रहते हैं। महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में महिलाओं को लेकर गलत धारणा है कि महिलाएं या बेटियां शोषण एवं उत्पीड़न के लिये ही हैं। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि वे भोग्य की वस्तु है? उन्हें पांव के नीचे रखा जाना चाहिए। यों लापता होने की घटनाएं आए दिन होने वाले जघन्य अपराधों की ही अगली कड़ी है, मगर यह पुरुषवादी सोच और समाज के उस ढांचे को भी सामने करती है, जिसमें महिलाओं की सहज जिंदगी लगातार मुश्किल बनी हुई है, संकटग्रस्त एवं असुरक्षित है। भले ही महिलाओं ने अपनी जंजीरों के खिलाफ बगावत कर दी है, लेकिन देश में ऐसा वर्ग भी है जहां आज भी महिलाएं अत्याचार का शिकार होती है। देश के अन्य हिस्सों की ही भांति गुजरात एवं मध्य प्रदेश में आदिवासी महिलाएं बड़ी संख्या में लापता हो रही हैं। भले एक खास महिला वर्ग ने आर्थिक मोर्चे पर आजादी हासिल की है, लेकिन एक बड़ा महिला वर्ग आज भी पुरुषप्रधान समाज की संकीर्ण एवं विकृत सोच का शिकार है। ऐसा माहौल कायम है तभी आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र की तमाम महिलाएं अपनी अस्मिता एवं अस्तित्व की सुरक्षा की गुहार लगातीं हुई दिखाई देती है। इसलिये कि उन्हें सदियों से चली आ रही मानसिकता, साजिश एवं सजा के द्वारा भीतरी सुरंगों में धकेल दिया जाता है, अत्याचार भोगने को विवश किया जाता है। बात मणिपुर की दो महिलाओं या बंगाल के मालदा में दो महिलाओं को नग्न करने या समूचे देश में महिलाओं के लापता होने से अधिक चिन्ता की बात यह है कि इन शर्मसार करने एवं झकझोर देने वाली घटनाओं पर भी राजनीतिक दल राजनीति करने से बाज नहीं आते। इन अति संवेदनशील मुद्दों पर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकना दुर्भाग्यपूर्ण है। अच्छा हो सभी मिलकर नारी सम्मान के प्रति सचेत और संवेदनशील होकर उनके लापता होने, उन पर लगातार हो रहे अत्याचारों को रोकने की दिशा में कोई प्रभावी एवं सार्थक पहल करें। गायब होती लड़कियों और महिलाओं की बड़ी संख्या यही बताती है कि भारतीय समाज उनके प्रति अनुदार है। इस अनुदारता को दूर करने के लिए सबसे अधिक राजनीतिक वर्ग को ही आगे आना होगा और अनिवार्य रूप से समाज को भी। नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस तरह नारी एवं बालिका शक्ति ने अपना महत्व तो दुनिया समझाया है, लेकिन नारी एवं बालिका के प्रति हो रहे अपराधों में कमी न आना, घरेलू हिंसा का बढ़ना, आदिवासी-दलित महिलाओं एवं बालिकाओं पर अत्याचारों का बढ़ना एवं उनका लापता होना, उनकी सुरक्षा खतरे में होना- ऐसे चिन्तनीय प्रश्न हैं, जिन पर सरकार को कठोर बनना होगा, सख्त व्यवस्था बनानी होगी। सरकार ने सख्ती बरती है, लेकिन आम पुरुष की सोच को बदलने बिना नारी एवं बालिका सम्मान की बात अधूरी ही रहेगी।

# कुदरत के अश्क बन रहे आफत

> दिशाहीन विकास के खुमार में लोगों ने भले ही गांव की धरोहर तालाब व प्राकृतिक जलस्रोतों का वजूद मिटा दिया है, मगर मूसलाधार बारिश ने सडक़ों व शहरों को तालाबों व नदी-नालों में तब्दील करके पूरी शिद्दत से एहसास करा दिया कि कुदरत की ताकत को कमजोर आंकना तथा प्रकृति से छेड़छाड़ के नतीजे हमेशा भयंकर साबित होंगे। कई पर्यावरण विज्ञानी, पर्यावरणकत्र्ता व बुद्धिजीवी वर्ग के लोग तथा राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रकृति से हो रहे खिलवाड़ व पर्यावरण के नुकसान पर अक्सर चिंता व्यक्त करते हैं। मगर विनाश को अंजाम देने वाले विकास की जद्दोजहद में वशीभूत व्यवस्था पर किसी हिदायत का असर नहीं होता। अन्यत्रित हो चुके विकास की हदूद व पैमाना तय नहीं हो रहा। विकास व पर्यटन के नाम पर हिमाचल के पहाड़ों का कुदरती स्वरूप बिगड़ रहा है। शासन, प्रशासन व सरकारी व्यवस्था में बैठे अहलकारों को समझना होगा कि हिमाचल केवल पर्यटन व धार्मिक स्थलों के लिए ही विख्यात नहीं है।

**धरती** पर प्रकृति व प्राकृतिक संसाधन कुदरत की अनमोल देन हैं। भौतिकतावाद की बेहिसाब हसरतों तथा जरूरत से ज्यादा ख्वाहिशों के चलते मनुष्य कुदरत के सब्र का इम्तिहान लेने की हिमाकत में लगा रहता है। विकास का नकाब ओढ़ कर प्रकृति का दोहन व प्राकृतिक संसाधनों का विनाश सामान्य बात हो चुकी है। लेकिन सर्वशक्तिमान कुदरत अपनी सर्वोच्च अदालत में खुद मुंसिफ है। किसी चश्मदीद की जरूरत नहीं पड़ती। कुदरत अपना न्याय पूरे प्रतिशोध भरे अंदाज में करती है। कुदरत के अश्क जब आसमान से आफत बनकर बरसते हैं तो प्रकृति का प्रकोप रोज-ए-महशर साबित होता है। कयामत के उस खौफनाक मंजर में संभलने का मौका नहीं मिलता। दिशाहीन विकास के खुमार में लोगों ने भले ही गांव की धरोहर तालाब व प्राकृतिक जलस्रोतों का वजूद मिटा दिया है, मगर मूसलाधार बारिश ने सडक़ों व शहरों को तालाबों व नदी-नालों में तब्दील करके पूरी शिद्दत से एहसास करा दिया कि कुदरत की ताकत को कमजोर आंकना तथा प्रकृति से छेड़छाड़ के नतीजे हमेशा भयंकर साबित होंगे। कई पर्यावरण विज्ञानी, पर्यावरणकत्र्ता व बुद्धिजीवी वर्ग के लोग तथा राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रकृति से हो रहे खिलवाड़ व पर्यावरण के नुकसान पर अक्सर चिंता व्यक्त करते हैं। मगर विनाश को अंजाम देने वाले विकास की जद्दोजहद में वशीभूत व्यवस्था पर किसी हिदायत का असर नहीं होता। अन्यत्रित हो चुके विकास की हदूद व पैमाना तय नहीं हो रहा। विकास व पर्यटन के नाम पर हिमाचल के पहाड़ों का कुदरती स्वरूप बिगड़ रहा है। शासन, प्रशासन व सरकारी व्यवस्था में बैठे अहलकारों को समझना होगा कि हिमाचल केवल पर्यटन व धार्मिक स्थलों के लिए ही विख्यात नहीं है। देश की सरहदों की सुरक्षा के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश की सामरिक भूमिका बेहद अहम है। पश्चिमी मोर्चे पर आतंक का मरकज पाकिस्तान भारत विरोधी नफरत में जल रहा है। यदि पाकिस्तान की किसी साजिश के तहत नियंत्रण रेखा का महाज खुल जाए तो हालात बेहद कसीदा हो जाएंगे। वास्तविक नियंत्रण रेखा के उस पार बैठा खामोश तबीयत वाला भारत का दुश्मन चीन यदि एलएसी पर कोई दखलअंदाजी पेश करे तो सेना को कश्मीर, लद्दाख व सियाचिन तक पहुंचने का महफूज विकल्प हिमाचल के राष्ट्रीय राजमार्ग ही होंगे। लेकिन बरसात के मौसम में हर वर्ष पुलों का सैलाब में बह जाना व सडक़ों में धंसाव की घटनाओं से आधुनिक तकनीक व निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आपदाओं की चपेट में आ रहे विकास कार्यों पर समूचे सरकारी तंत्र में व्याप्त लापरवाही की पोल खुल रही है। हजारों की तादाद में बेसहारा पशु जगह-जगह हुजूम बनाकर सडक़ों को अपना कयाम बना चुके हैं। टूरिज्म के नाम पर वाहनों की बढ़ती संख्या से ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ रही है। भू-स्खलन से सडक़ें अवरुद्ध हो रही हैं। देश की सरहदों की सुरक्षा में राष्ट्रीय राजमार्गों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर कोई समझौता नहीं हो सकता। लिहाजा सूबे की सियासत व मरकजी हुकूमत तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को इस विषय पर संजीदगी दिखानी होगी। विडंबना है कि आधुनिक विकास एक बरसात की मार झेलने में असमर्थ साबित हो रहा है, मगर राजाओं द्वारा प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना सदियों पूर्व निर्मित किए गए धार्मिक स्थल कई प्राकृतिक आपदाओं से टकराने के बावजूद सीना तानकर खड़े हैं। बिलासपुर में गोविंद सागर झील में सैकड़ों वर्ष पुराने जलमग्न मंदिर सुरक्षित खड़े हैं। सन् 2013 में उत्तराखंड में आई बाढ़ में केदारनाथ मंदिर सुरक्षित रहा। उसी प्रकार नौ जुलाई को मंडी जिला में सदियों पुराना 'पंचवक्त्र' मंदिर भी ब्यास नदी के सैलाब की भयंकर लहरों के बीच सुरक्षित खड़ा रहा। राजाओं द्वारा पहाड़ों पर तामीर करवाए गए सैकड़ों वर्ष पुराने किलों का कई जलजले व प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के बावजूद महफूज रहना तस्दीक करता है कि पुरखों की शिल्पकला में तकनीक व गुणवत्ता का पैमाना बेहद उम्दा था। देश के नीति निर्माताओं व आधुनिक इंजीनियरों को पुरखों की शिल्पकला से सीख लेने की जरूरत है। इनसानी गतिविधियों का कुदरत के निजाम से तालमेल संचालित करना होगा। मौजूदा दौर में पहाड़ों पर शहरीकरण का दायरा बढ़ रहा है। मशीनीकरण के प्रहारों तथा सुरंगों के लिए विस्फोट से पहाड़ों का तवाजुन बिगड़ रहा है। नदियां, नाले व खड्डें अतिक्रमण की जद में आ चुके हैं। भारी बारिश से नदियों का जलस्तर बढने से सैलाब जैसी सूरतेहाल में लोग मौत की आगोश में समा रहे हैं। आशियाने बाढ़ की भेंट चढ़ रहे हैं। विनाश की पटकथा लिखने वाला अनियोजित विकास पहाड़ों के वजूद पर गर्दिश पैदा कर रहा है। अवैध खनन नदियों के कुदरती बहाव व पुलों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा साबित हो रहा है। प्रकृति रौद्र रूप धारण करके गहरे जख्म देने पर आमादा है। प्रदूषण उगलने वाले उद्योग, अतिक्रमण, बेतरतीब ढंग से बढ़ रहे शहरीकरण व राज्य में प्रवासियों की बढ़ती तादाद तथा प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाले पर्यटन पर सत्ताधीशों को सरकारी नीतियों में तब्दीली का मसौदा तैयार करना होगा।

## नागरिक बोध

# मेवात-मणिपुर सांप्रदायिक हिंसा

**भारत** मूलतः विविधताओं का देश है, विविधताओं में एकता ही यहाँ की सामासिक संस्कृति की स्वर्णिम गरिमा को आधार प्रदान करती है। वैदिक काल से ही सामासिक संस्कृति में अंतर और बाह्य विचारों का अंतर्वेशन ही यहाँ की विशेषता रही है, इसलिये किसी भी सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करना भारत में सुलभ है। इसी परिप्रेक्ष्य में धार्मिक सहचार्यता भी इन्हीं विशेषताओं में से एक रही है, इसका अप्रतिम उदाहरण सूफीवाद में देखा जा सकता है जहाँ पर इस्लामिक एकेश्वरवाद और भारतीय धर्मों की कुछ विशेषताओं का स्वर्णिम संयोजन हुआ तथा परिणामस्वरूप एक संश्लेषित धार्मिक वैचारिकता का सफल अनुगमन हुआ। किंतु हाल के वर्षों में भारत की सांस्कृतिक विविधता-सांस्कृतिक विषमता में अंतरित हो रही है जिससे लोगों के मध्य सद्भाव में ह्रास के साथ ही सांस्कृतिक विशेषता पर भी नकारात्मक प्रभाव भी पड़ रहा है। एक राजनीतिक दर्शन के रूप में सांप्रदायिकता की जड़ें भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता में मौजूद हैं। भारत में सांप्रदायिकता का प्रयोग सदैव ही धार्मिक और जातीय पहचान के आधार पर समुदायों के बीच सांप्रदायिक घृणा और हिंसा के आधार पर विभाजन, मतभेद और तनाव पैदा करने के लिये एक राजनीतिक प्रचार उपकरण के रूप में किया गया है। सांप्रदायिक हिंसा एक ऐसी घटना है जिसमें दो अलग-अलग धार्मिक समुदायों के लोग नफरत और दुश्मनी की भावना से लामबंद होते हैं और एक-दूसरे पर हमला करते हैं। देश में फेक न्यूज़ के तीव्र प्रसार से सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। सोशल मीडिया हिंसा के माध्यम से दंगों और हिंसा के ऑडियो-विज़ुअल का प्रसार काफी सुगम और तेज़ हो गया है। हिंसा से संबंधित ये अमानवीयता ग्राफिक चित्रण आम जनता में अन्य समुदायों के प्रति घृणा को और बढ़ा देते हैं। पत्रकारिता की नैतिकता और तटस्थता का पालन करने के स्थान पर देश के अधिकांश मीडिया हाउस विशेष रूप से किसी-न-किसी राजनीतिक विचारधारा के प्रति झुके हुए दिखाई देते हैं, जो बदले में सामाजिक दरार को चौड़ा करता है। वर्तमान समय में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने राजनीतिक लाभों की पूर्ति के लिये सांप्रदायिकता का सहारा लिया जाता है। एक प्रक्रिया के रूप में राजनीति का सांप्रदायीकरण भारत में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश में सांप्रदायिक हिंसा की तीव्रता को बढ़ाता है। भारतीय लोगों में आमतौर पर मूल्य-आधारित शिक्षा का अभाव देखा जाता है, जिसके कारण वे बिना सोचे-समझे किसी की भी बातों में आ जाते हैं और अंधानुकरण करते हैं। विकास का असमान स्तर, वर्ग विभाजन, गरीबी और बेरोज़गारी आदि कारक सामान्य लोगों में असुरक्षा का भाव उत्पन्न करते हैं। असुरक्षा की भावना के चलते लोगों का सरकार पर विश्वास कम हो जाता है, परिणामस्वरूप अपनी ज़रूरतों/हितों को पूरा करने के लिये लोगों द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों, जिनका गठन सांप्रदायिक आधार पर हुआ है, का सहारा लिया जाता है। दो समुदायों के बीच विश्वास और आपसी समझ की कमी या एक समुदाय द्वारा दूसरे समुदाय के सदस्यों का उत्पीड़न आदि के कारण उनमें भय, शंका और खतरे का भाव उत्पन्न होता है। इस मनोवैज्ञानिक भय के कारण लोगों के बीच विवाद, एक-दूसरे के प्रति नफरत, क्रोध और भय का माहौल पैदा होता है। सांप्रदायिक हिंसा के दौरान निर्दोष लोग अनियंत्रित परिस्थितियों में फँस जाते हैं, जिसके कारण व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों का हनन होता है। सांप्रदायिक हिंसा के कारण जानमाल का काफी अधिक नुकसान होता है। सांप्रदायिक हिंसा वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देती है और सामाजिक सामंजस्य प्रभावित होता है। यह दीर्घावधि में सांप्रदायिक सद्भाव को गंभीर नुकसान पहुँचाती है।

## देश दुनीया से

# क्वालिटी एजुकेशन की जरूरत क्यों?

> शिक्षा की बदौलत ही मनुष्य ब्रह्मांड की विशालता और परमाणुओं में इसके अस्तित्व के रहस्य का पता लगा सका है। अगर शिक्षा न होती तो गुरुत्वाकर्षण (ग्रेविटी), संज्ञानात्मक असंगति (कॉग्निटिव डिसोनेन्स), लेजर से होने वाले ऑपरेशन और लाखों अन्य ऐसे कॉन्सेप्ट्स मौजूद न होते। आज भी कई ऐसे देश हैं जो गुणात्मक शिक्षा की दौड़ में पिछड़ रहे हैं। हम भी ऐसे देशों की पंक्ति से अभी बाहर नहीं निकल पाए हैं। बेल्जियम स्थित संगठन एजुकेशन इंटरनेशनल (ईआई) क्वालिटी एजुकेशन को परिभाषित करते हुए कहता है कि यह लिंग, नस्ल, जातीयता, सामाजिक-आर्थिक स्थिति या भौगोलिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रत्येक छात्र के सामाजिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास पर केंद्रित होती है। सामान्य भाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग है और चाहे कोई भी क्षेत्र हो गुणवत्ता की मांग हर जगह होती है।

**क्वालिटी** एजुकेशन (गुणात्मक शिक्षा) एक ऐसा बिंदु है जिसको लेकर सभी राज्य सरकारें संजीदा हो गई हैं। यूं भी पिछले वर्षों में हमारे समाज ने जो भी प्रगति की है, उसकी वजह शिक्षा है। शिक्षा समाज का आधार होती है। यह सुधारों को जन्म देती है और नए विचारों (इनोवेशन) के लिए रास्ता तैयार करती है। इस सम्बन्ध में क्वालिटी एजुकेशन के महत्व को कमतर नहीं आंका जा सकता। यही वजह है कि महान शख्सियतों ने एक सभ्य समाज में इसके महत्व पर विस्तार से लिखा है। शिक्षा की बदौलत ही मनुष्य ब्रह्मांड की विशालता और परमाणुओं में इसके अस्तित्व के रहस्य का पता लगा सका है। अगर शिक्षा न होती तो गुरुत्वाकर्षण (ग्रेविटी), संज्ञानात्मक असंगति (कॉग्निटिव डिसोनेन्स), लेजर से होने वाले ऑपरेशन और लाखों अन्य ऐसे कॉन्सेप्ट्स मौजूद न होते। आज भी कई ऐसे देश हैं जो गुणात्मक शिक्षा की दौड़ में पिछड़ रहे हैं। हम भी ऐसे देशों की पंक्ति से अभी बाहर नहीं निकल पाए हैं। बेल्जियम स्थित संगठन एजुकेशन इंटरनेशनल (ईआई) क्वालिटी एजुकेशन को परिभाषित करते हुए कहता है कि यह लिंग, नस्ल, जातीयता, सामाजिक-आर्थिक स्थिति या भौगोलिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रत्येक छात्र के सामाजिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास पर केंद्रित होती है। सामान्य भाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग है और चाहे कोई भी क्षेत्र हो गुणवत्ता की मांग हर जगह होती है। यह बच्चे को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि पूरी जिंदगी के लिए तैयार करती है। 2012 में संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार अपने सतत विकास लक्ष्यों में क्वालिटी एजुकेशन को शामिल किया। इसके अलावा आधुनिक समय में शिक्षा टेक्नोलॉजी से काफी प्रभावित है। इस टेक्नोलॉजी ने छात्रों के लिए शिक्षा को पाना आसान बनाया है। क्वालिटी एजुकेशन न केवल एक छात्र को नौकरी के लिए तैयार करती है, बल्कि वह व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व का भी विकास करती है। बच्चों के मामले में, इसका उद्देश्य उनकी पूर्ण परवरिश करना है, जिसके तहत उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली जीने में मदद करने के लिए पाठ्यक्रम (करिकुलम) के एक हिस्से के रूप में मूल्य और नैतिकता सिखाए जाते हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा क्या होती है, इसको समझें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मतलब ऐसी शिक्षा से है जो अपने निर्माण के उद्देश्यों को अच्छी तरह समझती हो और आपके लिए फायदेमंद है। अगर आधुनिक युग की बात की जाए तो किसी भी देश की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण कहना गलत होगा। वर्तमान की शिक्षा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति करने में असफल रही है। क्वालिटी एजुकेशन में प्रायः उसी शिक्षा का समावेश होता है जो शिक्षा शिक्षण-अधिगम में छात्रों की रुचि एवं क्षमताओं को समझे एवं समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति करे और छात्रों को जीवनदान देने योग्य बनाए। संयुक्त राष्ट्र एक अधिक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य के लिए शिक्षा के महत्त्व को समझता है और इसलिए उसका मानना है कि केवल एजुकेशन नहीं, बल्कि क्वालिटी एजुकेशन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अपने सतत विकास लक्ष्यों में, संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक दुनिया में बदलाव लाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को एक प्रमुख लक्ष्य के रूप में पहचाना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से तात्पर्य सभी के लिए समान और मानक शिक्षा है जो आजीवन सीखने और ज्ञान की प्राप्ति को बढ़ावा दे। समावेशिता और समानता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव है, न कि ऊंची साक्षरता दर।

# पुलिस ने अफीम सौदागर का ब्लाइंड मर्डर कांड का किया खुलासा

➲साक्ष्य छुपाने के लिए पत्थर से कूच कर सड़क दुर्घटना का बनाया था मामला
➲पुलिस ने बड़ी मसक्त से दो हत्यारे को किया गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों किया गया ब्लाइंड मर्डर को पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में कारू गंझू व जानकी कुमार गझू का नाम शामिल हैं। पुलिस ने हत्या आरोपी के पास से लुटे गए एक लाख 95 हजार रुपये के साथ दो मोबाइल और एक अपाची मोटरसाइकिल भी जब्त किया है। यह जानकारी सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि बीते 28 जुलाई को कुंदा थाना क्षेत्र के करिलगड़वा जंगल के परसाटांड़ जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव एवं मोटरसाईकिल पड़ा हुआ मिला था । जिसका पहचान ककनातु के शिवकुमार तुरी के रूप में हुई थी। जिसकी हत्या अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा करने के उपरांत पत्थर से कूच कर दुर्घटना का रूप देने के प्रयास किया गया। था। उन्होंने बताया की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम ने कांड का उद्भेदन करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या का कारण पैसा है। पैसा के कारण ही उक्त मृतक युवक की हत्या हुई थी। दोनों हत्यारे अफीम लेने देने की बात कह कर मृतक को बुलाया था। उसके पास मौजूद रूपये देख दोनों की नीयत में बेईमानी हो गयी थी इसी वजह से दोनों सुनियोजित तरीके से उसे हत्या कर सड़क दुर्घटना का अंजाम दिया था और उसके पास से सारा रूपये ले लिया था। लेकिन पुलिस ने आखिरकार मामले में दोषी हत्यारे को ढूंढ हीं लिया। अभियान में सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, कुंदा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मोती राम देवगम, पुरुषोत्तम लागुरी सहित कुंदा थाना के सशत्र बल में जवान शामिल थे।

## बारिश से गिरे हुए घर का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर पंचायत के रहने वाला अनूप कुमार पिता स्वर्गीय शंकर साव का मकान विगत दो दिन पहले भारी बारिश के कारण अनूप कुमार का घर ध्वस्त हो गया है। यह काफी गरीब हैं इनके पास घर बनाने के लिए एक भी पैसा नहीं है इसका कोई रोजगार नहीं है बिल्कुल बेरोजगार है इनका छोटे-छोटे तीन पुत्री हैं उनकी पत्नी कुछ दिन पहले माइके चली गई है अनूप कुमार एवं उनके परिवार के रहने के लिए घर नहीं है यही टूटे-फूटे घर में रहने के लिए अनूप कुमार विवश है इनके जर्जर घर में कभी भी बड़ी घटना होने की संभावना है अनूप कुमार ने चतरा सांसद महोदय एवं लातेहार जिला उपायुक्त महोदय बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय से प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने के लिए गुहार लगाएं है। वहीं सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने स्थल का निरीक्षण किया सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बताया कि स्थल जांच के बाद पता चला कि इनका घर भारी बारिश के कारण ध्वस्त हो गए हैं। इनके एवं इनके परिवार को रहने के लिए घर नहीं है मैं अपने स्तर से पत्र के माध्यम से चतरा सांसद महोदय लातेहार जिला उपायुक्त महोदय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बरवाडीह को अवगत कराऊंगा भाजपा महामंत्री मुन्ना गुप्ता ने बताया कि भाजपा संगठन के साथ हैं मैं अपने स्तर से जो भी होगा पीड़ित परिवार को मदद करने का भरोसा दिलाया।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुटवागढ़ के चारदीवारी निर्माण की मांग



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के पंचायत छेंचा के पुटवागढ़ स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या 45 है। एक शिक्षक की देखरेख में किसी तरह पढ़ाई हो रही है। गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई एक शिक्षक के भरोसे क्या होगा यह सभी जानते हैं वह इसलिए कि रिपोर्ट तैयार करना है। हालांकि अभिभावक व ग्रामीण बताते हैं कि विद्यालय के रखरखाव, पढ़ाई-लिखाई पूर्व की अपेक्षा काफी हद तक सुधार हुआ है।प्रधानाध्यापक दीपक कुमार ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक दिन लगभग 70 से 80 प्रतिशत रहती है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे हैं विद्यालय में चारदिवारी नहीं होने से परेशानी है। इसके अलावा किचन सेड काफी जर्जर हो चुका है जिससे कि मध्याह्न भोजन बनाने में दिक्कत होती है। उन्होंने विद्यालय के चारदीवारी निर्माण की मांग विभागीय स्तर से की है।

## लोध फॉल का मनोरम हुआ दृश्य

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत लोध फोल जल प्रपात झारखंड का सबसे ऊंचा लोध जलप्रपात है जो बाढ़ में और भी ज्यादा सुंदर हो जाता है। दर्शकों की भीड़ बढ़ने लगती है कहते है यहां पर आने में मन ताजा जो जाता है। लोध फोल की ऊंचाई 420 फिट की ऊंचाई से पानी गिरता है। मुख्यालय से महज 17 किलोमीटर है। लोध फोल की देख रे ख के लिए इको विकास समिति कार्य करती है,जो कि समिति के लोग हर संभव प्रयास रहती है लोगो को सुरक्षित रखने का प्रयास रहता है। ज्यादा बारिश होने पर लोगो को दूर से देखने लिय कहा जाता है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में कहीं सेविका/सहायिका और बच्चे गायब तो कहीं बच्चों की उपस्थिति नगण्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में गुरुवार को कहीं सेविका/सहायिका और बच्चे गायब तो कहीं बच्चों की उपस्थिति नगण्य देखा गया। जबकि सेविकाएं पूर्व शिक्षा उपस्थिति पंजी में 35 से 40 बच्चों को नामांकित कर रखा है किंतु जांच के दौरान केंद्र में महज 8 से 10 बच्चे उपस्थित पाए जाते हैं और सेविकाएं द्वारा उपस्थिति पंजी में बच्चों की उपस्थिति 30 से अधिक दर्ज कर ली जाती है। गुरुवार को पत्रकार के टीम ने जब कटिया आंगनबाड़ी केंद्र में जांच किया तो उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका और सहायिका अनुपस्थिति पाई गई। वहीं एक भी बच्चे केंद्र में नहीं थे। साथ हीं केंद्र का गेट सेविका की पुत्री खोल कर बैठी हुई थी। इसके उपरांत मुरवे आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका अनुपस्थित और सहायिका उपस्थित थी तथा बच्चे नदारद थे। डाड़ी भाग 3 आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका/सहायिका के अलावे 10 बच्चे उपस्थिति थे और बच्चों को नास्ते में चना दिया गया था जिसे बच्चे किसी तरह खा रहे थे। साथ हीं उपस्थिति पंजी संधारण नहीं किया गया था। तदोप्रांत बकचोमा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका मात्र 6 से 7 बच्चे लेकर उपस्थित थी। जबकि पगार आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका/ सहायिका के अलावा 8 से 10 बच्चे उपस्थित थे। जबकि उपस्थिति पंजी में बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। किंतु पिछले 2 अगस्त को 31 बच्चों की उपस्थिति हाजरी बही में बनाई हुई थी। इस तरह आंगनबाड़ी सेविकाओं के लापरवाही को लेकर सीडीपीओ रीना साहू से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मामला से संबंधित सेविकाओं को अविलंब स्पष्टीकरण पत्र निकाल कर पूछा जाएगा और संतोषजनक जवाब नहीं देने पर वैसे लापरवाह तथा बच्चों के अनाज पर डाका डालने वाली सेविकाओं के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा की क्या वैसे सेविकाओं पर कार्रवाई की जाएगी या खानापूर्ति कर मामले को वारे न्यारे कर दिया जाएगा।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के श्रीराम वाटिका में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल व संचालन जिला मंत्री संजय तिवारी ने किया। इस दौरान संगठन विस्तार को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई।मौके पर विहिप विभाग मंत्री कुमार गौरव ने कहा कि हिन्दू हितचिंतन, सेवा, सुरक्षा, संस्कार के मार्ग पर चलने वाला हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल है। इस संगठन को कोई जाति एवं राजनीतिक से मतलब नहीं है। यह संगठन बजरंगबली के आदर्श पर चलने वाला संगठन है। जिला मंत्री श्री तिवारी ने कहा कि हिंदू धर्म विरोधीयों ने लोभ लालच देकर भोले भाले हिन्दू को धड़ल्ले से धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। धर्मान्तरण पर चर्चा करते हुए उन्होंने धर्म परिवर्तन को रोका जाए एवं सभी हिन्दुओं को एकजुट होने की बात कही।आगे उन्होंने कहा कि सभी घरों में तुलसी की पौधा तथा बजरंगबली की झंडा होना आवश्यक है। इस दौरान विहिप व बजरंग दल के नेताओं ने बारी बारी से अपने अपने विचार रखे। बैठक के दौरान रितेश महलका को बजरंगदल के नाम चार डिसमिल जमीन दान देने के उपलक्ष में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जानकारी दी गई की 29 नवंबर को भूमि पूजन की जाएगी। मौके पर विभाग अध्यक्ष शिवप्रकाश गुप्ता, विभाग सम्पर्क प्रमुख दिनेश दुवेदी, जिला मंत्री संजय तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष कौशल किशोर राज, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद गुप्ता, धर्माचार्य प्रमुख सुभाष सिंह, जिला सह संयोजक नितीश, दुर्गावाहिनी संयोजिका कंचन उपस्थित थे।

## 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर 8 अगस्त को की जाएगी बैठक

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार कक्ष में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को अच्छे तरीके से मनाने एवं समय सारणी निर्धारित करने को लेकर 8 अगस्त को बैठक रखी गई है। इस आशय की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने परपत्र जारी कर बताया है। एवं प्रखंड में सभी विभाग के अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए लिखा है। बैठक दोपहर 2:00 बजे से रखी गई है।

## शहर में कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना : विनोद सोनी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बसपा के जिला अध्यक्ष, अजय कुमार भारती एवं बसपा पलामू लोकसभा प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र विनोद कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है,कि मेदिनीनगर निगम क्षेत्रों में जानलेवा विद्युत पोल, टेलीफोन पोल एवं सड़क पर पेड़ होने के वजह से लगातार दुर्घटना हो रही है और भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बना हुआ है। परन्तु संबंधित विभाग के लोग चैन की नींद सो रहे हैं। दो दिन पूर्व थाना से सटे हुए बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया ।संयोग कहिए की रोड पर उस वक्त पेड़ के चपेट में लोग नहीं आए नहीं तो दर्जनों लोग काल के गाल में समा जाते और संबंधित विभाग पल्ला झाड़ते नजर आती है।संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से आग्रह है कि रोड से सटे एवं बीच में आए पेड़, विद्युत पोल, एवं टेलीफोन पोल को अतिशीघ्र घटाने का करवाई किया जाए। शहर में डिवाइडर लगने से यातायात सुगम हो गई है। लेकिन रोड साइड में अतिक्रमण किया गया है। उसे भी जिला प्रशासन को अतिशीघ्र हटाने चाहिए।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर सेविकाओं को दी गयी प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के बाल विकास परियोजना सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर सीडीपीओ रीना साहू के मौजूदगी में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। सुरक्षित दवा भरोसा स्वास्थ का तहत क्षेत्र में 10 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक घर घर जाकर लोगों को दवा खिला कर क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। प्रशिक्षक देवकुमार पाठक, पीसीआई संस्था से अभिषेक काल्यायन ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। किसी भी उम्र को फाइलेरिया संक्रामक बीमारी हो सकता है। फाइलेरिया के लक्षण हाथ पांव में सूजन, हाथी पाँव होना, अंडकोष का सूजन होना आदि है। इस लिए सभी को फाइलेरिया बिमारी से बचने के लिए यह दवा खाना अनिवार्य है। मौके पर 52 सेविकाएं प्रशिक्षण में शामिल थी।

## अंगदान महोत्सव का किया गया आयोजन प्रखंड कर्मियों ने लिया शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अंगदान आयोजन को लेकर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के निगरानी में सभी प्रखंड कर्मी बृहस्पतिवार को शपथ लिया है। जिसमें लोगों ने अंगदान करने की शपथ लिया है। और गांव में भी जन जन तक प्रचार प्रसार करना है मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय कमलेश वर्मा जनसेवक चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह रामदेव ठाकुर मनोज मिश्रा बीपीओ रामकुमार सिंह रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी शालिनी कुमारी पार्वती देवी प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार जेएसएलपीएस से बीपीएम अभिषेक कुमार एफटीसी अनिल प्रजापति दिलीप कुमार अरुण कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर अमरजीत सिन्हा अभय कुमार सिन्हा सतीश कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## बनवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मोटर साईकिल एंबुलेंस बीमार हालत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** झारखंड सरकार स्वास्थ विभाग के प्रति लाखो करोड़ों रुपए खर्च करके अस्पताल का निर्माण करवाते लेकिन स्वास्थ विभाग के सरकारी आ गैर सरकारी कर्मचारी के कारण प्रखंड क्षेत्र के बनवारा में स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगभग एक से दो साल हो चला स्वास्थ विभाग के द्वारा दो मोटर साईकिल एंबुलेंस दिया गया।लेकिन आज तक किसी भी रोगी को एंबुलेंस सेवा का लाभ नही मिलने के कारण लाखो रुपए का मोटर साईकिल एंबुलेंस अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी के लापरवाही के कारण सरकार की संपति को सड़ाया जा रहा है। सूत्रों के हवाले से पता चला है की अस्पताल के कैंपस में बना स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों के लिए बना आवास में लगभग पांच से सात साल हो जिसमे किसी दूसरे जगह में कार्यरत स्वास्थ अनुबंध कर्मी आवास को अवैध रूप से सरकारी भवन में अपना खुद का प्राइवेट क्लीनिक खोल मरीजों को ईलाज कर अपने पूरे परिवार के साथ में रह रहा है।

## एनसीपी प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत उपमहाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राकंपा प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर राकंपा का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को विद्युत उपमहाप्रबंधक पलामू को ज्ञापन सौंपकर बिजली से संबंधित कई समस्याओं के निदान का मांग किया। इस संबंध में एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि हरिहरगंज में सिनेमा हॉल मोड़ के पास मेन रोड स्थित ट्रासफार्मर पर ओवरलोड की समस्या से निजात के लिए एक और ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही क्षेत्र में जर्जर पोल और तार बदलने की मांग की गई है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने रेहला जाकर बिजली की टावर मरम्मत साइट का भी जायजा लिया। कार्य प्रगति को देखते हुए बताया कि दो से तीन दिनों के अंदर क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली आपूर्ती शुरु हो जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मुखिया संदीप यादव, जितेंद्र मेहता, उदय मेहता ,रामप्रसाद भुईयां आदि शामिल थे।

## जिया पेट्रोल पम्प में रात्रि को हथियार से लैस लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम देकर हुए फरार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के डुमरी के सोवादाग स्थित जिया पेट्रोल पंप में रात्रि लगभाग 2 बजे हथियार से लैस पांच लुटेरों ने हथियार का खौफ देखा कर लूट की घटना को अंजाम दे कर फरार होने में सफल रहे।समय रहते शोर गुल सुनकर लोग जाग गए अन्यथा किसी अनहोनी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। मिली जानकारी के अनुसार दो अपाची मोटरसाइकिल पर पांच अपराधि आए सभी अपराधी हेलमेट एवं मुंह बांधे हुए थे। दो अपराधी के हाथ में देसी कट्टा था पेट्रोल पंप में घुसते ही नोजल मैन शालिग्राम सिंह,पप्पू यादव, एवं संतोष सिंह,को अपने कब्जे में ले लिया और इन लोगों के साथ मारपीट करने लगे जिसके बाद नोजल मैन शालिग्राम सिंह का मोबाइल एवं इनके पास से लगभग नगद 39610 रुपए लूट कर लुटेरे भागने में सफल रहे। अपराधियों के द्वारा और पैसे लूटने की मंसूबा था। लेकिन अन्य कर्मियों ने अपराधियों को देख लिया और शोर मचाने लगे जिससे अपराधी अपने को भी असुरक्षित देखकर फरार हो गए। पेट्रोल पंप कर्मियों ने इसकी जानकारी संचालक सुजीत कुमार सिंह को देते हुए इस घटना की त्वरित जानकारी पुलिस को दी गई।जिसके बाद पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे दल बल के साथ पेट्रोल पंप पहुंचे और घटना की जानकारी ली वही पुलिस के द्वारा रात्रि में ही अपराधियों को पकड़ने के लिए कई संभावित जगहों पर छापामारी किया गया परंतु अपराधियों का कोई सुराग अब तक नहीं चल पाया है। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरा भी खंगाल रही है। पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे ने दावा किया है कि अपराधी चाहे जितना शातिर हो पुलिस उसे ढूंढ निकालेगी। नोजल मैन शालिग्राम सिंह ने बताया कि अपराधी जोरी की ओर से आए और घटना को अंजाम देने के बाद हंटरगंज की ओर फरार हो गए। इस घटना से पेट्रोल पंप कर्मियों में काफी दहशत है। पुलिस के द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी को ले लगातार छापामारी की जा रही है।

## आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम देवघर में लगाएगा कांवरिया सेवा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार के प्रसिद्ध समाज सेवी संस्थान आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम के माध्यम से प्रसिद्ध श्रावणी मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवघर में कांवरिया सेवा शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था के संचालक रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि संस्था के द्वारा 10 वीं बार कांवर यात्रियों के लिए सुल्तानगंज- देवघर पथ पर स्थित खिजुरिया में सेवा शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार 7 अगस्त को लातेहार से 100 सेवक के साथ जत्था देवघर के खिजुरिया में आयोजित सेवा शिविर की ओर सुरक्षित वाहन से रवाना होंगे। 10 अगस्त से शुरू होकर अनवरत 29 अगस्त तक चलाई जाएगी जिसमें कावरियों की सेवा निःशुल्क सुबह 5 बजे से आरंभ हो जाती है जिसमें चाय, बिस्किट, गुलुकोज़ पानी, निम्बू शर्बत, फल की सेवा दी जाती है।आगे बताया कि मेडिकल सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहता है जिसमें सारा मेडिसिन गर्म पानी से सेक, पोटली से सेक, भाप से सेक, तेल मालिश, मशीन से मालिश अनवरत चलता रहता है।वहीं सुबह 9 से 11 बजे तक प्रतिदिन संगीतमय सूंदर कांड पाठ रामकथा मंडली के द्वारा एवं दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रामचरित मानस का संगीतमय पाठ, 11 बजे से 2 बजे तक जागरण, शाम 6:30 बजे से महाआरती,11 बजे से 3 बजे तक और शाम 7 बजे से 10 बजे तक लंगर एवं फलाहार की व्यवस्था की जाती है ।श्री अग्रवाल ने कहा कि ईस सेवा कार्य में 27अगस्त दिन रविवार को सेवा शिविर मे ही रुद्राभिषेक का आयोजन (आचार्य श्री संतोष कुमार मिश्रा जी एवं उनकी टीम) के द्वारा किया जाएगा। मौके पर संतोष मिश्रा, रामनाथ अग्रवाल, श्याम किशोर अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, संजय अग्रवाल,श ुभाष सिंह मुखिया, गजेंद्र शौण्डिक, मनीष मिश्रा, संजय तिवारी, कुमार गौरव, दीपक अग्रवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तालाटांड़ में दो किलोमीटर पथ निर्माण की मिली स्वीकृति : अंबा प्रसाद

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पतरातू प्रखंड क्षेत्र के तालाटांड़ मेन रोड से भुईयां टोली तक लगभग 2 किलोमीटर पथ का निर्माण यथाशीघ्र शुरू होगा और इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो गई हैं उक्त सड़क के निर्माण के लिए लगभग दो करोड़ 19 लाख की लागत आएगी। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है और बहुत जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा। आगे विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि पतरातू प्रखंड क्षेत्र के बारूघुटु से मलानी तक की 1.2 किलोमीटर पथ,घुटवा से उरलौंग तक की 2.5 किमी,भंडरा से घाघरा तक की 1.4 किमी पथ,चिकोर से किन्नी तक की 11.8 किमी,चेतमा से लेम तक की 1.9 किमी पथ की भी विशेष मरम्मती कार्य कराया जाएगा और इस संदर्भ में प्राक्कलन बनाकर स्वीकृति हेतु विभाग को भेज दिया गया है जल्द ही इन सभी सड़कों का निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की जाएगी जिसमें लगभग 8 करोड की लागत आएगी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल,विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,असगर अली,अंजन प्रसाद,राजू पांडे,प्रदीप साहू,अमित साव समेत कई लोगों ने हर्ष जताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

### सार्वजनिक स्थल पर बैनर-पोस्टर लगाना है वर्जित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने सूचना जारी करते हुए आम जन को सूचित किया है कि डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1985 के तहत बिना सक्षम प्राधिकार के अनुमति के बिना सरकारी, सार्वजनिक स्थल, भवन तथा चौक चौराहा पर पोस्टर बैनर लगाना पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने बताया कि प्रया- देखा जा रहा है कि बरही चौक में विभिन्न दल, संप्रदाय, धर्म विशेष तथा व्यक्तिगत पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स, झंडा सक्षम प्राधिकार के बिना अनुमति के लगाए जा रहा है, जिससे समाचार पर शांति भंग तथा विवाद की समस्या बनी रहती है। उपरोक्त संबंध में सभी संबंधित प्राधिकार, व्यक्ति विशेष तथा संबंधित पक्षों को निर्देश दिया जाता है कि बिना सक्षम प्राधिकार के अनुमति के बिना किसी तरह का पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स झंडा बरही चौक, चौराहा में ना लगाएं या फिर किसी तरह का विभिन्न दल, संप्रदाय, धर्म विशेष तथा व्यक्तिगत पोस्टर बैनर फ्लेक्स झंडा अगर लगा हो तो अभिलंब उसे हटाना सुनिश्चित करें। अन्यथा सेक्शन 3 (1) ऑफ डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1985 के तहत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसे सख्त ताकित समझें।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक की स्थिति नाजुक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बरही हजारीबाग रोड के करसो पुल समीप एनएच-33 सड़क पर एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया। घटना स्थल पर लोग तुरंत पहुंचे और घायल अवस्था में व्यक्ति को त्वरित उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने उसे प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सक ने बताया कि घायल व्यक्ति हेड इंजोर्ड है और उसकी स्थिति गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति बरहीडीह निवासी प्रीतम प्रजापति के 40 वर्षीय पुत्र परमेश्वर प्रजापति है, जो अपने साइकिल से कहीं जा रहे थे।

### कृषि वैज्ञानिक दिवंगत शमशेर बहादुर सिंह हुए पंचतत्व में विलीन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड अंतर्गत गौरियाकर्मा में संचालित बिरसा कृषि बीज उत्पादन सह अनुसंधान केंद्र प्रक्षेत्र के दिवंगत कृषि वैज्ञानिक 55 वर्षीय शमशेर बहादुर सिंह को हजारीबाग स्थित खिरगांव मुक्तिधाम में अग्नि संस्कार किया गया। दिवंगत श्री सिंह का पार्थिव शव शहर के रामनगर स्थित शिवदयाल नगर में बने निजी आवास से दर्जनों गाड़ियों के काफिले में निकला। अंतिम यात्रा में मृतक के परिजन, विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के कार्यकर्ता, बिरसा कृषि से संबंधित कार्यरत लोग के साथ सामाजिक राजनैतिक प्रशासनिक शिक्षा जगत से जुड़े सैकड़ों लोग शामिल हुए। ज्ञात हो कि श्री सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के रहने वाले थे। विगत15 वर्षों से बिरसा कृषि गोरिया करमा प्रक्षेत्र में कृषि वैज्ञानिक के पद पर पदस्थापित थे। इनकी सड़क दुर्घटना में दुखद देहांत हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत 2 पुत्र सत्यम एवं शिवम एवं एक पुत्री व भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मुखाग्नि मृतक के बड़े पुत्र सत्यम सिंह ने खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में दी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) के शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए लगभग 1करोड़ 80 लाख रुपए की विभिन्न प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला, किसान गोष्ठी, किसान मेला सहित अन्य योजनाओं के प्रस्ताव की विस्तार से जानकारी दी गई।योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को रामगढ़ जिले में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे 1000 नए किसानों को चिन्हित कर उन्हें खेती की नई तकनीक, आधुनिक उपकरणों के प्रयोग के प्रति जागरूक करने हेतु एक्सपोजर विजिट पर भेजने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं किसानों को योजनाबद्ध तरीके से ऑर्गेनिक फार्मिंग, खेती की नई तकनीकों, आधुनिक उपकरणों के प्रयोग एवं उनके माध्यम से आए में होने वाले मुनाफे के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। रामगढ़ जिला अंतर्गत प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों के रिक्त पदों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों के 2 रिक्त पदों एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों के 8 रिक्त पदों के लिए 2 दिनों के अंदर रोस्टर क्लियर कर 10 अगस्त 2023 तक नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश दिया।

# देश के कोयला मजदूर सितंबर में ही मनाएंगे दीपावली : सीटू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सी आई टी यू के उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने बताया कि कोल इंडिया के कामगारों के एरियर भुगतान का आदेश जारी कर दिया गया है. इससे कोल इंडिया में कार्यरत लगभग तीन लाख कामगारों को लाभ मिलेगा. कोल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक (एमपी एंड आइआर) गौतम बनर्जी ने साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीए) समेत कोल इंडिया से संबद्ध सभी अनुषंगी कंपनियों के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है. साथ ही तैयारी करने को भी कहा है. 23 माह के एरियर एक मुश्त भुगतान होगा. बुधवार को इस संदर्भ में कोल इंडिया प्रबंधन ने सभी अनुषांगिक कपंनियों के सीएमडी का पत्र भेजा है. इस आदेश से कामगारों को ढाई लाख से सात लाख रूपया एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा. यहां बताना होगा कि कोयला कामगारों का 11 वां वेतन समझौता में 20 मई 2023 को हुई जेबीसीसीआई की बैठक में हस्ताक्षर हुए थे. यह समझौता 1 जूलाई 2021 से लागू हुआ है. इसके बाद कर्मियों को बढा हुआ वेतन का भुगतान जुलाई 2023 से किया जा रहा है. 23 माह की बकाया राशि एरियर का भुगतान के संबंध में आदेश जारी नहीं किया जा सका था.

# रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाजयुमो रामगढ़ जिला के अध्यक्ष अमितेश सिंह के नेतृत्व में स्थानीय नीति,नियोजन नीति और सीटीईटी उत्तीर्ण झारखंड के आदिवासी-मूलवासी मेधावी बेरोज़गारो छात्रों को अवसर देने की मांगों को लेकर रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया । इस मौके पर भाजयुमो रामगढ़ जिला ? के अध्यक्ष अमितेश सिंह ने कहा अपना वादा पूरा करना होगा झारखंड सरकार ने चुनावी बिगुल में युवाओं को 5 लाख नौकरी देने का आपने वादा किया था नहीं तो बेरोजगारी भत्ता 6000 से 7000 देंगे। युवाओं को सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम 4 साल से कर रहे हैं झारखंड के संपदा को बेचने नहीं देंगे दलाली करने नहीं देंगे।

# फाइलेरिया से बचाव को लेकर खरना पंचायत भवन में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत खरना पंचायत के पंचायत सचिवालय में फाइलेरिया जागरूकता अभियान का खरना मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। फाइलेरिया जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से एम्बिडब्लूब अरुण कुमार,वार्ड सदस्य,सहिया और ग्रामीण जन शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया निर्मला देवी ने बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक पूरे प्रखण्ड में फाइलेरिया (हाथी पॉव) से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दवा का वितरण किया जायेगा,जिसका उपयोग सभी करें दवा पूरी तरह सुरक्षित है ।फाइलेरिया से बचाव का एकमात्र उपाय दवा है,जिसका उपयोग करना नितांत आवश्यक है ।05 वर्षों तक साल में एक बार इस दवा के उपयोग से इस बीमारी से बचा जा सकता है ।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी 15 अगस्त के तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक मे स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व आकर्षक रूप से मनाने पर चर्चा हुई।उन्होंने कहा पूर्व के आयोजन के अनुसार ही इस बार भी झंडोत्तोलन का कार्यक्रम मुख्य आयोजन स्थल कर्जन ग्राउंड में आयोजित किए जायेंगे। झंडोत्तोलन के अवसर पर





परेड, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी सम्मान सार्जेंट मेजर द्वारा की जाएगी। परेड में झारखंड सैन्य पुलिस,बीएसएफ मेरु एवं सीआरपीएफ के एक एक प्लाटून बल रहेंगे तथा जिला सशस्त्र बल के 2 प्लाटून रहेगें। पार्टी बैंड की व्यवस्था बीएसएफ मेरु कैंप के स्तर से की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या में सेना के जवानों द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का आयोजन किया जायेगा। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मीडिया ङ्क्ष्व तथा प्रशासन ङ्क्ष्व के बीच एक फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन किया जायेगा। वहीं 15 अगस्त की संध्या स्थानीय विधालय के बच्चों व कलाकारों के द्वारा देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त ने

# मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने जर्जर सड़कों की सूची उपायुक्त को सौपीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र की सड़के काफी जर्जर और दयनीय हो गई हैं। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने, क्षेत्र की जनसमस्या से अवगत कराते हुए जर्जर सड़क की मरम्मती की मांग है।जिसमे अल्पिटो से ढूंगो, बनासो शेख वकील के घर से नावाटाड भाया बीएड कॉलेज तक,अल्पिटो से हेठली बोदरा,अचलजामो के लेदी मोड़ से झरही पुल तक, ग्राम किरतोडीह से जीटी रोड बगलतवा तक,लेदी मोड़ से सिमरिया होते हुए बराय तक, ग्राम करगालों के ज्ञानगढ़ा से नावाटाड तक सभी जर्जर सड़क मार्ग को बने हुए लगभग दस से बारह वर्ष





हो गए हैं,जिसकी स्थिति अब बहुत ही दयनीय और खराब हो चुकी है। यहां की ग्रामीण जनता को आवाजाही में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है,साथ ही क्षेत्र के लोग आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जिसकी मरम्मती कराना अविलंब जरूरी है।

# पतरातू ब्लॉक परिसर में ऐतिहासिक होगा हल्ला बोल कार्यक्रम : रोशन लाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आज आजसू पतरातू प्रखंड कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन हल्ला बोल कार्यक्रम पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें की जानकारी केंद्रीय महासचिव सह बड़का गांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। आगे उन्होंने ने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड सरकार एवं स्थानीय विधायक महोदया के नाकामियों के खिलाफ किया जा रहा है जिसकी तैयारी पूरी कर



ली गई है। मौके पर केंद्रीय सचिव विजय कुमार साहू,प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार,जिला संगठन सचिव अशोक पाठक,जिला प्रवक्ता वीरेंद्र झा,प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश सिंह,जिला सह सचिव अजय रवि, संतोस सिंह,वरीय नेता राहुल कुमार, गणेश करमाली, लक्ष्मीकांत, सुधीर कुमार,छोटू करमाली, विजेंद्र मुंडा, मनोज राम, राकेश विश्वकर्मा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बकाया पैसा को लेकर पवन यादव की हुई हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना के प्रांगण में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ किशोर कुमार रजक व रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो ने पत्रकारों को बताया कि रामगढ़ थाना कांड संख्या-186/2023 दिनांक 02.06 2023 धारा 302/34 भा0द0वि0 के उदभेदन एवं काड के प्राथमिकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा कांड में वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संग्रह करते हुए प्राथमिकी के नामजद दो अभियुक्त को पकड़ा गया। जिनसे गहन पूछताछ करते हुए हत्या के कांड में संलिप्त 02 अन्य अप्रा0अभि0 को भी पकड़ा गया। पकड़ाये अभियुक्तों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, कपडा मोटर साईकिल, मृतक का मोबाईल को बरामद कर जब्त किया गया है। पकड़ाये अभियुक्त एवं मृतक पवन



यादव आपस में मित्र है जिनके बीच बकाया पैसा को लेकर हुए विवाद के कारण दिनांक 01.08.2023 को रात्रि सुनियोजित योजना के अनुसार जारा टोला स्थित राधागोविंद स्कूल के पास सुनसान मैदान में मृतक पवन यादव पिता- सारद यादव पता-रानीबागी जारा टोला थाना जिला रामगढ़ स्थायी पता ग्राम सरना थाना साहपुर जिला-आरा (बिहार) को चाकू मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। जिसे पुलिस एवं स्थानिय लोगों के द्वारा जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में पवन यादव की मृत्यू हो गयी। जिस संबंध में उनके परिजन के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इस संबंध में प्राथमिकी अभियुक्त मो0 हमास उर्फ मोटा उम्र करीब 21 वर्ष पिता नौशाद हसन सा0 विकास नगर राज होटल के नजदीक थाना जिला रामगढ़, प्राथमिकी अभियुक्त मो0 आजाद उर्फ सूर्या उम्र करीब 28 वर्ष पिता नौशाद हसन सा0-विकास नगर, राज होटल के नजदीक थाना जिला रामगढ़, अप्राथमिकी अभियुक्त कौशर जहाँ उम्र करीब 55 वर्ष पति नौशाद हसन सा0-विकास नगर राज होटल के नजदीक थाना जिला रामगढ़, अप्राथमिकी अभियुक्त सोनू यादव उम्र करीब 19 वर्ष पिता राम प्रवेश यादव सा0-विकास नगर राज होटल के नजदीक थाना? जिला रामगढ़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस कांड में पुलिस ने कांड में प्रयुक्त खुन लगा चाकू, प्रा0 अभियुक्त मो. हमास उर्फ मोटा का खुन लगा कपड़ा, कांड में प्रयुक्त सोनू यादव का मोटर साईकिल नं0 जे एच 02 ए एन 7631 और मृतक पवन यादव का मोबाईल सामानों को जप्त किया है। छापामारी दल में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ किशोर कुमार रजक, पु0नि0 रोहित कुमार थाना प्रभारी रामगढ़ थाना, पु0अ0नि0 सैनिक समद, पु0अ0नि0 प्यारे हसन, पु0अ0नि0 नवीन कुमार।पु0अ0नि0 प्रभात कुमार, पु0अ0नि0 सुरेन्द्र सिंह कुटिया, पु0अ0नि0 रौशन कुमार, पु0अ0नि0 श्यामनंदन सिंह रामगढ़ थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** विश्व आदिवासी दिवस को लेकर अरगड्डा कार्यालय में गुरुवार को बैठक सोहराय मांझी की अध्यक्षता एवं संचालन लालचंद बेदिया, महादेव मांझी ने किया। बैठक में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकीनंदन बेदिया सहित आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नरेश बडाईक,मनाराम मांझी,सरयू बेदिया, भुनेश्वर बेदिया,मदन राम,लालकुमार बेदिया, कुलदीप बेदिया,संजय मांझी,संझूल मांझी,रामबृक्ष बेदिया,चंद्रिका राम, जयनंदन गोप,रुपन गोप, छोटेलाल करमाली,प्रयाग बेदिया, शैलेन्द्र बेदिया,अजित बेदिया, लालदेव करमाली, कजरु करमाली अन्य लोग शामिल थे। बैठक में देवकीनंदन बेदिया ने बताया कि आज देश में केन्द्रीय भाजपा सरकार की ओर से भारत के मूल आदिवासियों को संरक्षण एवं विकास करने के बजाय उनकी सारी धरोहर को नष्ट करने के लिए आदिवासियों के ऊपर विभिन्न तरह के आदिवासी विरोधी कानून लाकर हमला तेज कर दी है। पहले तो छत्तीसगढ़ में नक्सलाईट के नाम पर ग्रीन हंट आपरेशन चला कर दमन किया। वन अधिकार कानून को खत्म कर आदिवासियों को वनों से खदेड़ने का काम करने लगे। भूमि अधिग्रहण कानून बनाकर उनकी जमीने लेने लगे। झारखंड में सीएनटी/एसपीटी एक्ट खत्म करने का प्रयास किया गया। समान नागरिक संहिता के तहत आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपराओं को खत्म करने में लगी हुई है। वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 बिल लाकर आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन- खनिजों को लुटने के लिए कानून बना कर कारपोरेट घरानों को देना चाहती है। गैर-आदिवासियों को आदिवासी बनाकर आदिवासियों के साथ गृहयुद्ध में बदल तहस-नहस कर देना चाहती है जिसकी शुरुआत मणिपुर में तीन महीनों से कर रही है। विचार विमर्श के उपरान्त निम्न निर्णय लिया गया कि अरगड्डा चौक में आदिवासी संघर्ष मोर्चा बैनर तले मनाया जाएगा ।

# झारखंड के साथ हो रहा छल, जागे जनमानस : संजय मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गुरुवार को कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया ब्लॉक मैदान में झारखंडी मुद्दों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह जनसैलाब झारखंड में स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की माँग कर रही है।साथ ही यह जनसैलाब झारखंड के 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी को सांसद, विधायक बनाने के लिए लालायित है।

स्थानीयता, पुनर्वास निति, विस्थापन नीति एवं जनसमस्याओं को लेकर बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले किया गया। यह समिति पुरे झारखण्ड में जनमुद्दों को लेकर सभाएं कर रही है और लगातार जन जागरूकता अभियान चला रही है।महासभा में





झारखंड के कोडरमा, चतरा, हज़ारीबाग, गिरिडीह, लोकसभा के कार्यकर्ता और आम लोग पहुँचे। साथ ही सभी विश्वविद्यालयों से हजारों छात्र, नौजवानों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि झारखंड एक और इंकलाब मांग रहा है। महासभा की शुरुआत से पहले सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। जिसके बाद वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों को रखा।

इस दौरान लंबे समय से झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से अपनी आवाज बुलंद कर रहे बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता ने महासभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को एक नए बदलाव की जरूरत है। झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है। राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटा है। साथ ही यहाँ के नेताओं ने भी सिर्फ अपनी तिजोरी को भरा है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है। झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है। स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है।

संजय मेहता ने स्थानीय नीति पर कहा कि 1932 के पहले और 1964 के बाद जिला का अंतिम सर्वे का खतियान ही झारखंड की स्थानीयता का आधार होना चाहिए। जब तक खतियान को स्थानीयता का आधार नहीं बनाया जाएगा बाहरी अतिक्रमण से झारखंड को बचाना मुश्किल है। हमारी नौकरी और जमीन को लगातार संस्थागत तौर पर लूटा जा रहा है।

संजय मेहता ने कहा कि ज्ञात हो कि पिछली सरकार से पहले नियुक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। लेकिन, इसमें ईडब्लूएस के तहत सवर्णो का आरक्षण जुड़ जाने के बाद यह 60 प्रतिशत हो गया।ऐसे में 60 प्रतिशत सीटों पर नियुक्तियां झारखंड के आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की होंगी। वहीं 40 प्रतिशत सीटें %ओपन टू ऑल% है। अर्थात कोई भी आवेदन कर सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि केवल 60 प्रतिशत आरक्षित सीटें ही ऐसी हैं, जिन पर झारखंड के ही अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है। बाकी के 40 प्रतिशत सीटों पर किसी भी राज्य के युवा झारखंड में रोजगार पा सकते हैं।

# अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में विधानसभा मे मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर सहायक अध्यापको (पारा शिक्षकों) को वेतनमान प्रदान करने हेतु अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विधायक ने कहा कि राज्य के सहायक अध्यापक(पारा शिक्षक) लगभग 20 वर्षो से अपनी सेवा देते आ रहे हैं परंतु सहायक अध्यापकों को वेतनमान नहीं दिया जा रहा है जबकि टेट पास सहायक अध्यापक NCTE एवं NEP के तमाम अहर्ताओं को पूर्ण करते हैं। विदित हो कि इस संदर्भ में राज्य के महाधिवक्ता ने लिखित राय भी सरकार को सौंपी है कि JTET पास सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) को मानदेय दिया जा सकता है और इसमें कोई विधिक अड़चन भी नहीं है। ज्ञातव्य हो कि इस मामले को विधानसभा के सत्र में भी अंबा प्रसाद ने उठाने का कार्य किया है। मौके पर मुख्य रूप से मनोज शर्मा, सीमांत घोषाल, मिथिलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, प्रमोद कुमार, महेश मेहता मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार, मारुति सुजुकी ऑल्टो मना रही है 45 लाख ग्राहकों का जश्न

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे पसंदीदा कार, मारुति सुजुकी ऑल्टो ने ऑटोमोबाइल उद्योग में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल कर लिया है। 45 लाख से अधिक गौरवान्वित ग्राहकों के साथ यह भारत की सबसे अधिक बिकने वाली कार बन गई है। ऑल्टो भारत का एक ऐसा प्रतिष्ठित कार ब्रांड है जिसने भारतीय उपभोक्ताओं की तेजी से बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खुद में कई बदलाव किए हैं। इन बदलावों के साथ इसकी कोशिश है कि बीते दो दशकों से लगातार बाजार पर प्रभुत्व जमाने के साथ ही लगातार नए मानक स्थापित करती रहे और ग्राहकों को जॉय ऑफ मोबिलिटी का अहसास कराती रहे। ऑल्टो ने इलेक्ट्रॉनिक पावर स्टीयरिंग, फ्रंट पावर विंडो, ऑटो गियर शिफ्ट (एजीएस) विकल्प, डुअल एयरबैग, एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस), फैक्ट्री फिटेड सीएनजी सिस्टम की उपलब्धता आदि जैसे दमदार फीचर्स के साथ एंट्री हैचबैक सेगमेंट को आम भारतीय ग्राहकों के लिए सुलभ बना दिया है। इस उपलब्धि को हासिल करने पर ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए, श्री शशांक श्रीवास्तव, सीनियर एक्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एवं सेल्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा, ÷बीते 2 दशकों में, ब्रांड ऑल्टो ने हमारे ग्राहकों के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमें ऑल्टो के बीते दो दशकों के इस बेमिसाल सफर पर बेहद गर्व है। 45 लाख ग्राहकों की उपलब्धि हासिल करना हमारे ग्राहकों द्वारा हमें दिए गए अटूट समर्थन और विश्वास का प्रमाण है। यह एक मील का पत्थर है जिसे आज तक कोई अन्य कार ब्रांड हासिल नहीं कर सका है। उन्होंने कहा, ऑल्टो ने ऑटो उद्योग में लगातार नए मानक स्थापित किए हैं और भारत की पसंदीदा कार के रूप में अपना प्रभुत्व स्थापित किया है! भारत की युवा आबादी की बढ़ती आय को देखते हुए ऑल्टो जैसी लोकप्रिय कारों का भविष्य काफी उज्ज्वल है।




## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में पूरी तरह नई वेलफायर का अनावरण किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज बहुप्रतीक्षित ऑल-न्यू वेलफायर लॉन्च किया। यह एक शानदार सेल्फ-चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक मास्टरपीस है जो भारतीय ऑटोमोटिव परिदृश्य में आराम, परिष्कृतता और प्रदर्शन के सार को फिर से परिभाषित करता है। ऑल-न्यू वेलफ़ायर उत्कृष्ट आराम और परिष्कृत गतिशीलता, कमांडिंग बल और गतिशील कौशल प्रदान करता है जो ड्राइविंग अनुभव को असाधारण ऊंचाइयों तक ले जाता है। सहज अनुभूति युक्त प्रौद्योगिकी और विचारशील सुविधाओं के साथ तैयार किया गया यह वाहन हर यात्रा में सुविधा और ऐश्वर्य का मूर्त रूप होता है। वैसे तो ऑल-न्यू वेलफायर एक शक्तिशाली प्रदर्शन प्रदान करता है, यह ईंधन की कम खपत और कार्बन फुटप्रिंट भी सुनिश्चित करता है। वेलफायर एक मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) है, अध्ययनों से पता चला है कि एसएचईवी इंजन बंद होने पर 40त्न दूरी और 60त्न समय तक इलेक्ट्रिक या शून्य उत्सर्जन मोड पर चल सकता है । टोयोटा के ऑल-न्यू वेलफ़ायर लॉन्च पर अपने विचार साझा करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री मासाकाज़ु योशिमुरा ने कहा, ÷आज का दिन हमारी भारत यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि हम ऑल-न्यू वेलफ़ायर पेश कर रहे हैं , जो टोयोटा की वर्ग-अग्रणी तकनीक, आराम और सुंदरता का प्रतीक है। हम ग्राहकों के लिए इस उत्कृष्ट कृति को पेश करने के लिए रोमांचित हैं जो विलासिता के शिखर का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि हरित भविष्य को अपनाना।




## अरगड्डा कब्रिस्तान कॉलोनी में 28 घंटों से बिजली बाधित, बहाल करने में लगा विभाग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के चौहान मोहल्ला कब्रिस्तान कॉलोनी मैं बीते 28 घंटों से बिजली पूरी तरह बाधित हैं। बतलादे कि बीते दिन सखुआ का सुखा पेड़ बिजली के खंभों में जा गिरा था। जिसके कारण चार खंभे खड़े कर बिजली तार लगाए जा रहे हैं। कॉलोनी वासी रंजीत कुमार ने बताया कि 50 से 70 घर अंधकार में डूब गए हैं। वही सीसीएल का बिजली विभाग करंट आपूर्ति के लिए लगा हुआ हैं। बच्चों वृद्ध व रोगियों की परेशानी बिजली नहीं होने से बढ़ी हुई हैं।



## कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल नव पदस्थापित उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल नव पदस्थापित उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपायुक्त का स्वागत बुके देकर किया गया। तत्पश्चात विभिन्न विकास के मुद्दों पर चर्चा किया गया। उपायुक्त द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आस्वाथ्य किया गया कि विकाश योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता मुकेश यादव,जिला महासचिव संजय साहू शामिल थे।




### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (समाज कल्याण शाखा)

**सूचना**

विज्ञापन PR No– 303308 दिनांक 26–07–2023 एव कार्यालय ज्ञापांक–780/स0क0 दिनांक 25.07.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में दिव्यांगों के लिए विशेष यंत्र आपूर्ति हेतु प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
कोडरमा

PR303949 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D


# नवलशाही : सड़क हादसे में एक युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चों :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही चौक के समीप गुरुवार करीब 12 बजे सड़क पार करते समय बारह चक्का ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी । मिली जानकारी अनुसार मृत युवक सड़क पार करते समय बीच सड़क पर ही ठेस कर गिर गया इसी दौरान बरियाडीह की ओर से एक तेज रफ्तार बारह चक्का ट्रक संख्या जेएच 02 एएफ 4230 की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी । मृतक युवक की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र के भिमेडीह गांव निवासी महेंद्र ठाकुर का एकलौता पुत्र (30) वर्षीय पिंटू ठाकुर के रूप में हुई हैं। घटना इतनी विभत्स थी कि मृतक के सिर का हिस्सा यहां-वहाँ बीच सड़क पर ही बिखर गया। मृतक अपने पीछे दिल की बीमारी से झूझ रहे पिता व माता पत्नी समेत छोटे-छोटे बच्चे एक पुत्री एवं दो पुत्र छोड़ गया । वहीं घटना के बाद परिजनों का रों-रों कर बुरा हाल हैं । दुर्घटना के बाद वहां मौजूद रहागीरों ने ट्रक चालक को दबोच लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लेते हुए थाना भवन में सुरक्षित लाया द्य साथ ही घटनास्थल पर विलप्त कर रहे मृतक के परिजनों को पुलिस ने कड़ी मशकत के बाद समझा-बुझा कर उक्त मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वही पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक के परिजनों तथा आक्रोशित ग्रामीणों ने कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग को घंटो जाम कर दिया गया वही खबर लिखे जाने तक मुख्य मार्ग जाम रहा स्थानीय प्रशासन के द्वारा मृतक के परिजनों तथा अक्रोशित लोगो को समझाया बुझाया जा रहा था।




## कंजगी के खेतों में चलने लगे ट्रैक्टर, फसल के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** मांडू के कंजगी में किसान अपने खेतों में ट्रैक्टर उतारकर खेतों की मिट्टी को नरम करने के लिए जुताई कर रहे हैं। लेकिन अनुमानतः खेतों में पर्याप्त पानी का ठहराव नहीं दिख रहा हैं। जिससे किसानों में उदासीनता छाई हुई हैं। इसे लेकर ग्रामीण आकाश करमाली, शिवदेव बेदिया बताते हैं कि श्रावण माह के अंतिम चरण बीतने को हैं। लेकिन बुमरीरी कंजगी, चपरी व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक खेतिहर जमीन पर अनाज की रोपाई पूरी तरह नहीं हो पाई हैं। जिसका कारण पर्याप्त मात्रा में अब तक वर्षा नहीं होना हैं। हालांकि बीते 2 दिनों के अंतराल में वर्षा हुई हैं। लेकिन खेतों में पानी ठहर नहीं पाया हैं। जिसके कारण किसान फसल लकने को लेकर चिंतित हो गए हैं। किसान बताते हैं कि पंचायत बुमरी में तकरीबन 200 से 300 एकड़ खेतिहर जमीन पर पूरी तरह धन रोपनी का कार्यक्रम नहीं हो पाया ।

## रामगढ़ के नारायणी कॉन्प्लेक्स से ग्लैमर बाइक की हुई चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारायणी कॉन्प्लेक्स के समीप से हौंडा ग्लैमर गाड़ी की हुई चोरी, बाइक चोरी का मामला पूरी तरीके से सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जानकारी के अनुसार बाईक नंबर छ्वा 24ष्ट 1453 बाइक की हुई चोरी, मुरामकला निवासी मनोज कुमार की बाइक की चोरी हुई है ।पीड़िता ने रामगढ़ थाना में आवेदन दे कर मामला दर्ज कराया गया है इस मौके पर गाड़ी मालिक मनोज कुमार ने बताया कि वह अपने घर मुर्रमकला से रामगढ़ कुछ कम से आया था । रामगढ़ थाना चौक समीप नारायणी काम्प्लेक्स के पास अपनी बाइक खड़ा करके जैसे ही वह अंदर गया। उसके बाद वापस आकर उन्होंने देखा तो उनकी बाइक अपने जगह से गायब हो गई थी। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## केसीबी कॉलेज के नये प्राचार्य डॉ. विंध्याचल राम ने किया पदग्रहण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के नये प्राचार्य डॉ0 विंध्याचल राम ने गुरूवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्रचार्य डॉ0 राजा अजित कुमार ने प्राचार्य के पद का पदभार देकर कुर्सी में बैठाया। डॉ0 विंध्याचल केसीबी कॉलेज के कॉमर्स विभाग में शिक्षक थे। वर्तमान में कॉलेज में अर्थपाल के पद पर कार्यरत थे। मौके पर प्रचार्य डॉ0 विंध्याचल राम ने कहा कि मेरा पुरा प्रयास रहेगा कि समय से कॉलेज खुले, और समय से बंद हो। कॉलेज के कर्मी से लेकर शिक्षक सभी समय का पालन करे। वहीं छात्र-छात्राओं की 75त्न कक्षा में उपस्थिती अनिवार्य होगी। उन्होने कहा कि कॉलेज कक्षाओं में नियमित रूप से साफ-सफाई होगी। वहीं पठन-पाठन व कॉलेज विकास के लिए कॉलेज के शिक्षकों व कर्मीयों से सहयोग लिया जायगा। मौके पर पूर्व प्रचार्य डॉ0 मथुरा राम उस्ताद, प्रो0 नवल किशोर साही, डॉ0 डेलोमयी हास्दा, प्रो0 राधारमण प्रमाणीक, प्रो0 प्रदीप, प्रधान सहासक सुकूल कुमार सहायक सहित कॉलेज कर्मी उपस्थित थे। इधर पदभार ग्रहण करने के बाद इंटरमीडियट के शिक्षकों द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नये प्राचार्य को अंगवस्त्र व प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया। वहीं छात्रों के पहल पर कॉलेज परिसर में पूर्व प्रचार्य राजा अजित कुमार व नये प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम ने संयुक्त रूप से पौधा लगाया। मौके पर एवीबीपी छात्र संघ के कई पदाधिकारी व छात्र उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी के सुप्रीमो ने किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष आदरणीय सुदेश महतो जी के कर कमलो द्वारा नयासराय के कुटे स्थित जगरनाथपुर में पार्टी कार्यालय का उद्घघाटन किया गया।इस उद्घाटन समारोह में रांची जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत ,हटिया विधानसभा प्रभारी भरतकाशी साहु, खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव,रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, केंद्रीय सदस्य लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, जितेन्द्र सिंह, राजा राम महतो, चिंटू मिश्रा, आजम अंसारी, सपोर तिग्गा, जलनाथ चौधरी, अनिल महतो, विकास नाथ शाहदेव,राजू नायक, राजेंद्र महतो, गायत्री देवी, बीना सिंह, रूपा देवी, लक्ष्मी देवी,नीमा तिर्की, आदि थे ।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जनसंपर्क विभाग हजारीबाग के निबंधित कलादलों के द्वारा नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर आम लोगों के बीच सरकार की लोककल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई।गुरुवार को दारू प्रखण्ड के ईरगा एवं दिगवार, चुरचू प्रखण्ड के लारा एवं इंदरा, बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव पश्चिमी एवं चेपाकला, केरेडारी प्रखण्ड के सलगा एवं बुंडू बरही प्रखंड के बसरिया एवं नगर बरसोत में लोगों के बीच सरकार द्वारा संचालित फाइलेरिया - मलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत् मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के तहत् अल्बेंडाजोल की खुराख को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के समक्ष सेवन कर हाथीपांव जैसे बीमारी से बचाव के महत्त्व को समझाया गया। साथ ही मलेरिया,फाईलेरिया के पनपने, फैलने वाले कारक,मच्छर से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करने सहित आवासीय परिसर के आसपास पानी के जमाव से बचने के सन्दर्भ में जानकारी दी गई। 14 जुलाई से 14 अगस्त तक संचालित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के निबंधन अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अभियान के तहत् जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से वंचित लोग स्थानीय निकायों के रजिस्टार यथा पंचायत सेवक, सरकारी अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी,अस्पताल अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क कर प्रमाण पत्र बनवाने की जानकारी दी गई। साथ ही बरसाती मौसम में वज्रपात जैसे प्राकृतिक आपदा से बचाव, सावधानी की जानकारी, नशापान जैसे सामाजिक कुरीति के बारे में स्थानीय भाषा में नाटक का मंचन कर सरल, रोचक और आसान तरीके लोगों को समझाया गया। इसके अलावा केसीसी, सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री रोज़गार सृजन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, फूलो झानो आशीर्वाद, मुख्यमंत्री पशुधन आदि सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी पोस्टर बैनर और पंपलेट्स आदि प्रचार सामग्रियों का वितरण किया गया।



## सिल्ली में पीएम आवास योजना के 62 लाभुकों पर दर्ज होगा केस, निर्देश जारी

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री आवास योजना के 62 लाभुकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने एवं नीलम पत्र दायर करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इन लाभुकों ने आवास योजना की पहली, दूसरी एवं तीसरी किस्त लेने के बाद भी आवास निर्माण पूरा नहीं किया है। प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक बीडीओ ने इस संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना के डिफॉल्टर लाभुकों एक सूची तैयार करके नीलाम पत्र दायर करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इन 62 लाभुकों में लुपुंग, हाकेदाग, गोड़ाडीह, बिसरिया, बनता हजाम दक्षिणी, बनता हजाम उत्तरी, सिल्ली, लोवादाग, पतराहातु, कोचो, दोबाडू, बड़ा चांगडु एवं पिस्का पंचायत के लाभुक शामिल है।

## अनगड़ा प्रमुख ने किया नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कूच्चू पंचायत अंतर्गत हुण्डरु गांव में गुरूवार को ग्रामिणों एवं सेविका के शिकायत पर गुरुवार को अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव ने बाल विकास विभाग एवं मनरेगा योजना से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का औचक निरीक्षण किया। प्रमुख ने जांच के दौरान पाया कि नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन के छत से पानी रिसाव कर रहा है उन्होंने संवेदक द्वारा भवन के घटिया निर्माण से काफी नाराजगी व्यक्त की छत से पानी रिसाव करने से बच्चों को पठन- पाठन में काफी परेशानी होगी मौके पर केन्द्र में टिका करण दिवस के अवसर पर धात्री माताओं के बच्चे को मुंह जुठी कराया एवं गर्भवती महिलाओं को फल सब्जी आदि देकर गोद भराई रस्म कराई। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका रेणुका सिंहा, सहायिका सोनी देवी, ममता कुमारी, , पूजा देवी, सहिया प्रिया देवी,, रेणुका देवी आदि अन्य महिलाएं उपस्थित थी।


### झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

भूतल, कल्याण कॉम्पलेक्स, (अवस्थित प्रशिक्षण भवन), बलिहार रोड, मोराबादी, राँची-834008
फोन–0651–2552055/0651–3596445 ई-मेल: jsmfdc.ranchi@gmail.com
CIN : U93000JH2012NPL000264

सूचना संख्या :–06/राँची — दिनांक–02.08.2023

**अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति वर्ष 2022–23 हेतु आवश्यक सूचना**
**(प्री–मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, मेरिट–कम–मिन्स एवं बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति योजना)**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा अध्ययन सत्र 2022–23 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के निमित तीनों संवर्ग (यथा–प्री–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक, मेरिट–कम–मिन्स) एवं बेगम हजरत महल राश्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना से सम्बंधित सभी आवेदकों (छात्र/छात्राओं) एवं सभी DNOs/HoIs/INOs का Aadhaar Biometric Authentication किया जाना अनिवार्य किया गया है। Aadhaar Biometric Authentication का कार्य की सम्पूर्ण प्रक्रिया CSC-VLE के माध्यम से सम्पादित किया जायेगा। Aadhaar Biometric Authentication के उपरान्त ही आवेदक को छात्रवृत्ति का भुगतान किया जायेगा।

Aadhaar Biometric Authentication के लिए निर्धारित अंतिम तिथि निम्नवत् है :–

| S. No. | Activity | Timeline |
|---|---|---|
| (i) | Uploading Aadhaar on portal | 1st August to 10th August, 2023 |
| (ii) | Verification of DNO/SNO | 1st August to 5th August, 2023 |
| (iii) | Verification of HoI & INO | 1st August to 10th August, 2023 |
| (iv) | Verification of Students | 5th August to 20th August, 2023 |
| (v) | Verification of applications by HoI/INO | 5th August to 23th August, 2023 |
| (vi) | Verification of applications by DNO | 10th August to 25th August, 2023 |

विस्तृत जानकारी के लिए अपने सम्बंधित जिला के जिला कल्याण कार्यालय अथवा झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, राँची के दूरभाष संख्या 0651–3596445/2552055 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसकी सूचना हमारे वेबसाईट https://www.jsmfdc.com पर भी उपलब्ध है।

नोट :– आवेदक अपना **Aadhaar Biometric Authentication** नहीं करवाने पर छात्रवृत्ति लाभ से वंचित के लिए खुद जिम्मेवार होंगे।

PR.NO.303910 Welfare(23-24):D — ह०/– प्रबंध निदेशक।



### झारखण्ड सरकार राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**" सिरमटोली चौक–राजेन्द्र चौक–मेकॉन गोलचक्कर (Mecon Round about) (कुल लं0–2.34 कि0मी0) पर चार लेन फ्लाईओवर/एलिवेटेड (Elevated) Road cum आर0ओ0बी0 (ROB) निर्माण कार्य परियोजना।"**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा–_सिरमटोली चौक–राजेन्द्र चौक–मेकॉन गोलचक्कर (Mecon Round about) (कुल लं0–2.34 कि0मी0) पर चार लेन फ्लाईओवर/एलिवेटेड (Elevated) Road cum आर0ओ0बी0 (ROB) निर्माण कार्य परियोजना" हेतु ग्राम–सीरम, थाना–चुटिया, थाना संख्या–210, अंचल–शहर, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा–**0.305** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा–**0.305** एकड़ है, जो ग्राम–सीरम, थाना–चुटिया, थाना संख्या–210, अंचल–शहर, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :–

**मौजा–सीरम**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | 959 | आ0/मकान | 0.03 | ठाकुरबाड़ी श्री राम जानकी मंदिर, श्री अनुकूल चन्द्र घोष, पिता–चरण घोष वगैरह उमेश्वर सिंह कामेश्वर सिंह, रामेश्वर सिंह, पुष्पा सिंह, पिता–श्रीनिवास सिंह, आर0सी0 पाण्डेय, मौसमी घोष, अर्जुन देव वगैरह | रेलवे बाण्ड्री | रास्ता | रास्ता | 959 अंश |
| 2 | – | 960 | आ0/मकान | 0.07 | ओम सांई अपार्टमेन्ट उत्पल बॉल एवं सुनिता बॉल, विश्व रंजन बलियार एवं लीली बलियार वगैरह | रास्ता | 194 | 960 | रास्ता |
| 3 | 115 | 194 | मकान सहन | 0.13 | कृष्णा श्री अपार्टमेन्ट, शिव शंकर प्रसाद गुप्ता, लीलावती गुप्ता, बावर खान, रमेश प्रसाद वगैरह बीबी बदरू निशा, जौजे महबुब हसन वगैरह | 960 | 195 | 194 अंश | रास्ता |
| 4 | 128 | 195 | आ0/मकान | 0.0275 | सी0पी0 चौधरी, उषारानी मुखर्जी, पति–गोपाल मुखर्जी | 194 | नदी | 195 अंश | रास्ता |
| 5 | 171 | 271 | मकान सहन | 0.005 | वंशी प्रासद वगैरह मो0 सुशीला, पति–थियोपिक टोप्पो, हेराइल टोप्पो, पिता–टेफिल टोप्पो, | 272 | 271 | रास्ता | 271 अंश |
| 6 | 01 | 272 | मकान सहन | 0.015 | शशिभूषण लकड़ा वगैरह | 273 | 271 | रास्ता | 272 अंश |
| 7 | – | 273 | मकान सहन | 0.0075 | संतोष लकड़ा, रैनी जर्मिन, अरूण लकड़ा, प्रतीक कुमार लकड़ा वगैरह | रास्ता | 272 अंश | रास्ता | 273 अंश |
| 8 | – | 35 | टांड़–II | 0.02 | खोया मंगरा उरांव वगैरह, राजू प्रकाश तिग्गा , मैया राम उरांव, आशीश गुड़िया, पिता श्री सुधर महतो, सुदीप कुमार आइन्द, पिता–शिशिर कुमार आईन्द, श्रीमती सेसिल केरकट्टा पति–श्री एडवर्ड केरकेट्टा वगैरह | 164 | 34 | रास्ता | 35 अंश |
| | | | कुल | 0.305 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,राँची

PR303944 (Land Reforms)23-24*D

## जिला परिवहन कार्यालय में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**गिरीडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरीडीह शैलेश कुमार प्रियेदर्शी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा प्रबंधक (मो0 वाजिद) द्वारा परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, इसके बारे में भी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी रूकैंडिडेट के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया और साथ ही गुड समारितन को बढ़ावा दिया गया। साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों में भी यातायात पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा एवम् यातायात नियमों की जागरूकता अभियान चलायी जा रही है ।

## फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ की बैठक सह चुनाव संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धनबाद शहर स्तरीय फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ का बैठक बेकारबांध के एक रेस्टोरेंट के सभागार में हुई। इसमें धनबाद जिला के हर मार्केट से दुकानदार के प्रतिनिधि भाग लिए। इस बैठक में जिले के अग्रणी बैंक के प्रबंधक मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने फुटपाथ दुकानदारों के बीच पीएम स्वा निधि लोन के बारे में तथा सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा दुकानदारों को सरकारी लाभ एवं योजनाओं पर प्रकाश डालें। साथ ही बैठक में धनबाद शहर स्तरीय फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ का सर्वसमिति से चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष भगवानदास शर्मा, उपाध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ राजू, सचिव राजू कुमार तांती, उपसचिव प्रमिला देवी, संगठन सचिव सुनीता देवी एवं राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रदीप रूज, सोशल मीडिया प्रभारी गौरव कुमार गुप्ता के अलावे 21 कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव सर्वसमिति से कराया गया। चयनित पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं माला पहना कर सभी उपस्थित दुकानदारों ने स्वागत एवं सम्मानित किया। बैठक में मुख्य रूप से नासवी के सिटी मैनेजर स्नेहाम कुमार सिन्हा, कौशिक विद एवं दीपक शर्मा के अलावे सैकड़ों फुटपाथ दुकानदार उपस्थित थे।

## नागदा गांव में अलेपि ट्रैक ने गाय को मारा, गाय की मौत

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के नागदा गांव में एक अल्पी ट्रैक ने गाय को मार कर हत्या कर दी। बताया जाता हैं की ट्रक संख्या जेएच 10बीके / 3021 जो ड्राइवर ने गाड़ी को नागदा की ओर पूरे रफ्तार की ओर चला रहा था जिसमे कई राह गिर बच गए बाद में नागदा के आगे गाड़ी को ड्राइवर ने घुमा कर फिर नागदा की तरफ काफी तेज गति में आने लगा तभी बेजुबान गाय को गाड़ी आपने चपेट में लेकर कजुंबर बना दिया तभी नागदा के ग्रामीणों ने गाड़ी को पीछा किया ड्राइवर तेलामोचो के एक होटल के सामने खड़ा कर भाग गया। पीछे से आ रहे ग्रामीणों ने गाड़ी को घेर कर रखा तभी महुदा थाना पुलिस आई और गाड़ी को जप्त कर लिया। ग्रामीणों ने बताया की नागदा ग्रामीण क्षेत्र है जबकि उक्त गाड़ी गांव में क्या कर रहा था। आगे पुलिस और ग्रामीण गाड़ी के सामने मजुद थे।




## झरिया पुनर्वास व विकास प्राधिकार की समीक्षा बैठक आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपायुक्त को दी। उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास समेत कई बिंदुओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार बंधु कच्छप, महाप्रबंधक जेआरडीए देवेन्द्र माहापात्रा समेत संबंधित कई अधिकारी मौजूद रहे।



### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# कल्याणकारी योजना समय पर पूर्ण हो : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी समन्वय समिति की बैठक का महत्व समझते हुए अपने-अपने विभाग की योजना को समय पर पूरा करें। उन्हें जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी वह प्रदान किया जाएगा। समय-समय पर योजना की प्रगति की समीक्षा करें। समस्या आने पर उसका समाधान करते हुए योजना को समय पर पूरा करें। प्रमाणिकता की दृष्टि रखते हुए योजना का क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना सुचारू रूप से चले, समय पर पूर्ण हो, अधिक से अधिक लाभुकों को योजना का लाभ मिले, यही जिला समन्वय समिति की बैठक का उद्देश्य है। उपायुक्त ने समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, डीएमएफटी, जेएसएलपीएस, अग्रणी जिला प्रबंधक, बिरसा सिंचाई कूप, प्रधानमंत्री आवास योजना, पोषण वाटिका, अमृत सरोवर, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, फूलो झानो, पलाश मार्ट, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, लघु सिंचाई, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण, पीएचइडी, शिक्षा, 15 वें वित्त आयोग, मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या, मजदूरों की बकाया राशि, प्रधानमंत्री आवास, डोभा, आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण की प्रगति सहित सभी विभागों से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। साथ ही विभागों की पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कितने आवास में काम रुका हुआ है, कितने में काम हो रहा है और आवास बनाने में कितने राजमिस्त्री लगे हैं, उसका ब्रेकअप देने का निर्देश दिया। साथ ही जिन आवास में काम जारी है उसे पूर्ण करने का भी निर्देश दिया।

जिले के विभिन्न अंचलों में दाखिल खारिज के लंबित मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी प्रतिदिन दाखिल खारिज के लंबित मामलों की समीक्षा करें। वहीं मुख्यमंत्री पशुधन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह माननीय मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजना है। इस योजना की हर सप्ताह समीक्षा करें। मत्स्य विभाग की भी उपायुक्त ने की समीक्षा । बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रेल्वे स्टेशन मे पिछले कई दिनों से खुले आसमान मे पड़ा हजारों बोरा गेहू, बारिश का चढा भेट



**दौलत प्रसाद@प्रभात मंत्र**

**बेंगाबाद :** प्रखंड के रेक पॉइंट पर पिछले कई दिनों से सरकारी अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है और यह हजारों बोरा गेहूं लापरीवाही के कारण बारिश की भेंट चढ़ गया है। लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश में सारा अनाज भीग गया है, लेकिन रेलवे प्रशासन और एफसीआई गोदाम संचालकों ने इसे बचाना जरूरी नहीं समझा जिसके कारण गरीबों के थाली तक पहुंचने वाला यह बेशकीमती अनाज बर्बादी की भेंट चढ़ने की ओर अग्रसर हो गया है। राह चलते जिन जिन लोगों ने इतनी भारी मात्रा में अनाज बर्बाद होते हुए देखा सभी ने आक्रोश के साथ अपना दुख व्यक्त किया बताया गया कि यही अनाज को पीडीएस दुकानों तक पहुंचाया जाएगा और फिर डीलरी आम लोगों को देंगी। अगर यह अनाज आम लोग खाएंगे तो स्वाभाविक है कि तरह-तरह की बीमारियों के शिकार हो जाएंगे। स्थानीय समाजसेवी सुनील कुमार ने कहा कि रेल्वे कि इस लापरवाही से जो नुकसान हुआ है उसका जांच होना चाहिए।

## उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने आज कोहिनूर मैदान के पास स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण था। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, निर्वाचन शाखा से अरुण कुमार धारी, सागर भजोहरि, रजाक अंसारी, सजल आदि मौजूद थे।



## गिरिडीह : विभिन्न मांगों को लेकर न्यु समाहरणालय में भाजयुमो ने दिया धरना प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा एक दिवसीय धरना का कार्यक्रम गिरिडीह उपायुक्त कार्यालय के समक्ष की गई। इस धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत राय के द्वारा की गई । साथ ही मंच संचालन युवा मोर्चा के महामंत्री संभू शर्मा के द्वारा किया गया। इस धरना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्थानीय नीति, नियोजन नीति और सीटेट उत्तीर्ण झारखंड के मेधावी आदिवासी-मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देने की मांग और अपने चुनाव पूर्व किए गए। साथ ही वायदे हर घर में एक नौकरी सरकार बनते ही पहली वर्ष में पांच लाख नौकरी और जब तक नौकरी नहीं तब तक बैरोजगारी ऐसे झूठी घोषणा जो किया था इसे पूरा करो नही तो कुर्सी छोड़ दो को लेकर किया गया। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और भाजपा के नेता कार्यकर्ता पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने भी अपनी बातों को रखा मुख्य रूप से प्रदेश से चलकर आए हुए युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा कि यह सरकार युवा विरोधी है यह सरकार जब से सत्ता में आई है युवाओं को ठग रही है चुनाव के पूर्व लंबी-लंबी वादा करके सत्ता को प्राप्त कर लिया मगर सत्ता में बैठने के बाद सबसे ज्यादा अगर इस सरकार से कोई ठगा गया तो वह युवा ही हैं नौकरी देना तो दूर की बात ये युवा जो नौकरी कर रहे हैं उनकी नौकरी छीनने का कार्य कर रही हैं। साथ ही युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत राय ने कहा कि यह सरकार युवाओं को आपस में उलझा कर लडवाने का कार्य कर रही है एक तो सरकार नौकरी दे नहीं रही है ऊपर से शिक्षक बहाली निकाली भी है तो उसमें इस प्रकार के नियम को बना दिया गया है कि यहां के मूलवासी आदिवासी गरीब बच्चे जो किसी भी तरह से कर्ज लेकर या मेहनत करके क्रक्श्स्त्र पास कर लिए हैं मगर इस प्रकार से उलझा हुआ नियम बनाई है कि लाखों की संख्या में छात्र फॉर्म भरने से ही वंचित रह जाएंगे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन, लोगों को किया जा रहा जागरूक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा निर्देश के आलोक में 01 अगस्त से 07 अगस्त 2023 तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र से प्रभात रैली निकाली गई। रैली में सेविका व सहायिका व लाभुकों ने विश्व स्तनपान से संबंधित स्लोगन व नारे लिखे हुए तख्ती के साथ लोगों को जागरूक किया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में कई प्रकार के सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्तनपान दिवस के अवसर पर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं को स्तनपान से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## मुख्तार खान ने भागवत गीता भेंट कर उपायुक्त को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने धनबाद के नए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन को भागवत गीता एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही धनबाद में पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में उन्हें बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर धनबाद की कई जन समस्याओं से भी उपायुक्त को अवगत कराया गया। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या और बढ़ते आपराधिक गतिविधियों पर विशेष चर्चा हुई। मुख्तार खान ने आशा व्यक्त किया है की नव नियुक्त उपायुक्त के कार्यकाल मे धनबाद शहर विकास व उन्नति की शिखर को पहुंचेगा।

## रविन्द्र वर्मा ने उपायुक्त से की औपचारिक भेंट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविन्द्र वर्मा ने धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन से उनके कार्यालय में औपचारिक भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान रविन्द्र वर्मा ने धनबाद की जनसमस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। तथा साथ ही सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से उपकरणों की शिफ्टिंग के संबंध में भी वार्ता की। इन विषयों पर उपायुक्त वरुण रंजन ने धनबाद की समस्याओं के समाधान के लिए रविंद्र वर्मा को आश्वस्त किया।

## 4 ए पैच भौंरा दक्षिण कोलियरी, पूर्वी झरिया क्षेत्र के 500 मीटर क्षेत्रफल में तत्काल प्रभाव से निषेधाज्ञा जारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी ने 4 ए पैच भौंरा दक्षिण कोलियरी, पूर्वी झरिया क्षेत्र के 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी की है।

इस संबंध में उन्होंने कहा कि 4 ए पैच भौंरा दक्षिण कोलियरी, पूर्वी झरिया क्षेत्र में पूर्वी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक के पत्र के माध्यम से आंदोलन की सूचना प्राप्त है। उक्त क्षेत्र भू-धंसान एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। संभावित आंदोलन में भारी भीड़ होने की संभावना है। जिसके फलस्वरूप किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने तथा विधि व्यवस्था भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।


उक्त परिप्रेक्ष्य में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो तथा लोक परिशांति बनी रहे एवं आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने व विधि व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से उपरोक्त स्थल पर दं.प्र.सं. की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लगाया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

इस निषेधाज्ञा के जारी होने के बाद उक्त क्षेत्र में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों का आंदोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना, किसी प्रकार का धरना, रैली, सभा, प्रदर्शन, लाउडस्पीकर का उपयोग करना, हरवे हथियार एवं अग्नियास्त्र के साथ चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा।

यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पदाधिकारियों,पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बलों के आने वाले छोटे एवं बड़े वाहन पर लागू नहीं रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थान में आने जाने या अन्य व्यक्तियों के क्षेत्र से होकर अन्य कार्यों से आने जाने अथवा उक्त क्षेत्र से शव यात्रा, वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से जाने वाले लोगों पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसी प्रकार से यह प्रतिबंध सिक्खों के कृपाण धारण, नेपालियों के खुखरी धारण करने पर भी लागू नहीं होगा।

## मौलाना साद के हत्यारों को फांसी व परिजन को नौकरी व मुआवजे की मांग





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सीतामढ़ी के रहने वाले मौलाना साद के निर्मम हत्या में शामिल दंगाइयों को फांसी की सजा दी जाए।

साथ ही मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए।

उक्त बातें आई एन डी आई ए अल्पसंख्यक झारखंड के प्रोफेसर परवेज अख्तर ने कही।

उन्होने कहा की बिहार के सीतामढ़ी जिला के रहने वाले और हिंदू मुस्लिम एकता के बहुत ही शानदार नगमा पढ़ने वाले मौलाना साद की निर्मम हत्या की जितनी भर्त्सना की जाए वो कम है।

## कोयला माफिया बंटी नाम बदल कर कर रहा कोयले की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कुख्यात कोयला चोर बंटी महुदा और बाघमारा क्षेत्र में इन दिनों अपना साम्राज्य स्थापित कर रखा है। डंके की चोट पर कर रहा है कोयले का अवैध कारोबार। गौरतलब है की कोयला चोर बंटी इन दिनों धीरे धीरे अपना कार्य क्षेत्र बढ़ाते जा रहा है। जानकार बताते हैं कि जी टी रोड का खिलाड़ी बंटी पहले कतरास क्षेत्र तक ही सिमटा हुआ था। एक ऐसा भी दौर आया था जब बंटी का कोयला के अवैध कारोबार जगत से पैर उखड़ने की स्थिति हो गई थी। इसी बीच डूबते नैया को किसी मैडम और इंस्पेक्टर का सहारा मिल गया है। उसके बाद तो बंटी एक सिंडीकेट बना फिर से मैदान में कूद पड़ा है। इस बार बंटी पीछे की ओर मुड़कर नही देख रहा बल्कि अपने कार्य क्षेत्र का दायरा बढ़ाते हुए बाघमारा पुलिस अनुमंडल में शीर्ष स्थान पर पहुंच चुका है। वही लोगो का कहना है की बंटी ने सिर्फ चोला बदला है। अलग अलग क्षेत्र में अलग अलग खिलाड़ियों के संग सिंडीकेट बना लिया है। घाघ हो चुके बंटी ने कहीं भी खुद को सामने नही रखा है। महुदा के पदुगोड़ा, मथरायीडीह, जमडीहा और भुरूंगिया में बंटी सिंडीकेट में मिथुन, बिपिन, महथा और एक मुखिया पति शामिल हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## दस लाख की लेवी मांगने वाला दो अपराधी गिरफ्तार, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल खरकी कालाटोली किस्को के मुख्य गेट पर झारखंड प्रस्तुति कमेटी के सब जोनल कमांडर अभिमन्यु जी के नाम पर मोबाइल से 10 लाख की लेवी की मांग की गई थी जिसमें दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की 10.07.2023 को इस मामले में धारा 387/508 भाज़दज़विज़्एवं 17 सी एल ऐ के तहत मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के निर्देशन में कांड का उद्भेदन संलिप्त अपराधकर्मी के गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक लोहरदगा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लोहरदगा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कांड में संलिप्त दो अपराधी को तकनीकी शाखा के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया तथा अन्य सहयोगियों का भी नाम बताएं जिसकी गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम द्वारा अभियान जारी है। इस मामले में अभिमन्यु जी और कुंदन तिवारी उर्फ आशुतोष कुमार तिवारी उम्र 26 वर्ष पिता पुरुषोत्तम तिवारी ग्राम सिंदुरिया लहेलहे थाना सतबरवा जिला पलामू तथा दूसरा अभियुक्त मुबारक अंसारी उम्र 20 वर्ष पिता रबुल अंसारी सेमरडीह थाना किस्को जिला लोहरदगा को गिरफ्तार किया गया है,जिसके पास कांड में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन सिम के साथ तथा दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया है। इस छापेमारी दल में शामिल पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे जिसमें पॉलीकॉर्प टोप्पो थाना प्रभारी किस्को, अनंत मरांडी किस्को थाना, अविनाश कुमार सिंह किस्को थाना, सुकरा लोहरा किस्को थाना रिजर्व गार्ड, जिब्राइल बिलुंग किस्को थाना रिजर्व गार्ड, ललित उरांव तकनीकी शाखा, लोहरदगा नीरज कुमार मिश्र तकनीकी शाखा लोहरदगा,निर्मल मार्शल मिंज पुलिस अधीक्षक आवास लोहरदगा,तथा पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।



## अंचलाधिकारी ने राजस्व कर्मचारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अंचलकार्यलय स्थित अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्वकर्मचारियो के साथ बैठक आयोजित किया गया। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने राजस्वकर्मचारियो को निर्देश देते हुए कहा कि जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र निलंबित है। उसे जल्द पूर्ण करें तथा दाखिल खारिज का कार्य समय सीमा के अनुसार जमीन भूस्वामी को प्रमाण पत्र निर्गत करें और न्यायालय का शपथ पत्र लेकरआय प्रमाण पत्र निर्गत करे तथा साथ ही कहा कि अंचल क्षेत्र के अन्तर्गत गैरमजूरवा भूमि पर खता, प्लॉट दर्ज कर अतिक्रमण नही करने के लिये निर्देशित बोर्ड लगाये। मौके पर अंचल निरीक्षक चन्द्रप्रकाश महतो राजस्व कर्मचारी रामा महतो, बिनेश्वर भगत, सीताराम टाना भगत, विकास सोनी, रीना देवी सहित सभी उपस्थित थे।

## फेसबुक स्टोरी में भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने वाले को कैरो थाना ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ग्राम कैरो नयाटोली निवासी समीरूद्दीन अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र फैज आलम को कैरो थाना पुलिस ने फेसबुक स्टोरी मे भड़काउ आपतिजनक पोस्ट करने के आरोप मे गिरफ्तार कर बुधवार 02 अगस्त को जेल भेज दिया है। मामले पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव ने बताया कि कैरो थाना के कैरो नयाटोली ग्राम निवासी समीरुद्दिन अंसारी का 18 वर्षीय पुत्र फैज आलम अपने नाम से फैज-उल-आउद्दीन के नाम से फेसबुक स्टोरी मे विगत 29 जुलाई को लोहरदगा हनुमान मन्दिर के पास मुहर्रम जुलूस का बिडीयो के कैप्सन मे फेंक देंगें काटकर, आधा इधर-आधा उधर गाने मे तलवार लहराते हुए नाचते हुए फैज दिखाई दिया गया है, थाना प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक स्थान पर रिकोडेड भड़काऊ धार्मिक विडीओ को शोशल मिडिया मे पोस्ट से धार्मिक विवाद, साम्प्रदायिक सौहार्द, एवं लोक शांति भंग होने से इनकार नही किया जा सकता, जबकी इस समय देश के अन्य स्थानो पर इस प्रकार का धार्मिक विवाद चल रहा है। धर्म से संबंधित धार्मिक भावना को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से फैज ने फेसबुक स्टोरी पर पोस्ट किया था आपतिजनक बिडीयो। इस संबंध मे कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकान्त कुमार व एएसआई संजय कुमार राय ने अनुसंधान क्रम मे आरोपी फैज का मोबाईल भी जपत कर लिया है। मामले पर कैरो थाना मे कैरो थाना काण्ड संख्या 34/23 भा0द0वि0 की धारा 153 (ए), 295 (ए) के तहत आरोपी फैज को गिरफ्तार कर 02 अगस्त को जेल भेज दिया गया है।

## बीडीओ ने मुर्की तोड़ार पंचायत भवन का किया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मुर्की तोड़ार पंचायत भवन का निरीक्षण कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने मुर्की तोड़ार पंचायत भवन का निरीक्षण के क्रम में रोकड़ पंजी, योजना पंजी सहित विभिन्न योजनाओं का अभिलेख का जाँच कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपूर्ण योजना को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कर अभिलेख बन्द करने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया कमला देवी, पंचायत सचिव महिपाल उराँव सहित अन्य मौजूद थे।

## डीएवी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तृतीय वर्षगांठ पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीबीएसई द्वारा निर्देशित वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हम सभी जानते है कि ऑक्सीजन दुनिया के सभी जीवों के लिए बहुत जरूरी है, जबकि कार्बन-डाइऑक्साइड हमारे लिए हानिकारक है। और पेड़ ही सूर्य की रोशनी पर प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया करके हवा से खुद कार्बन-डाइऑक्साइड लेकर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। हमारे देश में वृक्षों का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व भी बहुत अधिक है। विवाहित महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती है। इसके अलावा पीपल के पेड़ को बोधी वृक्ष कहा जाता है, क्योंकि भगवान गौतम बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी वजह से हमारे साधु-संत भी पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर ही साधना करते है। आम के पेड़ की लकड़ी का प्रयोग हवन करने के लिए किया जाता है। भारत में पूजा-पाठ, विवाह, त्योहार या मुख्य अवसरों पर पेड़ो का बहुत उपयोग किया जाता है। इन सभी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति की सुंदरता व उपादेयता से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सीबीएसई द्वारा निर्देशित वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय संसद के सदस्यों, चारों सदनों के प्रतिनिधि विद्यार्थी तथा कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के कक्षा मॉनिटर विशेष रुप से सम्मिलित हुए। माननीय प्राचार्य महोदय ने बच्चों को पेड़ों के महत्व, उपादेयता व सौंदर्य से अवगत करवाते हुए बच्चों के हृदय में प्रकृति के प्रति प्रेम जागृत किया तथा सर्वप्रथम आम के वृक्ष को आरोपित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों द्वारा भी तरह-तरह के फलदायी व शोभावर्धक पौधों का आरोपण किया गया।




## डालसा ने पोक्सो एक्ट एवं डायन बिसाही को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल के दिशा निर्देश अनुसार आज दिनांक 3 अगस्त, 2023 को किस्को इंटर कॉलेज, किस्को में उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, एलएडीसीएस के अधिवक्ता इन्द्रानी कुजुर, पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव,पीएलबी सह छात्र उत्प्रेरक गौतम लेनीन,एवं जितेन्द्र राम उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किसको इंटर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच पोक्सो एक्ट, डायन बिसाही, चाइल्ड लाइन एवं डालसा के विभिन्न कार्यो के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड लाइन संबंधित 1098 नंबर कैसे काम करता है इसका बच्चों के बीच डेमो देकर प्रस्तुतीकरण किया गया। इंटर कॉलेज के बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य ओवैसी अब्दुल्ला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं के अनेकों प्रश्नों के उत्तर डालसा सचिव एवं उपस्थित अधिवक्ताओं ने दिया। उत्कृष्ट आए छात्राओं को डालसा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से 54 ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया गया है जिसमें गहन लीगल लिटरेसी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत हर सप्ताह लिगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



## अबकी बार फिर मोदी सरकार : मौलाना अशरफी



**किस्को-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सहसंयोजक सह ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड के मौलाना मो जियाउल हक अशरफी ने कहा है 85 प्रतिशत भारतवर्ष में भारतीय मूल के पसमांदा मुस्लिम समाज की खोजबीन देश आजाद होने के बाद से अब तक देश के इकलौता देश की आन बान शान पहला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं जो अब है हाशये से निकलकर पसमांदा समाज विकास के मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। संघ और संगठन द्वारा भाजपा में भी भाजपा पसमांदा मोर्चा का विस्तार हेतु कार्य सक्रिय है। दूसरी बात केंद्र सरकार में पसमांदा आयोग का भी गठन हो इस संदर्भ में एआईपीएमएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ साहब एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अधिकारी यूनुस साहब एवं पूरे पसमांदा टीम ने केंद्र सरकार से मांग किया था जिसे संज्ञान में ले लिया गया है। आगे मौलाना अशरफी ने कहा है झारखंड में कमोबेश तमाम राज्यों से ज्यादा पसमांदा हैं लिहाजा सरकार में 024 से पहले यदि भाजपा संघ और संगठन के विचारों के साथ पसमांदा समर्पित वफादार कार्यकर्ता की नुमाइंदगी मिली तो इसका असरो रसूख पूरे भारतवर्ष में देखने को मिलेगा और अबकी बार फिर मोदी सरकार बनेगी।

## बीईईओ ने की मासिक गुरुगोष्ठी की बैठक दिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 जुलाई गुरुवार को प्रखंड संसाधन केंद्र भवन कैरो मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहरा की अध्यक्षता मे मासिक गुरुगोष्ठी का किया गया आयोजन। उक्त गुरु गोष्ठी मे शिक्षको के बीच जवाहर नवोदय विद्यालय के फार्म व पम्प्लेट का वितरण करते हुए गुरु गोष्ठी मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहरा ने शिक्षको से कहा कि प्रयास कार्यक्रम का जुलाई महीने का हार्डकापी आप सभी शिक्षक प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। गुरु गोष्ठी बैठक मे नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, जन्म प्रमाण पत्र का सर्वे सुचि प्रतिवेदन जमा करने, ई विद्या वाहिनी मे 22-23 मे 100त्न बच्चो का इन्ट्रि करने,नए नामांकित बच्चो की सुचि जमा करने,पाठय पुस्तक वितरण सुचि जमा करने इत्यादि अन्यान्य विन्दुओं पर शिक्षको को बीईईओ ने निर्देश दिया। आज के उक्त गुरु गोष्ठी बैठक मे बीपीओ ओमप्रकाश रंजन प्रभारी प्रधानाचार्य ताजमोहम्मद, अम्रेन्द्र कुमार, देवनन्दन नायक, शिव कुमार, समशाद आलम, अणिमा देवी, परदेशी उराँव, इत्यादि शिक्षक गुरुगोष्ठी मे उपस्थित थे।




## प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज गुरुवार को प्रखण्ड कैरो में मनरेगा अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से पवन महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कैरो, सुनीता नीलमणि मिंज, सहायक तकनीकी पदाधिकारी डीआरडीए, रघुनाथ मुण्डा, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) कैरो, विनीता तिर्की, बीपीएम जेएसएलपीएस, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी ग्राम के बागवानी सखी/ मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में सहायक तकनीकी पदाधिकारी डीआरडीए के द्वारा बागवानी योजना के क्रियान्वयन एवं प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## विधायक ने सत्र के माध्यम से तेजस्विनी परियोजना की अवधि विस्तार कराने की रखी मांग



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक भूषण बाड़ा ने तेजस्विनी परियोजना की अवधि का विस्तार कराने की मांग विधानसभा के मानसून सत्र में की है। विधायक ने कहा है कि राज्य के 14 से 24 वर्ष की किशोरियों का आर्थिक सशक्तिकरण हेतु कैशल प्रशिक्षण एवं माध्यमिक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु 17 जिलों में तेजस्विनी परियोजना संचालित है। जिसके तहत किशोरियों के उत्थान एवं विकास के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जाता है। जिससे जुड़कर किशोरियां भी सशक्त हो रही हैं। लेकिन निदेशक महिला बाल विकास विभाग के पत्रांक 218, दिनांक 06-04- 2023 के पत्र के आलोक में तेजस्विनी परियोजना को बंद करने का निर्देश प्राप्त है। इस योजना के बन्द होने से 1089063 लाभार्थी वर्णित प्रशिक्षण एवं शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाएंगी। तथा परियोजना के 10039 कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे। विधायक ने कहा है कि किशोरियों के उत्थान व विकास को ध्यान में रखते हुए परियोजना की अवधि विस्तार कराने की मांग की छाप।

## आदिवासियों को कमजोर ना समझे हेमंत सरकार : मनीर उरांव

## भाजयुमो ने झारखंड सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सजल कुमार के अध्यक्षता में स्थानीय नीति,नियोजन नीति और सीटीईटी झारखंड के मेधावी आदिवासी-मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देने की मांग को लेकर भाजयुमो लोहरदगा ने झारखंड सरकार की नीतियों के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड सरकार की गैर जिम्मेदाराना रवैया है झारखंड सरकार लगातार युवाओं के साथ धोखा करती आ रही है सरकार में आने से पूर्व हेमंत सोरेन ने 500000 नौकरी का वादा किया था पर सरकार में आते अपने वादे के खिलाफ काम कर रही है आज तक या सरकारी का स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति तक नहीं बना पाई है। जिसको विरोध में आज यह कार्यक्रम आयोजित की गई है जो सदन से लेकर सड़क तक की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, जिला के महामंत्री राजकुमार वर्मा, समेला भगत, निधि कांत, अजय पंकज, राकेश प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, कमलेश कुशवाहा, सरजू साहू, श्याम वर्मा, पप्पू पहलवान, तुलसी आदि उपस्थित थे।

## 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, बरडेगा के किसान का गिरा घर

➲झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का पहुंचकर तत्काल दिया सहायता राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बंगाल की खाड़ी में उठे साइक्लोन की वजह से लगातार सिमडेगा में 24 घंटे से अधिक मूसलाधार बारिश हो रही है जिससे कि जनजीवन प्रभावित है इधर बारिश की वजह से काफी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इधर बांसजोर प्रखंड के बरडेगा गांव के किसान इलयाजर डुंगडुंग का मकान बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण अब होने रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है मामले की जानकारी झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एकता को प्राप्त हुई उन्होंने बारिश की परवाह किए बिना झमाझम बारिश के बीच पीड़ित किसान के घर पहुंचे जहां पर उन्होंने तत्काल सहायता राशि देते हुए मकान को दुरुस्त करने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन से बात करते हुए जल्दी प्रधानमंत्री आवास दिलाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर पंचायत के मुखिया लेतारेन लकड़ा उपस्थित रहे। यहां पर मुखिया से भी संदेश एक्का ने इलयाजर एक्का को हर संभव मदद देने की बात कही। इधर मदद पाकर पीड़ित किसान ने उनका आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रखड प्रभारी बेलास एकका जिला उपाध्यक्ष अनिल कुल्लू, रसाल खलखो आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस निरीक्षक सीएम हांसदा की पत्नी के निधन पर किया शोक प्रकट

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस निरीक्षक लोहरदगा चंद्रमोहन हांसदा की धर्म पत्नी का देहांत हो गया। कुछ दिन से तबीयत खराब चल रहा था। हांसदा सर का भी तबीयत ज्यादा खराब है वह भी रिम्स में हैं। उनके निधन पर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों,जवानों ने दुख व्यक्त किया है। लोहरदगा जिला पुलिस कप्तान आर राम कुमार ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पुलिस परिवार हमेशा उनके परिवार के साथ है। हमारे पुलिस टीम तत्पर हैं और रहेंगे। दुख व्यक्त करने वालो में किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार,लोहरदगा थाना प्रभारी अनिल उरांव, कैरो थाना प्रभारी शंख नाथ उंराव,सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार, कुरु थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, बगडु थाना प्रभारी पंकज शर्मा, कैरो थाना के एसआई ऋषि कांत शर्मा, संतोष कुमार यादव, पेशरार थाना प्रभारी अली अख्तर, एएसआई संजय राय, एस आई हरि औध करमाली समस्त लोहरदगा जिला पुलिस के जवान शामिल हैं।

## अतिवृष्टि से केरसई प्रखंड के बिहाबाइल में एक घर धंसा



**केरसई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरसई प्रखंड अंतर्गत टेंसर पश्चिमी पंचायत के बिहाबाइल में प्रमोन बघवार का घर अतिवृष्टि से ध्वस्त हो गया। प्रवीण बघवार ने बताया कि अब एक मात्र छोटा सा रूम बचा है जिसमे 6 परिवार के लोग किसी तरह रह रहे हैं तीन रूम बारिश से पूरी तरह जमींदोज हो चुकी है। प्रवीण बघवार ने प्रशासन से आग्रह किया है कि उसे एक घर दिया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

## चलते चलते एक नजर

### सदन में अनंत ओझा ने 849061 किसानों के लंबित भूमि सत्यापन का मामला उठाया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को विधायक अनंत ओझा ने झारखंड में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को लेकर भूमि सत्यापन के लंबित मामलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि करीब नौ लाख किसानों के भूमि सत्यापन का मामला लंबित है, जिसके कारण उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। सिर्फ साहिबगंज जिले में 34219 किसानों की लैंड रिकॉर्ड वेरिफिकेशन का सत्यापन लंबित है। इसपर सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के कुल 849061 किसानों की भूमि अभिलेख का सत्यापन लंबित है जबकि साहिबगंज जिला में कुल 34219 किसानों की भूमि के डॉक्यूमेंट का सत्यापन नहीं हुआ है।

### ब्रिक्स के विस्तार को लेकर असहमति की खबरें निराधारः भारत




**नई दिल्ली :** विदेश मंत्रालय में उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है कि जिसमें कहा है कि भारत ब्रिक्स संगठन के विस्तार को लेकर कुछ असहमति रखता है। उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें बेबुनियाद हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में ब्रिक्स के विस्तार के बारे में भारत के पक्ष को दोहराते हुए कहा कि इसके लिए हम दिशा निर्देशक सिद्धांतों, मानकों और अर्हताओं तथा प्रक्रिया के बारे में विचार-विमर्श और मतैक्य के आधार पर फैसला किए जाने के पक्ष में है। प्रवक्ता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान का हवाला दिया कि ब्रिक्स के विस्तार के संबंध में भारत खुले मन और सकारात्मक सोच रखता है। दक्षिण अफ्रीका से जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाली ब्रिक्स शिखरवार्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्यक्ष भाग न लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिरकत करने संबंधी खबरों को प्रवक्ता ने अटकलबाजी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की उच्चस्तरीय यात्रा के संबंध में यथा अवसर जानकारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी मीडिया में इस आशय के समाचार प्रकाशित हुए थे कि भारत ब्रिक्स संगठन के विस्तार पर असहमति रखता है। इन खबरों में यह भी कहा गया था कि प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग जाने की बजाए शिखरवार्ता में वीडियो लिंक के जरिए शिरकत करेंगे। ब्रिक्स संगठन में भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है। दुनिया के अनेक देशों ने ब्रिक्स संगठन में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। पिछले दिनों ब्रिक्स विदेश मंत्रियों ने नए सदस्यों को शामिल किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश और अर्हताएं तय की हैं जिन्हें शिखरवार्ता के दौरान शीर्ष नेताओं के सामने रखा जाएगा। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वीडियो लिंक के जरिए शिखरवार्ता में भाग लेंगे। उनकी ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव जोहन्सबर्ग जा रहे हैं।

# पलामू में अब जेएसएलपीएस को मिलेगी गति, डीसी ने दिया आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के नवपदस्थापित डीसी शशि रंजन पलामू में सुखाड़ की संभावना को देखते हुए जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं को गति देने में लग गए। इसे लेकर उन्होंने समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, पशुपालन, जोहार परियोजना, दीदीबाड़ी, बंधन विकास केंद्र, डीडीयू-जेकेवाई जैसे कई योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं में शिथिलता को देखते हुए असंतोष प्रकट की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं। इसके लिए पूरी लगन के साथ कार्य करें अन्यथा लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोहार परियोजना में बने एफपीसी को धान खरीद बिक्री जैसे अन्य कार्य में शामिल करने, बिरसा हरित ग्राम योजना, बंधन विकास कार्यक्रम, जॉब एंड स्किल में प्रगति लाने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही उन्होंने सुखाड़ को देखते हुए सभी



* खूंटी के तर्ज पर पलामू में भी जेएसएलपीएस को नई पहचान दिलाने में जुटे डीसी शशि रंजन


प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधको को निदेशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रो में आजीविका की गतिविधियों को बढ़ाएं। बता दें कि पलामू में सुखाड़ की स्थिति दिख रही है। ऐसी स्थिति में डीसी ने आजीविका को ध्यान में रखते हुए जेएसएलपीएस को सक्रिय करने में लग गए हैं। गौरतलब है कि खूंटी में बतौर डीसी शशिरंजन ने जेएसएलपीएस को ऐसी गति दी थी, जिसकी चर्चा देश भर में हुआ था। जेएसएलपीएस के कार्यों की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रशंसा की थी।

इधर शशि रंजन के पलामू में योगदान देने के बाद बारिश भी शुरू हो गया है। हालांकि इतना कम बारिश किसानों के हित में नहीं है लेकिन कुछ फायदा तो जरूर होगा।

### लापता बैंक कर्मी संतोष कुमार का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं

**रांची :** बैंक कर्मी संतोष कुमार के लापता होने के तीन दिन बाद भी सुराग नहीं मिल पाया है। इस मामले को लेकर बैंक कर्मी संतोष कुमार की पत्नी मनीषा भारद्वाज ने बुधवार को लालपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि इनके पति बीते 31 जुलाई को लालपुर स्थित अपने बैंक से दिन के करीब तीन बजे निकले थे। उस समय उन्होंने कॉल करके कहा कि ऑफिस के काम से ओरमांझी जा रहे हैं। मेरे मोबाइल का बैटरी डाउन है, इस वजह से मोबाइल ऑफ हो सकता है। इसके बाद से मेरे पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है और ना ही वह अभी तक घर आए हैं। उन्होंने कहा है कि संतोष कुमार का मोबाइल भी बंद आ रहा है।

## बिनु प्रसाद गुप्ता नहीं रहे, अरुणा शंकर-आनंद शंकर ने जताया शोक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रांची में मेदनीनगर मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता के बड़े भाई बीनू प्रसाद गुप्ता का मेदांता हॉस्पिटल में गुरुवार 10 बजे दिन को अकस्मात मृत्यु हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। परिवार ने इनका अंतिम संस्कार बेलवाटीका श्मशान घाट में शुक्रवार की सुबह 7 बजे करने का निर्णय लिया है। इस खबर के मिलते ही काफी लोग सुनील गुप्ता के आवास पर पहुंचकर अपने सहानुभूति प्रकट कर रहे हैं। इस दुख की घड़ी में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि वीनू प्रसाद गुप्ता काफी मृदुभाषी, मिलनसार तथा सामाजिक व्यक्ति थे। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भी गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बीनू प्रसाद गुप्ता के असामयिक निधन से उन्हे गहरा आघात लगा है। वे समाज के एक नेक इंसान थे। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे, मैं यही कामना करता हूं। चेंबर उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, राजदेव उपाध्याय, रंजीत मिश्रा, राकेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, अरविंद अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, निगम के कई कर्मी, शहर के व्यवसाई स वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, रितेश प्रसाद,आलोक माथुर, निलेश चंद्रा, सुबोध गुप्ता, फिरोजउद्दीन अंसारी तथा काफी संख्या में लोग अपनी संवेदना प्रकट कर रहे हैं।

## सांसद वीडी राम ने कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने की मांग संसद में उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में सम्मिलित करने हेतु एक अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि कसौधन जाति एकीकृत बिहार राज्य में एवं झारखण्ड अलग राज्य बनने के बाद भी राज्य की ओबीसी की सूची में शामिल है परंतु केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल नही है।

विदित है कि उक्त जाति समाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत पिछड़ी हुयी है। कसौधन जाति के लोग पलामू संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ झारखण्ड के अन्य जिलों में बड़ी संख्या में निवास करते है तथा उनकी काफी दिनों से मांग रही है कि केन्द्रीय ओबीसी की सूची में उन्हें



सम्मिलित किया जाय।

उक्त संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के सचिव श्रीमती वन्दना डाडेल को समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सचिव को पत्र लिखकर अन्य जातियों के साथ-साथ कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने हेतु भेजा गया हैं। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के द्वारा भेजे गए उक्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में सम्मिलित करने की कृपा की जाय।

# ज्ञानवापी मामले में हाई कोर्ट का आदेश, जारी रहेगा एएसआई का सर्वे

एजेंसी

**इलाहाबाद :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के एएसआई का सर्वे को लेकर गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सर्वे को हरी झंडी दे दी है। दरअसल, 21 जुलाई को वाराणसी जिला जज ने ज्ञानवापी के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सर्वे का आदेश दिया था। इस पर मुस्लिम पक्ष ने पहले सुप्रीम कोर्ट फिर हाईकोर्ट में सर्वे के फैसले को चुनौती दी। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की इस याचिका को खारिज कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि न्यायहित में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे



लागू करने की जरूरत है।पिछले दिनों वाराणसी जिला जज एके विश्वेश ने मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वे कराने का आदेश जारी किया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को चार अगस्त तक सर्वे की रिपोर्ट वाराणसी कोर्ट को सौंपनी थी। जिला अदालत के आदेश के बाद एएसआई की टीम सोमवार को ज्ञानवापी परिसर का सर्वे करने पहुंची थी। लेकिन मुस्लिम पक्ष ने सर्वे का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई सर्वे पर दो दिन के लिए रोक लगाते हुए मस्जिद कमेटी को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने के लिए कहा था। इसके बाद मुस्लिम पक्ष हाईकोर्ट पहुंचा। अब सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट में दलील देते हुए मुस्लिम पक्ष के वकील एसएफए नकवी ने असमायिक अदालती आदेश के जरिये ज्ञानवापी के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञानवापी के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचनें की आशंका जताई थी। उन्होंने यह भी कहा था कि अयोध्या के बाबरी मामले का दंश देश ने झेला है। सिविल वाद में पोषणीयता का बिंदु तय किये बिना जल्दबाजी में सर्वेक्षण और खोदाई का फैसला घातक हो सकता है। हालांकि एएसआई ने मुस्लिम पक्ष की दलील को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि सर्वेक्षण के लिए अपनाई जाने वाली तकनीक से ज्ञानवापी की मूल संरचना को खरोंच तक नहीं आयेगी। जबकि, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन और सौरभ तिवारी का कहना था कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण के जरिए वो ज्ञानवापी की सच्चाई सामने लाना चाहते है। सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद रहे प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने कहा था कि याचिका में राज्य सरकार पक्षकार तो नहीं हैं, लेकिन सर्वेक्षण होने की दशा में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने को राज्य सरकार तैयार है।

### अब दुश्मन के विमानों को नष्ट करने के बाद ही दम लेगी आकाश-एनजी मिसाइल

**नई दिल्ली:** भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने आकाश एनजी मिसाइल प्रणाली का पहला रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर (आरएफ सीकर) डीआरडीओ को सौंप दिया। इसके साथ ही बीडीएल आरएफ सीकर उत्पादन की क्षमता वाली वैश्विक कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गया है। यह रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश एनजी को सफलतापूर्वक किसी भी दुश्मन के विमान पर तब तक लॉक कर सकता है, जब तक वह नष्ट न हो जाए। डीआरडीओ ने 21 जुलाई को बिना रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया था, लेकिन 23 जुलाई को ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किये गए परीक्षण में स्वदेशी रूप से विकसित आरएफ सीकर लगाया गया था।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू हो : मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** देश को शर्मसार करने वाला मणिपुर के घटना है, विगत 4 महीनों से जातीय हिंसा में मणिपुर जल रहा है। जिसमें मणिपुर के वीरेंद्र सरकार विफल है। इसके बावजूद केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है, महामहिम द्रोपति मुर्मू से निवेदन है कि स्वयं संज्ञान में लेकर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करें। यह बातें हजारीबाग विधानसभा महागठबंधन के उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। उन्होंने कहा कि मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उसके शरीर को नोच खरोच कर शर्मसार किया जा रहा है।

जिससे विश्व में भारत की छवि धूमिल हो रही है यह चिंता का विषय है ,न्यायालय दोषियों को फास्ट्रेक कोर्ट के द्वारा तत्काल फांसी की सजा दिया जाए। जातीय हिंसा



के कारण सैकड़ों नागरिक को जान गंवानी पड़ी है हजारों की संख्या में लोग राहत शिविरों में जी रहे हैं इसके बावजूद केंद्र सरकार दृष्ट राष्ट्र बनी बनी हुई है मणिपुर हिंसा रोकने में नाकाम वीरेंद्र सरकार को अविलंब बर्खास्त किया जाए तत्पश्चात राष्ट्रपति शासन लागू कर कानून व्यवस्था बहाल किया जाए। राहत शिविरों में रह रहे नागरिकों को पुनर्वास की व्यवस्था किया जाए, मणिपुर हिंसा में मृत आम नागरिकों को न्याय दिया जाए तथा मृत नागरिकों के परिजनों को 20- 20 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। मणिपुर राज्य में बलात्कार हिंसा की शिकार महिलाओं को एसटी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## पहली बार ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में होगा क्वाड देशों का नौसैन्य मालाबार अभ्यास



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सह्याद्रि पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) पहुंच गए हैं। दोनों जहाज 11-22 अगस्त तक पहली बार ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में होने वाले मालाबार अभ्यास में भाग लेने के लिए क्वाड नौसेना में शामिल होंगे। इस समुद्री जटिल अभ्यास में हिंद-प्रशांत पर चर्चा करने वाले क्वाड नौसेनाओं के शीर्ष कमांडरों के साथ समुद्र और बंदरगाह दोनों चरण शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि पूर्वी आईओआर में तैनात जहाज सह्याद्री और कोलकाता पापुआ न्यू गिनी के साथ समुद्री साझेदारी और सहयोग बढ़ाने के लिए 02 अगस्त,2023 को पोर्ट मोरेस्बी पहुंचे। पोर्ट कॉल के दौरान दोनों जहाजों के चालक दल पीएनजी रक्षा बलों के कर्मियों के साथ पेशेवर बातचीत, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, योग सत्र और जहाजों के दौरे सहित कई गतिविधियों में शामिल होंगे। पोर्ट कॉल का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में भारत और पापुआ न्यू गिनी के बीच संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस सह्याद्रि स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोजेक्ट-17 क्लास मल्टीरोल स्टील्थ फ्रिगेट्स का तीसरा जहाज है और इसकी कमान कैप्टन राजन कपूर के पास है। आईएनएस कोलकाता स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोजेक्ट-15 ए श्रेणी के विध्वंसक जहाज का पहला जहाज है और इसकी कमान कैप्टन शरद सिंसुनवाल के पास है। दोनों जहाज मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई में बनाए गए हैं और आधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस हैं। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन को बेशक रद्द कर दिया गया है लेकिन अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान की शक्तिशाली नौसेनाएं इस साल 11 से 22 अगस्त तक देश के नीचे के पूर्वी तट पर उन्नत मालाबार अभ्यास में भाग लेंगी, जिसमें समुद्री प्रतिरोध का अभ्यास किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पहली बार मालाबार नौसेना अभ्यास की मेजबानी कर रहा है। इस समुद्री जटिल अभ्यास में हिंद-प्रशांत पर चर्चा करने वाले क्वाड नौसेनाओं के शीर्ष कमांडरों के साथ समुद्र और बंदरगाह दोनों चरण शामिल होंगे।

### राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 16 अगस्त से जनता के लिए खुलेगा

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति भवन में स्थित 'अमृत उद्यान' 16 अगस्त से एक महीने तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उद्यान उत्सव-द्वद्व के तहत 'अमृत उद्यान' 16 अगस्त से एक महीने (सोमवार को छोड़कर) के लिए जनता के लिए खुला रहेगा। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने के लिए यह विशेष रूप से शिक्षकों के लिए खुलेगा। उद्यान उत्सव-का उद्देश्य आगंतुकों को ग्रीष्मकालीन वार्षिक फूलों का प्रदर्शन करना है। पर्यटक सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक (अंतिम प्रवेश सांय 4 बजे) बगीचों का दौरा कर सकते हैं। प्रवेश नॉर्थ एवेन्यू के पास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। 7 अगस्त, 2023 से राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट (https://visit.rashtrapatibhavan.gov.in/) पर ऑनलाइन की जा सकती है।

## धर्मेंद्र प्रधान और एस. जयशंकर ने संयुक्त रूप से स्टडी इन इंडिया पोर्टल किया लॉन्च

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत को शिक्षा के वैश्विक केंद्र के रूप में फिर से स्थापित करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने संयुक्त रूप से गुरुवार को नई दिल्ली में स्टडी इन इंडिया (एसआईआई) पोर्टल लॉन्च किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एसआईआई पोर्टल एक वन-स्टॉप मंच है, जो भारत में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की शैक्षणिक यात्रा को सरल बनाएगा। उन्होंने कहा कि एनईपी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) द्वारा निर्देशित, एसआईआई पोर्टल भारत को एक पसंदीदा शिक्षा गंतव्य बनाने के साथ-साथ समृद्ध भविष्य को आकार देने के लिए शैक्षणिक सीमाओं को धुंधला करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा को भू-



राजनीतिक सीमाओं से परे बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के साथ, स्टडी इन इंडिया पोर्टल भारत को दुनिया भर के छात्रों के बीच उच्च शिक्षा के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम बनने जा रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ एस. जयशंकर ने कहा कि यह पोर्टल विविध पृष्ठभूमि के छात्रों का स्वागत करके भारत को शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह शिक्षा क्षेत्र में ब्रांड %इंडिया% की एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि पंजीकरण से लेकर वीजा अनुमोदन और वांछित पाठ्यक्रमों या संस्थानों का चयन करने तक, पोर्टल भारत में अध्ययन करने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों की पूरी यात्रा को आसान बनाएगा। मंत्री ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों की उपस्थिति से घरेलू छात्रों को भी वैश्वीकरण की दुनिया से अधिक निकटता से जुड़ने और वैश्विक कार्यस्थल के लिए बेहतर तरीके से तैयार होने में लाभ होगा। उन्होंने बताया कि कैसे एनईपी-2020 के कार्यान्वयन से भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रवेश और हमारे प्रमुख संस्थानों के अंतरराष्ट्रीय परिसरों के खुलने की शुरुआत हो चुकी है।

स्टडी इन इंडिया पोर्टल एक समर्पित वेबसाइट है जो भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करेगी। वेबसाइट स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), डॉक्टरेट स्तर के कार्यक्रमों के साथ-साथ योग, आयुर्वेद, शास्त्रीय कला आदि जैसे भारतीय ज्ञान प्रणाली के पाठ्यक्रमों को कवर करने वाले शैक्षणिक कार्यक्रमों का वर्णन करेगी, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। वेबसाइट-पोर्टल शैक्षणिक सुविधाओं, अनुसंधान सहायता और संबंधित जानकारी के बारे में जानकारी प्रस्तुत करेगा।